वैशाख शुक्ल पक्ष 01
संवत 2082
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
28 अप्रैल 2025
वर्ष-31, अंक-191
पृष्ठ-12

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर








झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मैड्रिड में आईएफईएमए पुनर्निर्माण प्रदर्शनी देखने गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान निर्माण और शहरी विकास क्षेत्रों में अग्रणी नवाचारों पर सक्रिय रूप से ध्यान केंद्रित किया। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आईएफईएमए एक प्रमुख प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र है। वहीं, आईएफईएमए पुनर्निर्माण प्रदर्शनी एक वार्षिक व्यापार शो है, जो भवन निर्माण उद्योग के लिए नवीनतम तकनीकों और नवाचारों को प्रदर्शित करता है।

## आग लगने से पांच घरों का लाखों की संपत्ति जलकर खाक

● झुलस कर चार पशुओं ने तोड़ा दम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत के हेमजा गांव में शनिवार की रात 11.39 बजे आई तेज हवा और तूफान से चूल्हा में बची आग की चिंगारी ने पांच घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों के अनुसार आग की लपटे इतनी तेज थी कि राजेन्द्र राम के घर के बाहर बंधे चार मवेशियों की झुलसने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। एक अन्य मवेशी गंभीर रुप से घायल है। सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया नाजमा खातून व सामाजिक कार्यकर्ता नावाजिश खान सहयोगियों के साथ मध्य रात ही घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने दमकल सहित पुलिस प्रशासन को तत्काल सूचना दी। दमकल ढाई घंटे बाद आने तक ग्रामीणों की संपति स्वाहा हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन रविवार की सुबह आठ बजे तक किसी भी अधिकारी ने घटना स्थल पर जायजा नहीं लेने की सूचना से ग्रामीणों में नाराजगी है। इस घटना में राजेन्द्र राम के अलावा महेश राम, रमेश राम आदि के घर प्रभावित हुआ है। मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने भी स्थानीय बीडीओ व सीओ को इसकी जानकारी देकर प्रभावित परिवारों को अविलंब राहत देने का आग्रह किया है। सीओ संतोष कुमार ने अपने कर्मियों के साथ घटना का जायजा लेने के बाद कहा कि इनके राहत कार्य के लिये विभागीय प्रकिया शुरू कर दी गई है। इस भयावह घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा का माहौल है। ग्रामीणों की मदद से तत्काल आग पर काबू पाने के बाद अन्य घरों को इसकी जद में आने से बचाया जा सका है। प्रभावित परिजनों ने बताया कि इस घटना में पांचों घरों को मिलकर कुल पांच लाख रुपये की संपति का नुकसान हुआ है। दुःखद बात तो यह है कि उनके घरों व आस शेष पेज 11 पर

### जेएसएलपीएस से बेंगलुरु में आयोजित एलुमनी समारोह में बोलीं दीपिका पांडेय सिंह

## झारखंड के युवा बना सकते हैं अपनी एक अलग पहचान

■ 'स्किल आइकॉन' एवं प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों को किया गया सम्मानित




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/बेंगलुरु (कर्नाटक)।** ग्रामीण विकास मंत्री, दीपिका पांडेय सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में कहा कि झारखंड के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर और उचित मार्गदर्शन मिले, तो वे देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। हम सभी को आप पर गर्व है। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह न केवल आपके कौशल विकास में सहयोग करे, बल्कि आपकी सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने में भी हर संभव मदद करे। दीपिका पांडेय सिंह झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बेंगलुरु में आयोजित डीडीयू-जेकेवाई के अंतर्गत प्लेस्ड अभ्यर्थियों के लिए एक एलुमनी मिलन समारोह-2025 को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में डीडीयू-जीकेवाई पर आधारित विशेष पुस्तक 'कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर' का विमोचन किया गया।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के युवाओं की कौशल विकास और उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ है, चाहे वे झारखंड में हों, या देश के किसी अन्य हिस्से में। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने जेएसएलपीएस द्वारा डीडीयू-जेकेवाई योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि इस फ्लैगशिप कार्यक्रम ने झारखंड के हजारों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। मंत्री ने विशेष रूप से बेंगलुरु में जेएसएलपीएस द्वारा स्थापित माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर का उल्लेख किया, जो झारखंड के बाहर कार्यरत युवाओं को सहयोग प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 850 प्लेस्ड अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जो विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल रहा, जिसमें युवा प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुति जैसी गतिविधियों ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कई अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे डीडीयू-जेकेवाई परियोजना ने उनके जीवन में नया मोड़ लाया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण, नौकरी शेष पेज 11 पर

### सीएम सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार हर युवा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल और संवेदनशील नेतृत्व में झारखंड सरकार अपने हर युवा विशेषकर महिलाओं को कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जेएसएलपीएस द्वारा अबतक 85 हजार से ज्यादा युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही, इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न भागों में कार्यरत झारखंड के युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकें, एक-दूसरे से संवाद कर सकें और अपने विकास की यात्रा का उत्सव मना सकें।

### चार टुकड़ों में बंट जाएगा पाकिस्तान

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को दावा किया कि वर्ष 2025 में पाकिस्तान चार टुकड़ों में बंट जाएगा। इसी के साथ पाकिस्तान का नामोनिशान मिट जाएगा। देवघर जिले में महेशमारा रेलवे हॉल्ट स्टेशन के शिलान्यास के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में निशिकांत दुबे ने कहा कि इसी वर्ष पाकिस्तान चार टुकड़ों में बंट जाएगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से अपने संबोधन में आतंकियों को मिट्टी में मिलाने की जो बात कही है, उसका संदेश दूरगामी है। भाजपा सांसद ने कहा, पाकिस्तान ने कश्मीर का हमारा जो हिस्सा लिया है, उसे तो हम वापस लेंगे ही। इसके अलावा, पाकिस्तान को खंडित कर बलूचिस्तान, पख्तूनिस्तान और पंजाब नामक अलग-अलग देश बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह कर दिखाएंगे। यह शेष पेज 11 पर

### कांडी व मझिआंव की दवा दुकानों में औचक छापेमारी

## एसडीएम ने अनाधिकृत रूप से संचालित दो मेडिकल स्टोर किए सील



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर व पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से पूरे जिले के केमिस्ट के साथ हुई बैठक के बाद अवैध दवा कारोबार की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को मिले निर्देश के आलोक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को कांडी व मझिआंव क्षेत्र में पांच दवा दुकानों की औचक छापेमारी की। निरीक्षण के क्रम में कांडी, मझिआंव में क्रमशः एक-एक मेडिकल स्टोर अनाधिकृत तौर से संचालित पाए गए। उन्हें मौके पर ही इस शर्त साथ सील करवा दिया गया कि ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा अग्रेतर करवाई होने तक उसे किसी कीमत पर नहीं खोला जाएगा। सदर एसडीओ ने इन दोनों दवा दुकानों के अनाधिकृत संचालित पाये जाने के संबंध में मौके से ही ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा को निर्देश दोनों दवा दुकान संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि अनधिकृत रूप से चल रहे दवा दुकानों की संख्या दो से कहीं अधिक भी हो सकती थी, किंतु छापेमारी की भनक लगते ही दोनों ही जगह के ज्यादातर दवा दुकानदार अपना मेडिकल स्टोर बंद करके भाग निकले। उन्होंने बताया कि कांडी मेन रोड में संचालित दवा दुकान भास्कर ड्रग स्टोर में औचक छापेमारी के दौरान संस्थान के मालिक रत्नेश गुप्ता पिता से जब लाइसेंस दिखाने की मांग की गई तो उन्होंने जो लाइसेंस प्रस्तुत किया वह शेष पेज 11 पर

### सड़क निर्माण में लगा हाइड्रा ने मजदूर को कुचला, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर रविवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भरनो प्रखंड चौक के पास सड़क निर्माण कार्य में लगी हाइड्रा ने एक मजदूर को कुचल देने वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसा सूर्या अस्पताल के समीप की है। जानकारी के अनुसार नवाटोली निवासी 55 वर्षीय मजदूर रुद्धवा महली सड़क पार कर रहे थे। इस दौरान हाइड्रा ने उन्हें कुचल दिया। चक्का काफी देर तक रुद्धवा महली के ऊपर चढ़ा रहा। दुर्घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए हाइड्रा को पीछे धकेल कर घायल मजदूर को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रिम्स रांची रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि उनकी जान बचने की उम्मीद बेहद कम है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। हाइड्रा चालक की लापरवाही को लेकर जमकर नारेबाजी की। आक्रोश को देखते हुए आरकेडी कंपनी के प्रतिनिधियों ने घायल मजदूर को इलाज के लिए तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई। शाम सात बजे तक एक तरफ का यातायात बाधित रहा। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटाया।

### नाइजर में गिरिडीह के पांच प्रवासी मजदूरों का अपहरण



**रांची।** पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के पांच प्रवासी मजदूरों को अगवा कर लिया गया है। इनमें गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोंदलो पंचायत के चार और मुंडरो पंचायत का एक मजदूर शामिल हैं। यह जानकारी मिलने पर स्पेन और स्वीडन के दौरे पर गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के अधिकारियों को मजदूरों की रिहाई के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। जिन मजदूरों का अपहरण किया गया है, उनमें बगोदर प्रखंड की दोंदलो पंचायत के संजय महतो, फलजित महतो, राजू महतो एवं चंद्रिका महतो तथा मुंडरो पंचायत के उत्तम महतो शामिल हैं। यह घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी शेष पेज 11 पर

इंडिया

## भाड़े पर देशविरोधी दुष्प्रचार करने वाले और धैर्य खोते समाज में बढ़ती बेचैनी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

समाज की गलाकाट प्रतिस्पर्धा,धन, शारीरिक सुख,नौकरी और राजनीतिक शक्ति हड़पने के लिए सारी हदें पार करते लोगों की कलियुगी कहानियों से सोशल मीडिया भरी है और इसकी जड़ में है हमारी समाप्त होती सहनशीलता। सबसे आगे की होड़ में जिंदगी न मिलेगी दोबारा का पक्का विश्वास है जिस कारण सास होने वाले दामाद को लेकर भाग रही है तो बेटी मां बाप की हत्या करा रही है बेटा बहू बूढ़े मां बाप को घर से बाहर निकाल रहे हैं। वर्षों पहले जमशेदपुर में घटी घटना की तरह 23 अगस्त 2001 को हिसार में पूर्व विधायक रेलू राम पूनिया के घर 68 साल के बुजुर्ग से लेकर सवा महीने की बच्ची तक 8 लोगों को 50 किलो की रॉड से कुचलकर मारा गया था रेलू राम की बेटी सोनिया ने कबूल कर लिया था कि उसने ही संपत्ति के लिए अपने मां-बाप समेत 8 लोगों को मारा था पर पुलिस ये मानने को तैयार नहीं थी कि अकेली सोनिया सभी का कत्ल कर सकती है। सोनिया का पति संजीव फरार था, अब दोनों को मृत्युदंड मिला है । खबर बताती है कि समाज कहां जा रहा है और संबंधों और संवेदना की सारी मयार्दाएं तार-तार हो रहीं हैं । भारत में प्राचीन काल से चल रहे संस्कार और रीति रिवाजों में सुधार की आवश्यकता है पर सिरे से उन्हें बकवास बताकर खारिज करना और समाज में नैतिकता, धार्मिकता को ताक में रखने वालों की बढ़ती स्वीकार्यता बता रही है कि आपके पास धन और शक्ति यदि है तो समाज का एक धनलोलुप वर्ग आपके साथ खड़ा है जिसके लिए पैसा ही सबकुछ है, जबकि सभी वर्गों, धर्मों या परंपराओं को दकियानूसी बताने वाले कथित प्रगतिशील प्राणियों का दोहरा चरित्र भी कई बार घातक होता है और देश विरोधी भी। एक चमकदार गुब्बारे में सूई चुभो दी जाए, तो क्या होगा? इससे वह या तो फट पड़ेगा या फिर हवा निकल जाएगी। ऐसा ही इंसानों के साथ भी होता है। एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने बताया कि अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) यानी ध्यान आकर्षित न कर पाने से उत्पन्न विकार से पीड़ित व्यक्ति के लिए अस्वीकृति ऐसी हो सकती है, मानो भावनाओं का विस्फोट हो गया। इस क्लिप को लाखों लाइक्स मिले हैं। यह रिजेक्शन सेंसिटिव डाइस्फोरिया (आरएसडी) यानी अस्वीकृति से उपजी बेचैनी से संबंधित हजारों पोस्ट में से एक है। इन शब्दों का उपयोग चिकित्सकों द्वारा भी बहुत कम किया जाता है, पर ये आजकल खूब वायरल हो रहे हैं। एडीएचडी से पीड़ित 24 वर्षीय शिक्षिका एरिन राइडर ने बताया कि हाल ही में उनके प्रेमी ने सप्ताह भर काम करने के बाद अपनी योजना स्थगित कर दी। वह कहती हैं कि इससे उन्हें काफी गुस्सा आया कि उसने पहले से बने कार्यक्रम को रद्द क्यों कर दिया। वह कहती हैं कि थोड़ी देर के लिए तो वह पगला-सी गई थीं। हालांकि, बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उनकी प्रतिक्रिया गलत थी। एडीएचडी का उपचार करने वाले मनोवैज्ञानिक डॉ. बिल डॉडसन ने आरएसडी शब्द को



लोकप्रिय बनाया?है। वह कहते हैं कि यह शब्द उन्होंने नहीं गढ़ा, बल्कि अवसाद पर उपलब्ध पुराने साहित्य से उधार लिया है। उनके अनुसार, अस्वीकृति संवेदनशीलता कथित आलोचना पर तीव्र प्रतिक्रिया देना है। मनोचिकित्सा और व्यवहार न्यूरोसाइंस विशेषज्ञ डॉ. एरिक मेसियस कहते हैं कि आरएसडी दिमागी और व्यक्तित्व संबंधी विकारों से जुड़ा है। इससे पीड़ित व्यक्ति न केवल कथित आलोचना के प्रति संवेदनशील होता है, बल्कि कई मामलों में खुद को कमतर भी समझता है। लगभग यही स्थिति भारत में पहुंच चुकी है। यदि ऐसे व्यक्ति को चिढ़ाया जाए, मजाक उड़ाया जाए, उसकी बात काट दी जाए, या फिर कुछ अप्रिय बोल दिया जाए, तो उसका मूड तुरंत बदल जाएगा और वह या तो गुस्सा करेगा या उदासी में डूब जाएगा। यहीं से ह्यडिस्फोरियाह्ण शब्द आता है, जिसका अर्थ है : बेचैन या असंतुष्ट महसूस करने की स्थिति। मनोवैज्ञानिक डॉ. लिंडसे ब्लास कहती हैं कि आलोचना किसी-किसी के लिए बहुत दर्दनाक होती है। डॉ. डॉडसन कहते हैं एडीएचडी पीड़ितों के लिए कोई मान्य दवा नहीं है, उन्हें अवसाद की ही दवा दी जाती है। एक्सपोजर थेरेपी के तहत चिकित्सक धीरे-धीरे रोगी के आत्मविश्वास को जगाते हैं, ताकि आलोचना या अन्य किसी बात से उपजी उदासी या हीन भावना को दूर किया जा सके। उन्हें प्रेरित किया जाता है कि छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें और जब जिंदगी में कोई बात बिगड़? जाए, तो उसे दिल पर न लें। झारखंड की सड़कों पर या किसी भी गली चौराहे से लेकर यात्रा तक में मामूली बात पर मारपीट से हत्या तक के मामले इसी बेचैनी का परिणाम है जिसमें धैर्य के लिए कोई स्थान नहीं बस सबकुछ और सबसे पहले चाहिए। एक पार्टी विशेष के लिए रील बनाने वाली बिहार की नेहा सिंह राठौर पहलगाम नृशंस हत्याकांड को बिहार चुनाव जीतने के लिए भाजपा और मोदी का षड्यंत्र बताकर चर्चा में हैं जिन्हें

## फर्जी आधार कार्ड वाले 13 बांग्लादेशी मुंबई में गिरफ्तार



● साहिबगंज के पते पर बने थे फर्जी आधार कार्ड

● ये लोग मुंबई में फेरीवाले के रूप में रहते थे

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के विक्रोली थाने की पुलिस ने 13 ऐसे बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा है, जिन्होंने झारखंड के साहिबगंज जिले के पते पर फर्जी आधार कार्ड बना रखे थे। झारखंड पुलिस और जांच एजेंसियों से इन घुसपैठियों के बारे में सूचनाएं साझा की गई हैं। ये घुसपैठिए मुंबई में फेरीवाले के रूप में घूम रहे थे। महाराष्ट्र के भाजपा नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने विक्रोली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए घुसपैठियों के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सूचना देते हुए और उनकी तस्वीर साझा की है। उन्होंने कहा है कि झारखंड के सीमावर्ती इलाके बांग्लादेशी शेष पेज 11 पर

# विधायक ने की योजनाओं की समीक्षा

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर लगाई फटकार, काम में तेजी लाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक में प्रखंड में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक का संचालन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) गौरांग महतो ने किया। विधायक ने प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, म्यूटेशन कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, जलमीनार निर्माण, खराब चापानल की मरम्मत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यों में शिथिलता बरतने और भ्रष्टाचार की मिली शिकायत पर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी कार्य में इसकी शिकायत मिलती है, तो इसे सीधे विधानसभा में उठाया जाएगा। साथ ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मनरेगा कार्यों में मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इससे संबंधित अधिकारियों को कामकाजी मजदूरों को जल्द उनका भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने म्यूटेशन में पैसे के लेन-देन की शिकायतों पर कहा कि ऐसे मामलों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बीआरसी भवन में पदस्थापित आधार ऑपरेटर की मनमानी की मिली शिकायत की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, बच्चों के पोषण और शिक्षा को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक ने गर्मी को देखते हुए खराब जलमीनार और चापानल की मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैठक के बाद विधायक ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन संस्थानों के कार्यों और सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उनके विस क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाना है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी और शिथिलता की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को कहा कि सभी लोग योजनाओं का लाभ सही तरीके से और समय पर लोगों तक पहुंचे, इसे सुनिश्चित करें। बैठक में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रभारी कृषि सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम, राजद नेता पंचू रजवार, गणेश मेहता और सिद्धार्थ कुमार सहित अन्य कई खास लोग शामिल थे।

## एक नजर

### 30 अप्रैल को उदया तिथि में मनेगी अक्षय तृतीया

**हैदरनगर।** वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया 29 अप्रैल को संध्या 5.31 से 30 अप्रैल दोपहर 2.12 बजे तक है। उदया तिथी 30 अप्रैल को होने से उसी दिन यह व्रत मनाई जायेगी। इस संबंध में ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने बताया कि सनातन धर्म में मान्यता के अनुसार इस दिन श्री विष्णु भगवान के छठे अवतार के रुप में ऋषि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र रुप में भगवान परशुराम जी का जन्म हुआ था। अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा पाठ अनुष्ठान के साथ किया जाता है। सोना, चांदी, आभूषण, जमीन, अन्न जैसे चावल, दाल, जौ, सेंधा नमक, सकारात्मक उर्जा प्रदान करती है। इस दिन माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए श्री सूक्तम का पाठ करना काफी फलदाई माना गया है। माता लक्ष्मी का प्रभावी मंत्र ऊं श्रीं हीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद ऊं श्रीं हीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः का पाठ कर सकते है। अपनी पूजा घर में इस दिन भगवान विष्णु माता लक्ष्मी की पूजा पाठ के समय घी की दीपक और पीली सरसों की दीपक भी जलाना चाहिए।

### क्षेत्र से बिजली हुई गुल

हुसैनाबाद। प्रखंड के देवरी कला विद्युत उपकेंद्र से पंसा फीडर में आज पूर्वाह्न 11 बजे से ही बिजली गायब है। परंतु विभाग के द्वारा इसे ठीक नहीं किया जा सका हैं। मौसम की बदलाव व बूंदाबांदी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली हैं। कहां फॉल्ट है ,इसकी आधिकारिक जानकारी विभाग के पास नहीं है। दिनभर लोग गर्मी से परेशान रहे। शाम 4 बजे से जब बारिश शुरू हुई तो लोगों को गर्मी से राहत मिली हैं।

## मरीजों को नहीं दिया गया आयरन की दवा, भंडार में एक्सपायर



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी तादाद में एक्सपायरी दवाओं का भंडार रखा हुआ है। आयरन व फोलिक एसिड की लगभग 20 पेटी सिरप को छुपा कर रखा गया है। उन दवा की एक्सपायरी डेट फरवरी 2024 में ही समाप्त हो गई है, को छुपा कर रखा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जैसे ही पेटी में बंद कर दवा आया वैसे ही रखा होने कारण एक्सपायर हो गया। बताया जाता है कि पांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम द्वारा बाहर से दवा खरीदने की बात कही जाती है। नाम नहीं छापने के शर्त पर लोगों ने बताया कि एएनएम का अपना निजी क्लीनिक चलता है।

## हैदरनगर पूर्वी के गंज मुहल्ला व नोनिया टोला का जलमीनार तीन वर्षों से है बंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल मुख्यालय व हैदरनगर बाजार का पूर्वी ग्राम पंचायत के गंज मुहल्ला का एक वर्ष व नोनिया टोला का तीन वर्ष से जलमीनार खराब है। दोनों जगहों पर गरीब परिवार के लोग निवास करते हैं। इन्हें पानी के लिए आधा आधा किलोमीटर दूर सरकारी चापानल पर जाना लड़ता है। बाजार क्षेत्र को पानी सप्लाई करने वाला पंप हाउस बेकार हो चुका है। नोनिया टोला के देवकुमार चौहान ने बताया कि ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह को कई बार जलमीनार ठीक कराने को कहा। मगर उन्होंने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि खड़ीहा गांव या बगल के देवी धाम स्थित चापानल से पानी लाना पड़ता है। गंज मुहल्ला के हदीस अंसारी ने बताया कि उनके घर के पास का जलमीनार एक साल से खराब है। मुहल्ले के लोग उसी जलमीनार पर निर्भर है। उन्हें दूर से पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जल प स्वच्छता विभाग की सहिया से भी गुहार लगाई गई। मगर आज तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। मस्जिद मुहल्ला के मोहम्मद असलम ने बताया कि पंचायत के सभी मुहल्ले में पानी की समस्या है। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में पानी के लिए बना पंप हाउस पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बाजार क्षेत्र में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। चौक बाजार में सिर्फ एक चापाकल है। बाजार आने वाले लोगों को भी पानी के लिए भटकना लड़ता है।

### क्या कहते है मुखिया

पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पंप हाउस को चालू कराना पंचायत के बस की बात नहीं है। पिछले दिनों जलमीनार को मिस्त्री से दिखाया गया है। दोनों जलमीनार का मोटर के अलावा अन्य कई खराबी है। इसे ठीक कराने में अधिक राशि की आवश्यकता है। उतनी राशि फिलहाल पंचायत के पास नहीं है। चालू वित्तीय वर्ष की राशि उपलब्ध होने पर दोनों जलमीनारों को ठीक करा दिया जाएगा। फिलहाल दोनों जलमीनार के चापानल को ठीक कराने के लिए विभाग को बोला गया है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

## पुलिस की पहल पर प्रेमी युगल की हुई शादी

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीम चूल्हा परिसर स्थित शिव मंदिर में रविवार को भगवान शिव को साक्षी मान कर दोनों पक्ष की उपस्थिति में प्रेमी युगल की शादी की रस्म अदायगी पंडित गंगा तिवारी ने पूरी कराई। इस दिशा में पुलिस की पहल सराहनीय कदम बताया गया। उन्होंने बताया मौके पर पुअनि सुरेन्द्र तिवारी भी सदलबल मौजूद थे। प्रेमी युगल स्वजातीय और बालिग हैं।

## खबर का असर: चापानल मरम्मत व रख-रखाव का काम शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय नवीन मेल में 23 अप्रैल को चापानल मरम्मत व रख रखाव का ठप, शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर हुआ है। जिसमें चापानल की मरम्मत व रख रखाव का काम होता देखा जाने लगा है। रविवार को विभागीय स्तर से रविवारीय बाजार और सिंचाई कॉलनी के खराब चापानल की मरम्मत की गई। विभागीय सूत्रों ने बताया चापानलों की मरम्मत और रख रखाव का काम सप्ताह बाद ठप रहने के बाद फिर से शुरू हुआ है। गाड़ियां गांव-गांव दौड़ने लगी हैं। इस काम के ठप रहने की वजह ठेकेदार का एक साल से भुगतान नहीं मिलना बताया जाता है। ऐसी हालत में मिस्त्रियों और मजदूरों के मान मनौव्वल से चापानलों की मरम्मत और रख रखाव होता रहा था। बाद में ठेकेदार को इससे हाथ खड़े कर की नौबत आ गई। इस स्थिति में पूरे जिले में चापानल मरम्मत व रख रखाव का काम ठप हो गया था। बताया जाता है कि अकेले हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंडों से 100 से अधिक चापानलों की खराबी की शिकायत दर्ज करवाई गई थी। जलस्तर में तेजी से गिरावट और नदी-नालों के सूख जाने से पेयजल उपलब्ध होना मुश्किल नजर आने लगी थी। इस संबंध में जब खबर प्रकाशित हुई, तो इसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए उच्चाधिकारियों के स्तर से ठेकेदार को उचित आश्वासन के बाद चापानल मरम्मत व रखरखाव का काम शुरू कर दिया गया है।

## जपला आरपीएफ ने चलाया ऑपरेशन सतर्क अभियान, अंग्रेजी शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ के इंस्पेक्टर आर के मीना के निदेर्शानुसार सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा, सुधीर कल्लू व सुनील राय ने एसीपी की रोकथाम अवैध भेंडरो की धर पकड़ , अपराधिक गतिविधि निगरानी व शराब तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन सतर्क अभियान चलाया ।इस दौरान आरपीएफ की टीम ने मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 13349 आप सिंगरौली पटना एक्सप्रेस में चेकिंग करते हुए जपला लौटने के दौरान मोहम्मदगंज स्टेशन से गाड़ी खुलने बाद गार्ड ब्रेक से सटे जनरल कोच के सीट के नीचे एक ग्रे रंग का पूमा कंपनी का पीठों बैग संदिग्ध अवस्था में पाया गया ।संदेह होने पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने भी उक्त बैग को अपना नहीं बताया और न ही उक्त स्थान पर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उक्त बरामद बैग को गाड़ी के जपला स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 पर जपला में उतारा गया। उक्त बैग में 5 बोतल रॉयल डीलक्स व्हिस्की ,हंटर स्ट्रांग बियर,एक बोतल मैजिक मूवमेंट की बोतल बरामद किया गया। मौके पर आरपीएफ ने जप्ती नियमों का पालन करते हुए सहायक उप निरीक्षक अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा जप्ती रिपोर्ट तैयार कर जप्त किया गया। जप्त किए गए माल को अग्रिम कार्रवाई हेतु उत्पाद अधीक्षक डाल्टनगंज पलामू झारखंड को प्रेषित किया गया।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गया जेल

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के पंसा गांव स्थित सोन कोयल संगम घाट से अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस की एक टीम को हैदरनगर पंसा मुख्य पथ इस मामले को सत्यापित करने को भेजा गया। इस दौरान हैदरनगर की ओर आ रहे अवैध बालू से लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। चालक द्वारा कोई आवश्यक कागजात नहीं दिखाने पर चालक जितेन्द्र चंद्रवंशी को हिरासत में लेकर जेल भेजा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है। इस छापेमारी अभियान में एसआई अफजल अंसारी सहित कई पुलिस जवान शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### देवरी खुर्द पंचायत में पांच माह से सड़क का निर्माण कार्य अधूरे रहने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के बनकट मोड़ से देवरी खुर्द मिडिल स्कूल तक राज्य समपोषित योजना अंतगर्त बनने वाली पीसीसी व काली करण सड़क योजना पांच माह से अधूरे रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। छह माह पूर्व उक्त सड़क का शिलान्यास किया गया था। बनकट निवासी घूरा प्रसाद पाल ने बताया कि उक्त सड़क के निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। इस संबंध में उन्होंने डीसी व ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता से शिकायत करने की बात कही हैं। इसमें मिट्टी का समुचित उपयोग नहीं किया गया है। पूर्व की मिट्टी को बराबर कर घटिया छर्री, सड़क पर गिराकर छोड़ दिये जाने से काफी परेशानी हो रही हैं। साथ ही दो जगह पर पुलिया का निर्माण कार्य भी अधूरा है। बारिश होने के बाद ग्रामीणों को काफी परेशानी होगी। इसके अधूरे रहने से लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के जेई विजय राम से पूछे जाने पर बताया कि सड़क निर्माण कार्य के बाद राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके कारण सड़क का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा बंद कर दिया गया हैं। बरसात के पूर्व कार्य पूरा करा दिया जाएगा।

### थाना प्रभारी ने डॉयल 112 नंबर के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को लेस्लीगंज ,गांधी चौक, ढेला रोड,धनगांव , सुदूरवर्ती क्षेत्र धावाडीह सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में डॉयल 112 आपातकालीन सेवा के प्रचार-प्रसार अभियान का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस कर्मियों ने जगह-जगह पोस्टर चिपकाए और माइक के माध्यम से लोगों को डॉयल 112 सेवा की जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति चाहे वह दुर्घटना, अपराध, आगजनी या कोई अन्य संकट हो, में नागरिक बिना देर किए डॉयल 112 नंबर पर कॉल कर त्वरित सहायता प्राप्त कर सकते हैं।अभियान के दौरान दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे। उन्होंने क्षेत्र वासियों को इस सेवा के महत्व के बारे में जागरूक किया। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने कहा कि डॉयल 112 सेवा लोगों की सुरक्षा के लिए शुरू की गई है। जिसका उद्देश्य संकट की स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्रदान करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आवश्यकता पड़ने पर इस नंबर का उपयोग करें और झूठी सूचनाएं देने से बचें।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन 22 को

**छतरपुर।** हाई स्कूल के मैदान में छत्तरपुर क्रिकेट क्लब द्वारा सीपीएल 15 कराने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पूर्व सीपीएल कमिश्नर सिंटू सिंह ने की। सर्व समिति से 22 मई से मैच आरंभ करने का निर्णय लिया गया। सीपीएल 15 का कमिशनर सोलड़ी सिंह, सचिव रितेश चंद्रा को बनाया गया। उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, संरक्षक अमित कुमार, सिंटू सिंह, सुरेश कुमार, प्रभात कुमार, डब्लू कुमार, गोलू सिंह, रोहित सिंह, रुपेश सिंह, योगी बघेल, राकेश चंद्रा, प्रदीप कुमार, गोल्डी सिंह,अमित सिंह, ऋतू रंजन सिंह,जीतेन्द्र गुप्ता, अजित प्रजापति, कोषाध्यक्ष राहुल राय, मोनू सिंह, मीडिया प्रभारी व सह संजोजक राहुल चंद्रा, व्यस्थापक सोनू सिंह, नागेंद्र कुमार, मुन्ना सिंह, आशुतोष कुमार, विशाल कुमार, सदस्यों में अंश कुमार, आर्यन, मुटुर, खुशहाल सिंह, विकी ,प्रकाश उरांव, उपेंद्र उरांव, नधकू उराव, राजू सिंह, भीकू कुमार,बिट्टू ,रवि कुमार को बनाया गया।

### बदला मौसम का मिजाज: बारिश व तेज हवा से मिली राहत



**मोहम्मदगंज।** रात में चली तेज हवा और दिन में कुछ समय तक बारिश से रविवार को राहत मिली है। इसके पहले तक कई दिनों से तापमान के लगातार 40 के पार पहुंचने से जनजीवन के साथ ही पशुपालन में परेशानी बढ गई थी। किसान रामजन्म राम व अन्य लोगों का कहना है कि अब तक सुबह से ही असह्य तीखी धूप के कारण दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने अथवा बिना सिर ढंके बाहर नहीं निकल पाना मुश्किल भरा हो गया था। मगर अब कई दिनों बाद इस स्थिति से उबरने का अवसर मिला है। मक्का, मूंग और मूंगफली जैसी गर्मा फसलों के लिए बारिश फायदेमंद साबित होगा। कुछ दिन सब्जियों की खेती को पटवन की कम ही जरूरत होगी। हीट वेव के कारण बच्चों व पशुओं के पालन में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत नहीं होगी। इससे तापमान में गिरावट से सुकूनदायक वातावरण बन गया है। शनिवार की रात चली तेज हवा से बिजली आपूर्ति के ठप्प हो जाने से लोगों की नींद और सुकून छिन गया था। सुबह बिजली आपूर्ति मिलने से लोगों को चैन मिली। वहीं ऊंटारी रोड़ प्रखंड में मौसम का मिजाज बदलने व तेज गरज के साथ हल्की बारिश हुई। रविवार की दोपहर में काफी तेज धूप थी। दोपहर के बाद मौसम अचानक बदल गया और तेज गरज के साथ हल्की बारिश होने लगी। लगातार प्रचंड गर्मी और तेज धूप के बाद रविवार को मौसम ने अपना मिजाज बदला। दोपहर बाद हुई हल्की बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। दोपहर लगभग दो बजे के बाद आसमान में बादल छाने लगे थे। बिजलियां चमकने लगी। लगभग तीन बजे से अलग-अलग हिस्सों में हल्की बारिश शुरू हुई।

## कुटमू में डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा की गई स्थापित



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुटमू के टोला पचामा में डॉ भीम राव आंबेडकर के मूर्ति स्थापित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने बताया कि बाबा साहब किसी एक जाती के नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर सभी जाती, सभी धर्म के हैं। भारतीय संविधान में उन्होंने सबको सम्मान वअधिकार दिए हैं। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि संविधान सिर्फ कहने से नहीं होगा उनके नियम से बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के विचारों पर चल कर ही समाज का विकास हो सकता है। मौके पर कांग्रेस के पूर्व विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी, विश्रामपुर जिला परिषद विजय रविदास, बसपा नेता गोपाल राम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रमी आदिया पांडेय,राजद प्रखंड शेर अलम, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखड अध्यक्ष इरफान अंसारी,राजद विधायक प्रतिनिधि जवाहर पासवान, मौतायब आलम ,बाबा क्लब के संरक्षक शहर राम, अध्यक्ष रामबचन राम, अधिवक्ता कृष्ण कन्हैया, सचिव कुलदीप राम, दीपक, विजय, रामलाल, जयशंकर, विकास व पांडू प्रखंड की ग्रामीण मौजूद थे।

### श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को लेकर भव्य जलयात्रा निकली

## शिवशक्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महायज्ञ का शुभारंभ आज से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत भाली गांव में श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य पूज्य लक्ष्मीपरपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से वृद्धखैरा पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में ग्राम देवी व शिव शक्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के निमित्त रविवार को यज्ञमंडप से कलशधारी नर-नारियों, गाजे बाजे, घोड़ा और रथ के साथ भव्य जलयात्रा निकाली गई, जो गोड़ाडीह, कवलपुरा, माली, लटपौरी, भजनियां होते स्थानीय कोयल-काशीस्त्रोत नदी संगम स्थल पहुंची। वहां आचार्य श्री उपेन्द्र नारायण शुक्ल सहित अन्य विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरी की रस्म अदायगी कराया। कलश में जल लेकर जलयात्रा में शामिल हजारों की संख्या में शामिल बूढ़े, बच्चे, महिला और पुरुष श्रद्धालु भीषण तपिश भरी गर्मी की परवाह किए वगैर आस्था से ओतप्रोत उत्साह के साथ जय श्रीराम, हर-हर महादेव और जय माता दी के जयकारे के साथ भजनियां व बेगमपुरा होते हुए गांव स्थित यज्ञ मंडप में वापस पहुंच कर कलश को स्थापित किए। इसके साथ ही यज्ञ मंडप में वेदी निर्माण हुआ। बताया गया कि सोमवार से पंचांग पूजन, अरणी मंथन और मंडप पूजन के साथ पांच दिनों का श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू हो जाएगा। पहली मई को देवी मंदिर और शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद महायज्ञ का समापन 2 मई को भव्य भंडारा के साथ होगा। जलयात्रा में मनीष सिंह, बबलू सिंह, जलयात्रा में मुख्य यजमान संतोष कुमार सिंह, उदय सिंह, कुंदन सिंह, विमलेश पाल,शंकर यादव, कमलेश यादव, अमरेंद्र पाल, नन्दन सिंह, अक्षय सिंह, सुखाड़ी यादव सहित 12 यजमान सपत्नीक के अलावा कामेश्वर कुशवाहा, सीबी रमण सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, महेन्द्र प्रसाद सिंह,अशोक सिंह सहित अन्य शामिल थे। सुरक्षा व्यवस्था की कमान थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई सुबीर किस्कू और शेख अमानुल्लाह ने पुलिस बल के साथ यज्ञ स्थल से संगम पर कलश में जल उठाने से लेकर कलश स्थापना तक संभाल रखा था।

### जयकारे से गुंजायमान रहा वातावरण

# कोसीआरा में 100 किलो जावा महुआ को पुलिस ने किया नष्ट

● देशी शराब बनाने के लिए रखा गया था जावा महुआ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के कोसीआरा गांव में रविवार को अवैध देशी शराब के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देशी शराब निर्माण के लिए रखे गए विभिन्न मिट्टी के बर्तनों और फुलाए गए करीब 100 किलोग्राम जावा महुआ को बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। इस संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि बरामद जावा महुआ के साथ-साथ शराब बनाने में प्रयुक्त दर्जनों बर्तनों को भी नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में थाना प्रभारी के अलावा पुअनि अफजल अंसारी तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# राशन कार्डधारियों के लिए 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी अनिवार्य

## 28 व 29 अप्रैल को पंचायत भवन और सामुदायिक भवनों में होगा ई-केवाईसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के राशन कार्डधारियों के लिए 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। निर्धारित अवधि में अब केवल तीन दिन शेष हैं, लेकिन अब तक केवल 71.04 प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा हो पाया है। वर्तमान में 28.96 प्रतिशत लाभुक परिवारों के सदस्य ऐसे हैं, जिनका ई-केवाईसी लंबित है, जिनमें पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़ा जनजातीय समूह) परिवारों के सदस्य भी शामिल हैं।



वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सोना-सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी एवं लुंगी का वितरण भी 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत करना अनिवार्य है। अब तक 86.61 प्रतिशत वस्त्रों का ही वितरण हो पाया है। इन दोनों कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए 28 और 29 अप्रैल को विशेष कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

सभी राशन डीलरों को लाभुकों की सूची प्रदान कर दी गई है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी 28 व 29 अप्रैल को पंचायतवार और वार्डवार पंचायत भवनों तथा नगर निकाय क्षेत्र के सामुदायिक भवनों में विशेष कैंप लगाएंगे। इन कैंपों में सूची के अनुसार लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण कराया जाएगा और धोती-साड़ी का वितरण किया जाएगा।

कैंप के दौरान संबंधित जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेता ई-पॉश मशीन के साथ उपस्थित रहेंगे। कैंप के आयोजन से पहले पीडीएस विक्रेताओं के माध्यम से लाभुकों को जागरूक करने के लिए प्रचार अभियान भी चलाया जाएगा।

# ओपीडी समय में बदलाव से मरीजों को हो रही भारी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वर्तमान ओपीडी समय के कारण मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ माह पूर्व झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर राज्यभर के अस्पतालों के ओपीडी समय में बदलाव किया गया था। नए नियम के तहत ओपीडी दो शिफ्टों में संचालित हो रही है—पहली शिफ्ट सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दूसरी शिफ्ट दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अधिकांश मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे या तो उन्हें ओपीडी बंद मिलने की स्थिति झेलनी पड़ती है या फिर घंटों इंतजार करना पड़ता है। पलामू जिले के कई सुदूर इलाकों से मरीज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं, लेकिन शहर तक पहुंचते-पहुंचते 11 या 12 बज जाते हैं। ऐसे में जब तक वे डॉक्टर को दिखाते हैं और जांच करवाते हैं, तब तक ओपीडी का समय समाप्त हो जाता है और उन्हें दोपहर 3:00 बजे की दूसरी शिफ्ट तक इंतजार करना पड़ता है। विश्रामपुर से आए एक मरीज के परिजन राहुल कुमार ने बताया, 'हम सुबह 10:00 बजे घर से निकले थे और डाल्टनगंज पहुंचते-पहुंचते 11:30 बज गया। डॉक्टर को दिखाने के बाद जांच के लिए भेजा गया, लेकिन रिपोर्ट दिखाने के लिए हमें 3:00 बजे तक इंतजार करना पड़ा।' मरीजों और उनके परिजनों की मांग है कि अस्पताल प्रशासन ओपीडी के समय को फिर से व्यावहारिक और सुविधाजनक बनाए ताकि दूर-दराज के मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सके।

# मौसम का बदला मिजाज, हल्की बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार को जिले में मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर बाद बादल घिरने लगे। शाम के समय बारिश के आसार बनते दिखे, हालांकि बारिश बूंदाबांदी तक ही सीमित रही। इसके बावजूद गर्मी में काफी कमी दर्ज की गई, जिससे लोगों को राहत मिली।

बारिश के दौरान 40-50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। पिछले कई दिनों से अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ था, लेकिन मौसम के बदले मिजाज के चलते रविवार को गर्मी से बड़ी राहत मिली।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था, लेकिन बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। डेहरी सहित आसपास के इलाकों में झमाझम बारिश से भी लोगों को गर्मी से निजात मिली। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है। 28 अप्रैल को वज्रपात और तेज हवा चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। जिला मुख्यालय समेत सदर प्रखंड और लगभग 15 किलोमीटर दूर लेस्लीगंज क्षेत्र में भी वर्षा हुई। शनिवार को जहां अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं रविवार को अधिकतम तापमान 7 डिग्री घटकर 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री बढ़कर 27.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, जिससे गर्मी से थोड़ी और राहत मिलने की संभावना है।

# उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, होटल से भारी मात्रा में अवैध शराब व बीयर बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के शहरी क्षेत्र में मेन रोड के पास स्थित विकास होटल और उससे सटे एक कमरे से उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। यह कार्रवाई पलामू उपायुक्त के निर्देश और उत्पाद अधीक्षक के निर्देशन में की गई। छापेमारी टीम का नेतृत्व हुसैनाबाद अंचल के उत्पाद अवर निरीक्षक अनुप प्रकाश ने किया। छापेमारी के दौरान विकास होटल से ब्लैक टाइगर, आर एस, बी7 व्हिस्की, सिग्नेचर व्हिस्की, रॉयल ब्लू व्हिस्की, किंगफिशर, गॉडफादर सहित लगभग 90 बोतल अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की गई। इसके अलावा लगभग दो बोरे शराब की बोतलों और विभिन्न शराब के होलोग्राम स्टीकर भी जब्त किए गए। उत्पाद अवर निरीक्षक अनुप प्रकाश ने बताया कि इस मामले में होटल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस छापेमारी अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक के साथ-साथ गृह रक्षा दल के कई जवान भी शामिल थे।

# शांतिपुरी बूथ पर 'मन की बात' का भाजपाइयों ने किया सामूहिक श्रवण

■ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सुना प्रधानमंत्री मोदी का संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शांतिपुरी स्थित बूथ संख्या 235 पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना और उसे आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में स्मिता, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, रूपा सिंह, जिला मंत्री सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, संसद के निजी सचिव अलख दुबे, जय दुबे, विजय कुशवाहा, जितेंद्र तिवारी, अविनाश कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, सुनील पांडेय, शशिभूषण पांडेय, भोला पांडेय, पंकज तिवारी, आनंद सिंह, शुभक तिवारी, मनीष पांडेय और राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वक्ताओं ने 'मन की बात' कार्यक्रम को देशभर में जन-जागरण और विकास संवाद का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

# समृद्धि की रोटी अभियान : सेवा भाव से निरंतर हो रहा जरूरतमंदों का भोजन वितरण

● विपरीत परिस्थितियों में भी बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज और बेबी पाण्डेय ने निभाई सेवा की मिसाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित 'समृद्धि की रोटी' अभियान वास्तव में नारायण सेवा का जीवंत उदाहरण है। निष्ठा और समर्पण से किया गया कार्य हमेशा सफल होता है। रोटी-सब्जी एकत्र करना और जरूरत पड़ने पर तत्काल व्यवस्था करना आसान कार्य नहीं है, फिर भी समृद्धि टीम हर कठिनाई को सरल बनाने में निरंतर लगी रहती है। यही कारण है कि भोजन वितरण कभी भी बाधित नहीं होता।

कठिन परिस्थितियों के बावजूद बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज और बेबी पाण्डेय ने अंबेडकर पार्क के सामने दोना-पत्तल तथा दातून बेचने वालों के बीच, साथ ही शनि मंदिर के आसपास जरूरतमंदों के बीच रोटी-सब्जी का वितरण किया। साथ ही अनिता श्रीवास्तव की ओर से लड्डुओं का भी वितरण किया गया। सालों से जारी यह सेवा कार्य हर परिस्थिति में निःस्वार्थ भाव से पूरा किया जाता रहा है। जरूरतमंदों को नारायण का स्वरूप मानकर सेवा करने की यह भावना अभियान को निरंतर आगे बढ़ा रही है। इस पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान के लिए बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज और बेबी पाण्डेय का आभार व्यक्त किया गया है। साथ ही भोजन उपलब्ध कराने वाले सभी परिवारों का अभिनंदन किया गया।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पांकी में कैंडल मार्च निकाला गया

**नवीन मेल संवाददाता**




**पांकी।** प्रखंड के सैकड़ों लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की पलामू जिले के पांकी प्रखंड में रविवार देर शाम पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की पांकी इकाई के नेतृत्व में प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शुरू हुआ। सैकड़ों व्यवसायी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण हाथों में कैंडल लेकर आतंकवाद के खिलाफ विरोध स्वरूप शामिल हुए।

मार्च के दौरान लोग जोरदार नारे लगा रहे थे, जिनमें प्रमुख थे– ह्यपाकिस्तान मुदार्बादह्ण, ह्यआतंकियों के संरक्षण देने वाले देश को सबक सिखाओह्ण और ह्यपाकिस्तान हाय हायह्ण। यह कैंडल मार्च कपूर्री ठाकुर चौक, भगत सिंह चौक, अंबेडकर चौक होते हुए पुनः भगत सिंह चौक पर समाप्त हुआ, जहां श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह घटना पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आतंकवाद के खिलाफ सभी जाति और धर्म के लोग एकजुट होकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, अध्यापक संघ अध्यक्ष सतीश सिंह, पूर्व मुखिया नेहाल अंसारी, भाजपा नेता गुड्डू प्रसाद समेत अन्य वक्ताओं ने केंद्र सरकार से आतंकवादियों और उनके संरक्षक पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा दंड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस कायरतापूर्ण कृत्य ने पूरे भारत के लोगों का दिल आहत किया है, और इसीलिए सभी वर्ग के लोग इस विरोध कार्यक्रम में एकजुट हुए हैं। कार्यक्रम में मुखिया प्रेम प्रसाद, रफीक अंसारी, हफीजुल अंसारी, लखन कुमार, अखिलेश गुप्ता, तौकीर आलम, आफताब आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# अब तक नहीं मिली सब्जी मंडी के लिए जमीन व्यापारी सहित आम लोग लगाए हैं आस

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में अब तक स्थायी सब्जी मंडी की व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण व्यापारियों और आम नागरिकों को लगातार असुविधा झेलनी पड़ रही है। फिलहाल शहर की थोक सब्जी मंडी पुरानी बस डिपो में अस्थायी रूप से संचालित हो रही है, जहां जगह की भारी कमी और भीड़भाड़ के कारण रोजाना जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। लगभग एक वर्ष पूर्व नगर निगम ने सब्जी व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए अस्थायी तौर पर बस डिपो में मंडी संचालित करने की अनुमति दी थी। लेकिन अब यह जगह भी अपर्याप्त साबित हो रही है। थोक व्यापारियों के साथ खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती संख्या और बसों की आवाजाही के कारण वहां पैर रखने की भी जगह नहीं बचती। मंडी में ऑटो, ई-रिक्शा और पिकअप वैन के कारण भारी जाम लगता है, जिससे स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों के बीच झड़प की स्थिति भी बनती है। जानकारी के अनुसार इस मंडी में न केवल राज्य भर से, बल्कि अन्य राज्यों से भी सब्जियों की बड़ी खेप आती है, जो बाद में जिले के विभिन्न हिस्सों में वितरित की जाती है। पिछले वर्ष प्रशासन ने विष्णु मंदिर के समीप लगने वाली साप्ताहिक बाजार को हटाते समय आश्वासन दिया था कि थोक मंडी के लिए उपयुक्त स्थान दिया जाएगा। इसके लिए बेरिया स्थित बाजार समिति की जमीन पर विचार चल रहा था, लेकिन समिति द्वारा असहमति जताने के कारण मामला अधर में लटक गया।सिटी मैनेजर शमिता भगत ने बताया कि वैकल्पिक जमीन की तलाश जारी है। जैसे ही उपयुक्त स्थान मिलेगा, स्थायी सब्जी मंडी निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। व्यापारी वर्ग और आम जनता को अब भी उम्मीद है कि जल्द ही इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# सुदना रेलवे क्रॉसिंग पर नाले का गंदा पानी बना परेशानी का कारण

## रेलवे व निगम प्रशासन की अनदेखी से राहगीरों को हो रही कठिनाई, फिसलन से हादसे का खतरा

**रेवती रमण**



**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के सुदना रेलवे क्रॉसिंग से लगे नाले का गंदा पानी लगातार रेलवे ट्रैक पर बहने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी न तो निगम प्रशासन और न ही रेलवे विभाग ने इस समस्या पर कोई ध्यान दिया है।

रेलवे क्रॉसिंग के रास्ते ट्रैक तक गंदा पानी बहने से सड़क पर आवागमन में कठिनाई हो रही है, वहीं ट्रैक पर फिसलन की स्थिति भी बन गई है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नाले में लगे पाइप में उचित निकास व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी रेलवे क्रॉसिंग से होकर लगातार बह रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, कुछ वर्ष पूर्व थर्ड लाइन निर्माण कार्य के दौरान रेलवे ने पुराने बड़े नाले को हटा दिया था। उस समय पूर्व वार्ड पार्षद ने रेलवे को पत्र लिखकर आरसीसी नाला निर्माण की मांग की थी, लेकिन उनका आरोप है कि रेलवे ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया। परिणामस्वरूप आज क्षेत्रवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

रेलवे द्वारा कुछ घरों के जल निकासी के लिए छोटा ह्यूम पाइप लगाया गया था, जो अब पूरी तरह से अनुपयोगी साबित हो रहा है। पाइप के बाहर पानी सही से नहीं निकल पा रहा है, जिससे सड़क पर गंदा पानी फैल रहा है। स्थिति यह है कि लोग इस स्थान से गुजरते समय गंदे पानी में भीगने को मजबूर हैं। स्कूली वर्दी पहने बच्चे और कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों के कपड़े तक गंदे हो जा रहे हैं, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### वीर कुंवर सिंह की 248वीं जयंती पर विजयोत्सव का आयोजन

# अखिल भारतीय क्षत्रिय जागृति मंच ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय जागृति मंच पलामू के तत्वावधान में बाबू वीर कुंवर सिंह की 248वीं जयंती सह विजयोत्सव का आयोजन रविवार को शांतिपुरी स्थित वेंकेट हॉल में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता मधुलता रानी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम के गान और दीप प्रज्वलन से हुई। पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर बरगद के पौधे और वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, मंच के संस्थापक प्रेमतोष कुमार सिंह, श्रीराम सिंह, श्यामनारायण सिंह, व्यास सिंह, राजन सिंह, मुकेश सिंह, कुसुम सिंह, मंजू गुप्ता, रूपा सिंह, डॉ. हर्षिता, मनोज सिंह, विश्वनाथ सिंह, परवेश सिंह, अवधेश सिंह, गया सिंह, विनय सिंह, शिवशंकर राम, उपेंद्र सिंह, लालू सिंह, पंकज सिंह, अधिवक्ता अक्षय सिंह, अरबीद सिंह और उमाशंकर पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंच के संस्थापक प्रेमतोष कुमार सिंह ने कहा कि महापुरुषों का सम्मान किसी वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व होता है। उन्होंने वीर कुंवर सिंह के अदम्य साहस और बलिदान को स्मरण करने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने वीर कुंवर सिंह को देश का अमूल्य सपूत बताते हुए कहा कि उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी को स्कूल-कॉलेज के सिलेबस में शामिल करने की मांग की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वीर कुंवर सिंह के योगदान को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## नौ घंटे से बिजली नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के चन्द्रपूरा, लमारी कला, बहेरवा बिजली फीडर में पिछले 9 घंटे से बिजली गुल है। इस तपती गर्मी में इतने देर तक बिजली गुल रहने से लोगों की क्या स्थिति हो रही है कल्पना किया जा सकता है। बिजली नहीं रहने से लोगों को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। विभाग के कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि 11 हजार वोल्ट का बिजली तार पर पेड़ की डाली टूट कर गिरने से बिजली कटा है। ठीक करने के लिए बिजली कर्मी लगे हुए हैं। जल्द बिजली बहाल कर दी जाएगी। शाम को चार बजे से एक घंटा तक तेज गर्जन के साथ हल्की बारिश भी हुआ। मौसम में व्याप्त गर्मी में कमी होने के साथ मौसम खुशनुमा हो गया है।



# एसडीओ ने मझिआंव में अनाधिकृत गैस गोदाम को किया सील

**शहरी क्षेत्र से हटाने के निर्देश की अनदेखी पर कार्रवाई**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मझिआंव मेन रोड पर स्थित उजाला एचपी ग्रामीण गैस वितरक के कार्यालय परिसर में रविवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय ने अनाधिकृत रूप से संचालित गैस गोदाम को सील कर दिया। यह कार्रवाई शहरी क्षेत्र से गोदाम हटाने के एसडीओ के आदेश की अवहेलना करने पर की गई है। एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि पहले भी इस एजेंसी को नोटिस जारी कर गोदाम शिफ्ट करने को कहा गया था, लेकिन एजेंसी ने न तो कोई जवाब दिया और न ही गोदाम को शिफ्ट किया। रविवार को जब एसडीओ ने गोदाम पर अचानक जांच की तो 46 भरे हुए सिलेंडर और 130 खाली सिलेंडर बरामद हुए। गोदाम मालिक की गैरहाजिरी में गोदाम संचालक के पुत्र शादाब आलम को 40 सिलेंडर बाहर निकालने की अनुमति दी गई, लेकिन शर्त यह थी कि इन्हें करमडीह के अधिकृत गोदाम में स्थानांतरित किया जाएगा। बाकी खाली सिलेंडरों सहित पूरा गोदाम मौके पर ही सील कर दिया गया। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के इस गोदाम को खोलना प्रतिबंधित रहेगा और शहरी क्षेत्र में भरे सिलेंडरों का भंडारण पूरी तरह से मना है। एसडीओ ने कहा कि जन सुरक्षा को लेकर यह कार्रवाई की गई है और गढ़वा अनुमंडल में अवैध गैस गोदामों पर छापेमारी का यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि भविष्य में भी इस तरह की अनियमितताओं पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।



## न्यूज बॉक्स

### 151 शिक्षकों की ली जा रही ऑन लाइन परीक्षा



**रंका।** प्रखंड शिक्षा संसाधन केंद्र में 151 सरकारी विद्यालयों का टीचर्स नीड एसेसमेंट ऑनलाइन परीक्षा ली गई। राज्य परियोजना के निर्देश पर रंका प्रखंड के 151 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों का रविवार को ऑनलाइन परीक्षा लिया गया। इस संबंध में संकुल साधन सेवी देवेन्द्र उपाध्याय, संजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से बताया कि राज्य परियोजना के निर्देश पर प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को टीचर्स एसेसमेंट की परीक्षा ली जा रही है। शिक्षकों का वेस का मूल्यांकन की जा रही है, ताकि यह पता चल सके की शिक्षक विद्यालय में बच्चों को शिक्षा देने में कितने सक्षम हैं। परीक्षा को सूचारू रूप से सफल संचालन में दौनादाग सीआरपी संजय प्रसाद, एमाईएस अनुज कश्यप, राम बदन राम, शशि ठाकुर, विनोद ठाकुर, अकाउंटेंट अभय कुमार द्वारा परीक्षा का सफल संचालन कराया जा रहा है।

### भुना मुर्गा नहीं मिलने पर युवक ने लगाई फांसी

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के खूरी गांव में शनिवार देर रात गांव के 20 वर्षीय युवक शिव शंकर परहीया पिता रामजी परहिया ने आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार शिव शंकर शनिवार को खूरी साप्ताहिक बाजार से मुर्गा खरीदकर घर आया था और वह शराब के नशे में था। भोजन में उसे भुना मुर्गा नहीं मिला तो इस बात को लेकर घरवालों से कहासुनी हो गई। नाराज होकर वह देर रात घर से बाहर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा रात में खोजबीन भी की गई, लेकिन वह नहीं मिला। रविवार सुबह ग्रामीणों ने घर से करीब 300 फीट दूर सखुआ के पेड़ पर शिव शंकर का शव फांसी के फंदे से लटका देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने चिनियां पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर नवीन कुमार राणा व सुखराव उरांव अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर गढ़वा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शिव शंकर का अंतिम संस्कार पंचायत के मुखिया पति उदय भुइयां तथा सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में खूरी गाय घाट स्थित कनहर नदी तट पर किया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या प्रतीक होता है।

### कसौधन समाज ने तीन स्थानों पर खोला पनशाला

**गढ़वा।** प्रचंड गर्मी को देखते हुए कसौधन समाज ने रविवार को शहर में तीन प्रमुख स्थानों पर पनशाला शुरू की। चिनिया रोड ओल्ड आईटीआई के पास, रूप वस्त्रालय मेन रोड के पास और भवानी अखड़ा रांकी मुहल्ला देवी धाम के समीप पनशाला का उद्घाटन अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष रविंद्र जासवाल, कसौधन समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, संरक्षक रघुवीर कश्यप, पृथ्वीनाथ कश्यप ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अध्यक्ष उमेश ने कहा कि समाज द्वारा हर वर्ष भीषण गर्मी में प्यासों के लिए पनशाला के माध्यम से पानी पिलाई जाती है। प्यासे को पानी पिलाना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया कि अगर संभव हो तो अपने घर या दुकान के बाहर पनशाला लगाकर दूसरों की सेवा करें,ताकि गर्मी में राहगीरों को राहत मिल। मौके पर जय किशोर कश्यप, संतोष कश्यप, विवेक कश्यप, मनीष कश्यप, पंचम सोनी, मुन्ना कश्यप, अभिषेक कश्यप, विमलेश यादव, शुभम केसरी, शुभम गुप्ता, सोनू कुमार समेत समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष बने डॉ. असजद

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम की बैठक शनिवार को गढ़वा के आर्शीवाद वैंक्वेट हॉल में आहूत की गई। अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष डॉ. असजद अंसारी ने की। यह बैठक सत्र 2025-26 के नए अध्यक्ष, सचिव व अन्य नए पदाधिकारियों का चयन करने के साथ नए सदस्य बनाने के लिए आयोजित किया गया था। बैठक की शुरूआत हाल ही में बने नए उप जिलापाल कंचन साहू का स्वागत करते हुए सभी सदस्यों ने बधाई दी। बैठक में नवनिर्वाचित उप जिलापाल कंचन साहू ने लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और लायंस फ्रटर्निटी ऑफ गढ़वा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह जीत मेरे अकेले की नहीं है, बल्कि सभी सदस्यों की जीत है। बैठक में सभी के सहमति से नए सदस्य मणिभद्र सिंह, डॉ. सुशील कुमार, धर्मवीर कुमार को क्लब का नया सदस्य मनोनीत किया गया। नए पदाधिकारियों के चयन को लेकर सभी के सर्वसम्मति से राकेश पाल को चुनाव पदाधिकारी नियुक्त किया गया, जिसमे उनकी सहमति से दो अन्य सदस्य सरोज सिंह और आशीष मित्रा को नियुक्त किया गया। इसके बाद क्लब के सभी सदस्यों द्वारा वर्तमान कार्यकाल के कार्यों की सराहना करते हुए सभी के सर्वसम्मति से निर्विरोध एक बार पुनः डॉ असजद को अध्यक्ष चुन लिया गया। उपेन्द्र कुमार ठाकुर को सचिव और अनिल सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। क्लब के सचिव और कोषाध्यक्ष बनने पर उपेन्द्र कुमार ठाकुर और अनिल सोनी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कहा कि और नए ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। क्रम में अन्य पदाधिकारियों का चयन करते हुए प्रथम उपाध्यक्ष अरुण सोनी, द्वितीय उपाध्यक्ष राकेश पाल, तृतीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, सह सचिव देवेन्द्र गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष पूनमचंद कांस्येकार, मेंबरशिप चेयरपर्सन मिथिलेश कुमार ठाकुर, क्लब चेयरपर्सन लीडरशिप परेश कुमार तिवारी, क्लब सर्विस चेयरपर्सन कंचन साहू, क्लब मार्केटिंग चेयरपर्सन विश्वास शर्मा, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर ज्योति प्रकाश चेयरपर्सन फण्ड राइजिंग संतोष कश्यप, लॉयन टैमर सरोज सिंह, टेल ट्विस्टर मनोज कश्यप व अन्य सदस्यों को क्लब का डायरेक्टर नियुक्त किया गया। मौके पर गेस्ट अपीयरेंस में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के राम नारायण प्रसाद व लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### पहलगाम घटना के विरोध में माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च




**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले के तत्वावधान में कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमला के विरोध में अनुमंडल मुख्यालय भवनाथपुर मोड़ से कैंडल सह प्रतिवाद मार्च निकाला गया। कैंडल सह प्रतिवाद मार्च मुख्य पथ से होते बालिका उच्च विद्यालय के निकट पहुंच कर सभा मे तब्दील हो गया। मार्च में शामिल माले कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी नरसंहार की घटना की जितनी भी निंदा की जाय कम है। सभा के अंत मे आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रतिवाद मार्च में सुरेश उरांव,अयूब अंसारी,अख्तर अंसारी,राजकिशोर पासवान,सुनील उरांव,शांति देवी,प्रमिला देवी,लक्ष्मी देवी,रीता देवी,रुनिया देवी,सोनी देवी,कवल पतिया कुंवर,अनिता देवी सहित बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक नजर

### वारंटी के घर इश्तेहार चिपकाया

**धुरकी।** थाना के मिरचइयां गांव निवासी व पोक्सो मामले का आरोपी बनारसी भुइयां का पुत्र बुचनू भुइयां के घर शनिवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। बताया गया कि बुचनू गिरफ्तारी के डर से काफी दिनों से फरार है। उसके विरुद्ध न्यायालय से इश्तेहार प्राप्त कर धुरकी पुलिस ने ढोल-नगाड़ा के साथ आरोपी के घर में आसपास के लोगों को इकट्ठा कर यह इश्तेहार चस्पां किया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि बुचनू जल्द थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उसके विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### शिशु का शव कुआं से बरामद

**बड़गड़(गढ़वा)।** बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत टेहरी पंचायत के बींजपुर गांव स्थित एक कुएं से अज्ञात शिशु का शव पुलिस ने बरामद किया है। यह जानकारी थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने दी। बताया कि उक्त शिशु का शव बींजपुर गांव के पूरब-दक्षिण दिशा स्थित एक कुएं से बरामद किया गया है। उसकी उम्र लगभग 8-10 माह है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी प्रकार की गुमशुदगी की सूचना बड़गड़ थाने को अवश्य दें।

### विहिप व बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**रंका।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में जन आक्रोश रैली निकाल कर विरोध दर्ज कराया। मौके पर आंतकवा का पुतला दहन किया गया। जन आक्रोश रैली रघुनाथ अखाड़े से निकल कर रंका मुख्य बाजार, रंका गढ़ फाटक, होते रंका पुल के पास पहुंच कर समाप्त हो गई। आतंकवादी का पुतला दहन की गई। जन आक्रोश रैली में लोगों ने लोगों ने आतंकवा के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। मौक पर विधायक प्रतिनिधि सह विश्व हिन्दू परिषद के रवी चंद्रवंशी उर्फ चप्पू, रानूराज कमल सिंह,उत्तम पांडेय,राजू प्रसाद, किशोर कुमार सहित काफी संख्या में विहिप व बजरंग दल के सदस्य उपस्थित थे।

### भेड़ों की चोरी करने का प्रयास असफल

**केतार।** प्रखंड के पालनगर गांव निवासी राम नरेश पाल के भेड़ों के झुंड से शनिवार की रात दो बजे चोरों ने एक दर्जन भेड़ों का मुंह बंद कर उनकी चोरी कर ली। कुछ दूर ले जाकर उन्हें झाड़ियों में बांध दिया। चोरों द्वारा भेड़ों को चुराने के दौरान उनकी रक्षा के लिए लगाए गए जाल को काटने के दौरान हुई आवाज पर भेड़ों की रखवाली कर रहे भेड़ों के मालिक नरेश पाल की नींद खुल गई। उन्होंने दो चोरों को भेड़ों को उठाकर भागते हुए देखा। तब उन्होंने शोर मचाया। उसके बाद चोर भेड़ों को छोड़ कर भाग खड़े हुए। बाद में पहुंचे ग्रामीण और परिजनों ने झाड़ियों में बांधे गए भेड़ों को वापस उन्हें झुंड में लेकर आए। बता दें कि दो वर्ष पूर्व भी चोरों द्वारा लगभग दो दर्जन भेड़ की चोरी किया था।

## अवैध उत्खनन मिलने पर एसडीओ ने कार्रवाई का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने रविवार को मेराल, मझिआंव, कांडी , बरडीहा प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के क्रम में प्रथम दृष्टया अवैध उत्खनन से संबंधित दो मामला मिले। मेराल प्रखंड के तोलरा गांव में मिट्टी के अवैध उत्खनन व बरडीहा के बभनी गांव में अवैध बालू डंप साइट मिला। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मेराल प्रखंड के तोलरा गांव के पास मिट्टी लदे हुए बिना नंबर के चार ट्रैक्टर दौड़ते हुए रोड पर मिले। एसडीओ के रोक कर उनसे पूछताछ करने पर जानकारी मिली की वह खजुरी गांव के पास से मिट्टी खोदकर तोलरा में ही एक ईंट भट्टे के लिए ले जा रहा है। मौके पर ही ट्रैक्टर के मालिकों व ईंट भट्टे के संचालकों को बुलाया गया। उनसे बिना नंबर के चल रहे ट्रैक्टर, मिट्टी की लीज से संबंधित दस्तावेज व भट्टा संचालन से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई। लेकिन वे लोग न तो संतोषजनक जवाब दे पाए और न ही कागजात उपलब्ध करा सके। एसडीओ ने जिला खाना पदाधिकारी को मौके पर से ही जिला खनन पदाधिकारी को घटना स्थल पर पहुंच कर मिट्टी के अवैध उत्खनन में संलिप्त लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई करने, ट्रैक्टर मालिकों, भट्ठा मालिकों की पूरी विवरणी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों गढ़वा सदर प्रखंड के उरसुगी गांव में अवैध मिट्टी कटाई से निर्मित गड्ढे में डूब कर चार बच्चों की मौत हो गई थी, तभी से एसडीओ ने संबंधित अंचल अधिकारियों, जिला खनन पदाधिकारी को अवैध मिट्टी कटाई की रोकथाम का निर्देश दिया था। दूसरा मामला बरडीहा प्रखंड से संबंधित है। बरडीहा प्रखंड में बभनी गांव के पास बाकी नदी से निकाली गई बालू का अवैध डंप मिला। उक्त डंपिंग साइट पर लगभग 60 से 80 ट्रैक्टर बालू अवैध डंप कर रखा हुआ था। पास में ही एक ट्रैक्टर, एक जेसीबी खड़ा पाया गया, जो स्थानीय व्यक्ति का था। एसडीओ ने उक्त की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव, अंचल अधिकारी बरडीहा राकेश सहाय को देते हुए अवैध बालू डंप करने वालों पर प्राथमिकी करने का निर्देश दिया। साथ ही बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह को मौके पर बुलाकर बालू भंडार का जिम्मा दिया गया।



## आग लगने से घर जलकर खाक

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के झगराखांड़ के जिरहुला दह टोला में रविवार की सुबह में खाना बनाने के क्रम में अगलगी की घटना में वीरेंद्र मोची का 25 हजार रुपये नकद,लूना,दो मोबाइल,पंखा,खाद्य सामग्री सहित दो लाख से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गया। जानकारी के मुताबिक जिरहुला दह टोला निवासी रामअवतार भुइयां के बने प्रधानमंत्री आवास के सटे ही पाचाडुमर निवासी विरेंद्र मोची झोपड़ीनुमा घर गिराकर परिवार सहित रहता था। विरेंद्र लूना पर गांव-गांव कुल्फी बेचने का काम कर परिवार का जीवन बसर कर रहा था। साथ ही राम अवतार भुइयां के घर के बगल में ही जमीन खरीदकर अपना कच्चा का मकान बना रहा था। रविवार की सुबह में पत्नी गुड्डी देवी झोपड़ीनुमा घर में चूल्हा पर खाना बना रही थी। इस दौरान चल रहे तेज आंधी से आग से निकले चिंनगारी से झोपड़ी में आग लग गई। तेज आंधी के कारण आग की लपटें अचानक से तेज हो गई, जिसे देखकर ग्रामीण उपेंद्र भुइयां, बिहारी भुइयां, कमलेश प्रजापति, दिलीप भुइयां, ललन भुइयां, जितन मेहता, मनी प्रजापति, मंजेश यादव, घुनरी देवी, मीना कुमारी, भुल्टी देवी, सुशीला देवी टोलावासी पहुंच कर मोटर चालू कर आग बुझाया। जब तक आग बुझाया गया तब तक विरेंद्र मोची के झोपड़ी रखे सारा सामान के अलावा रामअवतार भुइयां के घर के रखा खाद्य सामग्री सहित गेहूं का बोझा जलकर खाक हो गया। वीरेंद्र मोची की पत्नी गुड्डी देवी ने बताया कि मकान बनाने के लिए 25 हजार रुपये कर्ज लेकर रखे थे। अब मकान कैसे बनेगा ईश्वर जाने। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधि से मदद की गुहार लगाई है,ताकि उसका मकान बन सके।



## सोन नदी से जलापूर्ति योजना का नहीं मिल रहा लाभ, कई इलाकों में जल संकट

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** जिला अंतर्गत प्रखंड के खैरवा गांव स्थित सोन नदी से जलापूर्ति योजना का लाभ अभी तक लोगों को नहीं मिल रहा है। यहां से जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने की योजना प्रस्तावित है। सोन नदी हर घर नल से पानी पहुंचाने की योजना अधर में लटकी हुई है। साथ ही बड़े पाइप को रखने के लिए बनाए गए ब्रिज में भी दरार आ गया है। पानी की आपूर्ति शुरू नहीं होने के कारण लोगों को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। योजना शुरू नहीं होने से भीषण गर्मी में पानी के अभाव में कई गांवों में हाहाकार मचा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि टंकी का निर्माण कराए जाने के बाद सोन नदी से पानी आपूर्ति करने के लिए बिछाई गई पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं किया गया है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों को पीने की पानी की समस्या बढ़ रही है। साथ ही प्रखंड की लाइफ लाइन पंडा नदी के सूखने के कारण पंडा नदी के तट पर बसे दर्जनों गांवों का जल स्तर लगातार घट रहा है। लोगों को इस बात का मलाल है कि सरकार द्वारा लोगों को पीने के लिए स्वच्छ जल आपूर्ति को लेकर अब तक करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बाद भी उनके घरों तक पानी पहुंचाने की योजना का लाभ उन्हें नहीं मिला।

**गरमा फसल बर्बाद होने की चिंता**

प्रखंड के केतार, मुकुंदपुर, बलीगढ़, परसोडीह, परती कुशवानी पंचायत के किसानों को जल स्तर लगातार घटने से चिंतित हैं। जल स्तर घटने से पीने का पानी की समस्या बढ़ रही है, वहीं खेतों में लगाए गई गरमा फसल मूंग, उड़द और सब्जी की खेती चौपट होने के कगार पर है। किसानों ने बताया कि अभी तो गर्मी की शुरूआत हुई है। आने वाले दिनों में जब गर्मी बढ़ेगी तो स्थिति और विकराल होगी।

## विधायक ने नेशनल ट्रैक साइक्लिंग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** नेशनल ट्रैक साइक्लिंग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले आमिर रेयाज को नगर गढ़ पर रविवार को विधायक अनंत प्रताप देव(छोटे राजा) तथा झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने शॉल,बुके देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हमारे क्षेत्र का आमिर रेयाज ट्रैक साइकलिंग में देश का प्रतिनिधित्व कर क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया।उन्होंने कहा कि जिस तरह क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने पूरे दुनिया में नाम कमाया है। उसी तरह आमिर रेयाज भी एक दिन पूरी दुनिया में नाम कमायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे से लौटने के बाद आमिर रेयाज को मुख्यमंत्री से मिलवा कर आशीर्वाद दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार से होने के बावजूद इन्होंने काफी संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक ने आमिर रेयाज के उज्जवल भविष्य की कामना की। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि गरीब परिवार से होने के बाद भी अपने लगन और परिश्रम से आमिर ने अपने आप को ट्रैक साइकलिंग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर(मलेशिया) करने के काबिल बनाया, जो गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को रेयाज से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन्हें जो सुविधा मिलना चाहिये था उसका अभाव आज भी है। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री व खेलमंत्री से मिलकर आवश्यक सुविधा दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने रेयाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य तनवीर खान, तस्लीम खान सीनियर, सदर तौहिद खान,युवा समाजसेवी महमूद आलम, सद्दाम आलम, हैदर खान, साहेब आलम, अजय प्रसाद मुखिया, कबूतरी देवी, संतोष पांडेय,कमलेश मेहता,विनोद ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।



## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में झामुमो का आक्रोश मार्च

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला इकाई ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ शनिवार की शाम आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मार्च के दौरान देश की एकता और अखंडता बनाए रखने और आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग केंद्र सरकार से की गई। आक्रोश मार्च बस स्टैंड से शुरू होकर सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा के पास जाकर श्रद्धांजलि सभा में तब्दील हो गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष शंभू राम ने किया। आक्रोश मार्च में भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने पहलगाम हमले को मानवता के खिलाफ कुकृत्य बताया। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाकर जिस निर्ममता से हत्या की वह अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। विधायक ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। मौके पर सचिव शरीफ अंसारी, मदनी खान, नीतेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, केंद्रीय सदस्य मनोज ठाकुर, अनीता दत्त, जितेंद्र सिन्हा, पिंकी केसरी, आशीष अग्रवाल, अशर्फी राम, चंदन जायसवाल, फरीद खान, कंचन साहू, अंजली गुप्ता, रेखा चौबे, दीपमाला कुमारी, वंदना जायसवाल सहित अन्य शामिल थे।

### दानवीर भामाशाह की जयंती मनायी गयी

**केतार।** तैलिक समाज द्वारा लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को मनोरंजन गुप्ता की अध्यक्षता में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। इस दौरान लोगों ने दानवीर भामाशाह के तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि मेवाड़ राज्य में जन्मे दानवीर भामाशाह बाल्य काल से ही मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र थे। भामाशाह का मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम था। इनके सहयोग से ही महाराणा प्रताप ने संघर्ष की नई दिशा दी और मेवाड़ को आत्मसम्मान दिलाया। भामाशाह ने 1576 में इतना दान दिया था कि 25 हजार सैनिकों को 12 वर्षों तक निर्वाह हो सकता था। इन्हीं के सहयोग से महाराणा प्रताप ने पुनः सैन्य शक्ति संगठित कर मेवाड़ से मुगलों को खदेड़ा था। मौके पर राम विचार साहू,सुरेन्द्र गुप्ता, मुकेश कुमार, मुखिया मुंगा साह, मनोरंजन गुप्ता,दीनदयाल गुप्ता, बिंदू राम, मनोज गुप्ता, विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## एक घंटा तक यातायात रहा बाधित, वाहनों की लंबी कतारें लगी

# आंधी-पानी से सड़क किनारे खड़े वाहन पर पेड़ गिरा

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** मौसम के अचानक करवट ले लेने से प्रखंड क्षेत्र में आंधी, पानी व ओलावृष्टि ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी। इस दौरान कई स्थानों पर भारी नुकसान भी पहुंचाया। खरौंधी-राजी-करिवाडीह मुख्य मार्ग पर एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात बाधित हो गया। सड़क के किनारे खड़ी एक टाटा सूमो पर भी पेड़ गिर गया, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार शाम चार बजे मौसम ने अचानक रुख बदला। तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई। इस दौरान क्षेत्र में वज्रपात भी हुआ। हालांकि कहीं से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पेड़ गिरने के कारण मुख्य मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लगभग एक घंटे से भी अधिक समय तक यातायात ठप रहा। स्थानीय लोगों ने तत्काल स्थिति को संभालने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने मिलकर पेड़ को हटाने का कार्य शुरू किया, जिसके बाद सड़क को आंशिक रूप से खोल दिया गया। बाद में प्रशासनिक टीम भी मौके पर पहुंची और पूरी तरह से रास्ता साफ कराया। टाटा सूमो के मालिक ने बताया कि वह किसी काम से सूमो को सड़क किनारे खड़ा कर गए थे। अचानक तेज आंधी आई और देखते ही देखते एक भारी पेड़ उनकी गाड़ी पर गिर पड़ा। गाड़ी को भारी क्षति पहुंची है, हालांकि कोई मानवीय नुकसान नहीं हुआ यह राहत की बात है। क्षेत्र में आंधी-पानी से कई जगह पेड़ गिरने, बिजली के पोल झुकने और कुछ कच्चे मकानों को नुकसान पहुंचने की भी खबर है। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।



### कूप निर्माण के दौरान बज्रपात से मजदूर घायल

**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में रविवार शाम कूप निर्माण कार्य के दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब आधा दर्जन मजदूर कूप से मिट्टी निकालने का कार्य कर रहे थे। तेज बारिश के दौरान बज्रपात होने से एक मजदूर विनोद राम,मझिगवां गांव के ही निवासी हैं, उसकी चपेट में आ गए। बज्रपात की चपेट में आने से विनोद राम बुरी तरह झुलस गए और बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचे कर घायल को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को स्थिर बताया है।

# संदिग्ध अवस्था में वृद्ध दंपति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू थाना अंतर्गत टोंटी पंचायत के हेसला गांव निवासी प्रसादी साव (75 वर्ष), पत्नी करनी देवी (70 वर्ष) को अचेत अवस्था मे रविवार को सुबह परिजनों ने बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने दोनों पति-पत्नी को गहन जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि प्रसादी साव पिता जटा साव, उनकी पत्नी करमी देवी पति प्रसादी साव दोनों अपने घर में बच्चों से अलग एक कमरे में रहा करते थे। वहां
शनिवार रात में सभी परिवार खाना खाकर दूसरे कमरे में सोने चले गए थे। सुबह दोनो को बेहोश अवस्था में पाया। तुरंत ईलाज के लिए बालूमाथ स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना कि सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रेत्तर कारवाई मे जुट गई। बता दें कि घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। वृद्ध दंपति के आसपास रहने वाले लोगों ने आत्महत्या की आशंका जताई है। मृतक पत्नी के मांग में ताजा सिंदूर व पति के कंठ(गर्दन) में ताजा सिंदूर लगा पाया गया था । इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आत्महत्या से पहले पति ने अपने पत्नी को सेंदूर और पत्नी ने अपने पति को तिलक व टीका लगाकर आत्महत्या किया है। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिर्पोट आने पर ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के नवाडीह पनारी पंचायत अंतर्गत मायापुर निवासी अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ से झूलता मिला। मृतक की पहचान 55 वर्षीय शंकर चौधरी के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने ही गमछा से गांव के बगल भलही पहाड़ के नीचे चकौंधी के पेड़ पर फांसी का फंदा बनाकर लटक कर आत्म हत्या कर ली। इस मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा है। फिलहाल पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आत्महत्या बताया जा रहा है, हालांकि रिर्पोट आने के बाद ही पता चलेगा कि शंकर की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है। परिजनों ने सात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है कि कुछ ही दिन पूर्व भाई से जमीन लेकर विवाद हुई थी।

# खेल के क्षेत्र में असीम संभावनाएं : अनिता देवी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** उच्च विद्यालय खेल स्टेडियम में रविवार को अंडर 16 नॉक आउट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने फीता काटकर कर किया । इस अवसर पर मुख्या अतिथि ने टॉस उछाल कर व बैटिंग कर मैच की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि खेल में भी खिलाड़ी अपना करियर बना सकते हैं। खेल के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं। क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जो हमें सिखाता है कि कैसे हम टीम वर्क, अनुशासन और समर्पण के साथ बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अगर खेल में हम अपनी ताकत और कमजोरियों को स्वीकार कर उन पर काम करें तो आगे और भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने चंदवा जैसे छोटे शहर में इस प्रकार का आयोजन करने वाले राज क्रिकेट एकेडमी की टीम को साधुवाद दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के कई ऐसे गांव हैं, जहां के खिलाड़ी आज देश प्रदेश में अपने क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं। अतिथियों ने इस प्रकार के भव्य आयोजन के लिए राज क्रिकेट एकेडमी सदस्यों को बधाई दी। मौके पर काम राजा तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, मुकेश दुबे, सन्नी दुबे समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# सलाना उर्स पर चादरपोशी, कव्वाली का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** हजरत अनजान शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स-ए-पाक के अवसर पर शनिवार को ग्राम प्रतापपुर स्थित दरगाह परिसर में कव्वाली और लंगरख्वानी का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा के मजार पर चादरपोशी कर मन्नतें मांगीं और सांप्रदायिक सद्भाव का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि हजरत अनजान शाह दाता का उर्स न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव की मिसाल भी है। मौके पर आयोजित कव्वाली, लंगरख्वानी और धार्मिक अनुष्ठानों ने श्रद्धालुओं के बीच आस्था और भाईचारे की नई मिसाल कायम की। उर्स व कव्वाली को सफल बनाने में उर्स कमेटी के अध्यक्ष मो. मुस्तकीम, संयोजक मो. इफ्तेखार अहमद, हिन्दू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल, सफरुल खान, इस्तियाक अंसारी, आजाद अहमद, मो. मजहर खान, अजीत पाल कुजूर, नुरूल अंसारी, अजय गुप्ता, हयूम अंसारी, नसीम अंसारी की सराहनीय भूमिका रही। उर्स की शुरूआत सुबह फातिहाखानी और कुरानखानी से हुई। इसके बाद उर्स कमेटी द्वारा चादर का भव्य नगर भ्रमण कराया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के मजार पर चादर चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त की।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, एसडीओ विपिन कुमार दुबे, एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

# टोटो की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा डोभी मुख्य पथ एनएच 22 हंटरगंज पानी टंकी आरसीएम दुकान के समीप एक युवक की टोटो की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव कब्जे में ले लिया। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी शिव कुमार लाल के 40 वर्षीय पुत्र अरविंद लाल के रुप में हुई। अरविंद घर का एक कमाऊ सदस्य है। रविवार शाम को अपने गांव से ही दो दोस्तों के साथ स्विफ्ट रिपेयर करवाने हंटरगंज पानी टंकी के समीप एक गैराज में आया था। इस दौरान युवक गाड़ी रिपेयर के होने के बाद चतरा-डोभी मुख्य पथ के किनारे स्विफ्ट लगाकर गेट खोल मुख्य पथ पर खड़ा था। इस दौरान चतरा की ओर से आ रही टोटो ने चपेट में ले लिया, जिससे युवक मुख्य सड़क पर गिर गया। अनियंत्रित टोटो ने युवक को घसीटते हुए लगभग 5 मीटर ले गया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब टोटो चालक टोटो लेकर फरार हो गया। मौके पर दोनों दोस्तों ने उन्हें लेकर सीएचसी हंटरगंज पहुंचे। वहां चिकित्सक ने मौत की पुष्टि कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले ली। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के आवेदन पर अज्ञात टोटो सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टोटो की तलाश में जुटी है।

## अनियंत्रित पिकअप ने महिला को मारी टक्कर, घायल




**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बर्छिया ग्राम घाटी में अनियंत्रित पिकअप ने अपने घर के बाहर खड़ी महिला को अपने चपेट में ले लिया। महिला की पहचान धनेश्वरी मसोमात (75 वर्ष) पति स्वर्गीय लाला विश्वकर्मा जबरा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि महिला अपने घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान एक तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने उसे धक्का मार दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में परिजन और ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि महिला को सिर, पैर सहित शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटे आई हैं।

## हाइवा की चपेट में आने से पति-पत्नी, बेटी घायल



**बालूमाथ।** डीवीसी तुबेद माइंस द्वारा संचालित कोयला वाहन इन दिनों सड़क दुर्घटना का कारण बना हुआ है। रविवार को बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग बनियों ग्राम के पास का है। एक अनियंत्रित हाइवा ने मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया। मोटरसाइकिल सवार हेरहंज निवासी लालदेव उराव, मीना देवी व उनकी 15 वर्षीय बेटी विनीता कुमारी घायल हो गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लालदेव अपने पत्नी और पुत्री के साथ मोटरसाइकिल से मकईयाटांड़ स्थित रिश्तेदार के घर से वापस हेरहंज लौट रहे थे। इस दौरान बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग स्थित बनियों ग्राम के पास पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा ने मोटरसाइकिल को धक्का मार दिया, जिससे मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तीनों को भर्ती कराया। वहां डॉ. सुरेंद्र कुमार इलाज की। तीनों घायलों को पैर, हाथ, सिर सहित शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं।

## छह महीना से जलमीनार खराब



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के बंहे पंचायत अंतर्गत सिमरिया कला गांव में हर घर नल योजना के तहत जलमीनार का निर्माण किया गया था, लेकिन यह जलमीनार पिछले छह महीने से खराब है। इस कारण लोगों के घरों में जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पेयजल व स्वच्छता विभाग से कई बार किया, लेकिन इसको बनाने को लेकर विभाग उदासीन है।

## यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**चंदवा।** एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर नाबालिग के साथ यौन शोषण के एक मामले में आरोपी संजय मुंडा पिता करमा मुंडा को थाना क्षेत्र के आरा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार संजय मुंडा के विरुद्ध एक नाबालिग किशोरी के साथ यौन शोषण का आरोप था। उसके विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। छापेमारी अभियान में थाना के अधिकारी व जवान शामिल थे।

## गुमशुदा बालक सकुशल घर लौटा

**चंदवा।** रांची रोड स्थित रेस्टोरेंट संचालक अमरदीप प्रसाद का पुत्र अभिनव कुमार (मिठू) शनिवार की संध्या सकुशल घर लौट आया। परिजनों ने बताया वह पतरातु चला गया था। शनिवार को वह खुद वापस घर लौट आया। बता दें कि गुरुवार की शाम घर से ट्यूशन पढ़ने जाने की बात कह निकला था, जिसके बाद से वह लापता था। बालक के शकुशल घर लौटने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है।

## शॉट सर्किट से बाइक में लगी आग, जलकर खाक



**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जोरी स्थित बीच बाजार मटकोर गली में देर शाम अचानक एक बाइक में शॉट सर्किट होने से आग लग गई। बाइक से आग की लपटें उठती देख आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया, तब तक बाइक पूरी जल गई। जानकारी के अनुसार हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र के बेंदी गांव निवासी विकास कुमार गंझू, वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के डंडई निवासी जटू गंझू घर अपने सुसराल पति-पत्नी देर शाम अपने घर से बाइक से डंडई जा रहे थे। इस दौरान चतरा-डोभी मुख्य पथ एनएच 22 जोरी बीच बाजार मटकोर गली में नो इंट्री खुलने के दौरान सड़क जाम हो गई। इस दौरान बीच सड़क में अचानक शॉट सर्किट होने के कारण उनकी बाइक में आग लग गई। गनिमत रही कि इस दौरान दोनों बाइक सवार तत्परता दिखाते हुए बाइक से कूद गए। बाइक आग की लपटों के बीच घिरती चली गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। वशिष्ठ नगर थाना पुलिस घटना कि सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस के सहयोग से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई।

# आतंकियों के विरुद्ध कैंडल निकाल जताया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय जनता दल ने कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमला में मारे गए निर्दोष की घटना की निंदा की है। राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव के नेतृत्व में खेल स्टेडियम से कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च बस स्टैंड होते हुए समाहरणालय पहुंच कर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल से जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि आतंकियों को जड़ से खत्म करने का अब समय आ गया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार पर्यटकों का कलमा पूछ कर और आईडी चेक कर नरसंहार किया गया यह घोर निंदनीय है। यह घटना शर्मशार करने वाली है। राजद जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव ने कहा कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद हैं, जो पाक के इशारे पर कभी भी आतंकवाद के इन घृणित घटनाओं को करने के लिए तत्पर रहते हैं। अब फैसला ऑन द स्पॉट करने की जरूरत है। घटना पर आक्रोश व्यक्त करने के लिए कैंडल मार्च में संतोष यादव, प्रीत लाल यादव, विश्वनाथ उरांव, निजाम अंसारी, दीपक यादव, अजीत श्रीवास्तव, दीपक यादव, विपिन यादव, वुहाब मियां, सुरेश सिंह, मिठू लोहरा, सुरेंद्र प्रजापति, सुरेश सिंह, बबलू गिरि, मनोज यादव, विनय कुमार, अजय कुमार गुप्ता, सतेंद्र यादव, अजय कुमार यादव, बलराम यादव, रियाज अंसारी, अंकित यादव, लालदेव गंझू, फोनू गंझू, चंदन कुमार, चन्द्रदेव सिंह, विकाश कुमार पिंटू यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# चावल गिनकर भगत ने की अच्छी बारिश की भविष्यवाणी, गांव के प्राचीन देवता की हुई पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** पारंपरिक पूजा के दौरान भगत ने चावल गिनकर इस साल अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की है। पशुओं की रक्षा, अच्छी बारिश, गांव व घरों की खुशहाली की कामना को लेकर चतरा के गांवों में सदियों से प्राचीन देवता बीर की पूजा की जा रही है। इस पूजा में गांवों के सभी लोगों का सहयोग रहता है। जनजातीय परंपरा के अनुरूप पत्थलगडा में प्राचीन देवता जिन्हें वीर भी कहा जाता है कि पूजा रविवार को की गई।
दुंबी सहित अन्य गांवों में पारंपरिक विधि विधान व भक्ति भाव से बीरवन स्थान में प्राचीन देवता वीर की पूजा के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। पूजा से पहले ढोल बजाकर दुंबी और बरवाडीह गांव को जगाने की परंपरा निभाई गई। भगत और नाया घर घर जाकर गवांत का जल और अरवा चावल का वितरण किए। प्रसाद के रूप में ग्रामीण अरवा चावल भगत से लेकर अपने घरों में रखते हैं। मान्यता है कि इस चावल को घर में रखने से घर और परिवार बुरी नजर से दूर रहता है। गांव और समाज में सुख समृद्धि, पशुओं की रक्षा और अच्छी बारिश, फसल की कामना को लेकर बीर की पूजा की जाती है। पत्थलगडा थाना के समीप बीरवन नामक स्थान में जनजातीय परंपरा के अनुरूप पूजा की गई। पूजा से पहले भगत या नयवा ढोल और मुरच्छल (मोरपंख) के साथ गांव का भ्रमण किए। ढोल बजाकर सभी प्राचीन देवताओं का आह्वान किया गया। बीरवन स्थान में सूअर और मुर्गे की बली दी गई। बली के पहले भगत अपने देवता का आह्वान करते हैं और चावल का गिनती कर बारिश का अनुमान लगाते हैं। बीरवन स्थान में एक खूंटा भी गाढ़ा जाता है। चावल गिनने के बाद भगत ने अच्छी बारिश की भविष्यवाणी की। यहां बीर बाबा की साल में एक बार पूजा की जाती है। बीरवन स्थान में खूंटा गाढ़ने की परंपरा भी सदियों से चली आ रही है। प्रत्येक वर्ष बैशाख महीने में बीरवन पूजा का आयोजन किया जाता है। झारखंड में भुइयां समाज की ओर से बीर जिन्हें तुलसी बीर भी कहा गया है उनकी पूजा करते हैं।

# आत्मसमर्पण नहीं करने वाले नक्सलियों के लिए अप्रैल आखिरी महीना होगा : कामांडेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** नक्सलियों के खात्मे को लेकर केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक एक्शन मोड में है। सरकार के निर्देश पर नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। इस बीच सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर ने दावा किया कि की अप्रैल का महीना नक्सलियों के लिए अंतिम महीना साबित होने वाला है। उनका कहना है कि जो नक्सली सरेंडर कर देंगे उनका जीवन तो सुरक्षित होगा, परंतु शेष नक्सलियों का खात्मा तय है। नक्सलियों के ताबूत में अब मात्र अंतिम कील ठोका जाना बाकी रह गया है। दरअसल देश के अन्य हिस्सों की तरह ही लातेहार जिले में भी नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि पिछले दो-तीन वर्षों से पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा जिस प्रकार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है उसके कारण लातेहार जिले में नक्सलियों को करारा झटका लगा है। जिले में नक्सली काफी कमजोर हो गए हैं। बचे नक्सलियों के खात्मे के लिए भी पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा लगातार संदिग्ध इलाकों में छापेमारी की जा रही है, जिससे नक्सलियों को अब एक स्थान पर रुके रहना कठिन हो गया है।





## आत्मसमर्पण करना ही एकमात्र रास्ता

सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर ने कहा कि नक्सलियों के पास अब एकमात्र विकल्प आत्मसमर्पण करना ही रह गया है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली अपनी बची हुई जिंदगी को अपने परिवार के साथ आराम से गुजार सकते हैं।

## नक्सलियों को ग्रामीणों से भी सहयोग बंद

सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर ने कहा कि नक्सलियों का अब अंतिम समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पहले नक्सली हथियार के बल पर ग्रामीणों को डरा कर रखते थे, जिसके कारण ग्रामीणों को मजबूरी में नक्सलियों का सहयोग करना पड़ता था, परंतु अब ग्रामीणों के मन में नक्सलियों का भय भी पूरी तरह खत्म हो गया है। इस कारण ग्रामीणों द्वारा नक्सलियों को किसी प्रकार का कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का विश्वास अब पुलिस और सुरक्षाबलों पर बढ़ गया है। इस कारण ग्रामीण अब खुलकर अपनी बात पुलिस और सुरक्षाबलों से कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों का माहौल ऐसा हो गया है कि अब नक्सलियों का वहां रहना मुश्किल हो गया है। दूसरी ओर पुलिस और सुरक्षाबलों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिस कारण लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं।

# अनियंत्रित हाइवा पेड़ से टकराई, चालक घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** हाइवअनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से चालक नरेश यादव पिता श्रीमूला यादव ग्राम बुकरु थाना बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना शनिवार देर रात बुकरु रेलवे साइडिंग के निकट सरोना टोला के पास का है। जानकारी के अनुसार सामने से आर रही हाइवा के साइड लेने के क्रम में पहली हाइवा अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण और परिजनों ने हाइवा चालक को आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ईलाज के लिए भर्ती कराया। वहां डॉ. ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# पीएम के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 121 वें एपिसोड का प्रसारण

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात" के 121वें एपिसोड का आयोजन रविवार को लोहरदगा नगर के विभिन्न बूथों पर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने देशभक्ति की भावना के साथ एकजुट होकर इस कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू के नेतृत्व में हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन में 22 अप्रैल को देश में हुई आतंकी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पूरा देश आक्रोशित है और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कठोर कार्रवाई के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आतंकियों को उनके कृत्य की कठोरतम सजा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने एक साथ 104 उपग्रहों का प्रक्षेपण कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुँचने वाला पहला देश बनकर इतिहास रच दिया है। साथ ही, प्रधानमंत्री ने युवा वैज्ञानिकों की साधनहीन परिस्थितियों में भी अडिग संघर्ष भावना का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह बैलगाड़ियों और साइकिलों से वैज्ञानिक उपकरण पहुँचाए जाते थे। संकल्प पत्र नगर संयोजक सत्यम कुमार ने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचारों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि अब हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले की खूबसूरत घाटियों में भी केसर की खेती प्रारंभ हो गई है, जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक नया कदम है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को जागरूकता, प्रेरणा और सकारात्मक सोच से जोड़ने का माध्यम बन चुका है। लोहरदगा नगर मंडल के उपाध्यक्ष अशोक कसकर ने प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। प्रमुख रूप से विश्वनाथ साहू, बुथ अध्यक्ष प्रियंका साहू, लख्खी देवी, रोहित कुमार, गोलू कुमार, सक्षम कुमार, रितिका देवी, विमला देवी, सुषमा देवी, नेहा देवी, खुशबू देवी, खुशबू कुमारी, सुप्रिया कुमारी, माही कुमारी, पीहू कुमारी, अवि कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



## मन की बात सुनकर भाजपा को मजबूत करने का लिया संकल्प

**सेन्हा-लोहरदगा।** बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत अंतर्गत बूथ संख्या 43 में पीएम का मन की बात कार्यक्रम आयोजित हुआ। मन की सुन कर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा और राष्ट राष्ट्रीयता के लिये राष्ट का विकास का संकल्प लिया। वही जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो ने कहा कि पीएम देश का विकास के साथ साथ सर्वांगीण विकास के लिये कृतसंकल्पित हैं। प्रधानमंत्री का सपना और दृढ़ इच्छा है। राष्ट को मजबूती के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। साथ ही कहा की मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेवा भारती ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 150 वां सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पिछले दिनों कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा मारे गए सभी दिवंगत आत्माओं के लिए 1 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। पहलगाम एवं बंगाल में हुई घटना की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 40 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे ख़र्च में ही कराई जाती है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की गर्मी के मौसम पर कड़े धूप में निकलना हो तो छाता या गमछा लगाकर ही निकले एवं पानी का सेवन अधिक से अधिक करें। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि स्वस्थ शरीर रहने पर ही जीवन जीने का आनंद ले सकेंगे नहीं तो सभी चीजें व्यर्थ है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सह सचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर और अपने उक्त बीमारियों का यहाँ डॉक्टर से इलाज करवाते हुए उनके सलाह से स्वस्थ हो रहे हैं। शिविर में संजय चौधरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, सुंदर देवी, अंजलि सर्राफ, ओमप्रकाश कांस्कार, एसके मिश्रा, जयंती देवी, रविता देवी, सोनी देवी, दीपक श्रीवास्तव, गोपाल महतो आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### शिशु मंदिर में संपन्न हुई संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय संकुल स्तरीय विषय सह आचार्य कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, मुख्य वक्ता एवं शिक्षाविद श्री कृष्णा प्रसाद जी ने विद्या भारती विद्यालयों के मुख्य लक्ष्य - बालकों का सर्वांगीण विकास - पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का ध्येय ऐसे देशभक्त बालकों का निर्माण करना है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने बालकों के चरित्र निर्माण के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत बालकों का निर्माण करना आवश्यक है, जो भविष्य में राष्ट्रहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस मंच पर विभिन्न विषयों के विद्वान अपना ज्ञान साझा करेंगे। उन्होंने सभी आचार्यों से शैक्षिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया ताकि शिक्षा प्रक्रिया सुगम और लाभकारी बन सके।

### आतंकवादियों को फांसी दो के नारे के साथ कैंडल मार्च निकला




**भंडरा।** आतंकवादियों को फांसी दो, भारत से जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा सहित अन्य देशभक्ति नारों के साथ अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च कुंबाटोली से शुरू होकर थाना चौक भंडरा पहुंच। इस मार्च में मुस्लिम समुदाय के कई लोग शामिल हुए। कैंडल मार्च का नेतृत्व अंजुमन इस्लामिया के प्रखंड कमेटी अध्यक्ष आफताब आलम ने किया।केंडल मार्च मे मोबरक अंसारी,परवीन अंसारी,परवेज अंसारी, मंसूर अंसारी,सलमान अंसारी,बाबर अंसारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लू से बचाव के लिए तौलिया, चश्मा लेकर ही निकले: डॉ निर्मला



**भंडरा।** जिले में तापमान में वृद्धि के साथ गर्मी बढ़ गई है। इससे भंडरा प्रखंड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए शीतल पेय का सहारा लें रहे है। भंडरा प्रखंड बस्ती में सुबह के नौ बजे से लेकर शाम के पांच तक ही सड़के वीरान लग रही है। हर कोई गर्मी से राहत पाने के लिए घर में ही रहना बेहतर समझ रहे है। तापमान में वृद्धि होने के बाद से शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। प्रखंड में चिलचिलाती धूप और गर्म हवा को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा की डा निर्मला शांति लकड़ा ने लोगों से बगैर काम के धूप में नहीं जाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि शरीर में पानी की कमी कभी नहीं होने दे, घर से निकलने से पहले तौलिया, चश्मा हाथों में ग्लब्स जरूर लगाएं। साथ ही घरों में ओआरएस का घोल का सेवन करें। गर्मी में हल्के और ढीले कपड़े पहनें, त्वचा को गीला रखें, स्प्रे बोतल या नम स्पंज का उपयोग करें और ठंडे पानी से स्नान करें।अत्यधिक गर्मी के दिनों में, प्यास लगने से पहले ही पानी पीते रहें, खासकर आप बाहर हों या शारीरिक गतिविधि कर रहे है। गर्मी के दिनों में शरीर से पसीने के माध्यम से पानी निकल जाता है। इस वजह से पानी का सेवन अधिक करना चाहिए।

### वक्त आने पर बरसाती मेंढकों को सबक जरूर सिखाया जाएगा : बुधवा उरांव



**लोहरदगा।** बगडू हिल बॉक्साइट माइंस के सभी छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल वर्क्स यूनियन के मजदूरों ने माइंस में आगामी होने वाली महाधिवेशन सह आमसभा के बारे में चर्चा की। इस दौरान यूनियन के बगडू इकाई के उपाध्याक्ष बुधवा उरांव ने कहा कि मजदूरों का हितैषी बनने के नाम पर हिंडाल्को से लाभ लेने के चक्कर में पड़े हुए नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। जिन्हें यूनियन संचालन का कोई अनुभव नहीं है। वैसे नेता सिर्फ अपने निजी स्वार्थ साधने के लिए मजदूरों के कंधे का सहारा लेने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा है कि छोटानागपुर बॉक्साइट एंड कोल्ड वर्कर्स यूनियन मजदूरों के अधिकार को लेकर धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में पिछले कई सालों से लड़ती रही है। इससे पहले शुरुआती दौर से स्वर्गीय श्री शिव प्रसाद साहू जी ने मजदूर संगठन को पोषित करते हुए एवं उनके हक तथा अधिकारों की रक्षा करते आए। इस संगठन का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ मजदूरों के अधिकारों को लेकर संघर्ष करना और मजदूरों को अधिकार दिलाना है। बाजार में कुछ लोग विवादित संगठन विवादित इंटक का अध्यक्ष बनकर मजदूरों को मूर्ख बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मीडिया में बयान देखकर अपने आप को मजदूर का हितैषी बताने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि यह स्पष्ट है कि उनकी सोच क्या है। ऐसे लोग किसी का भला करने वाले नहीं हैं। ऐसे लोग अक्सर अवसर की तलाश में रहते हैं। जिससे उन्हें लाभ मिल सके। यदि इन लोगों ने मजदूरों को बरगलाने का प्रयास किया, तो मजदूर इन्हें जवाब देंगे। राजनीतिक और व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसे लोग संगठन का नाम लेने की कोशिश कर रहे हैं। इनकी सच्चाई मजदूर जानते हैं और वह इन्हें कभी भी अपना नेता नहीं मानते हैं। वक्त आने पर ऐसे बरसाती मेंढकों को सबक जरूर सिखाया जाएगा।

हेसल डंपिंग यार्ड में मजदूरों के साथ धीरज प्रसाद साहू ने की बैठक, बोले

# आने वाले 8 मई को ऐतिहासिक होगा इंटक का महाधिवेशन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** हेंसल डंपिंग यार्ड में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने स्थानीय मजदूरों के साथ बैठक कर उनकी मूलभूत समस्याओं की जानकारी ली । जिसमें मुख्य रूप से मजदूरों के लिए शेड, शौचालय, पानी एवं उचित चिकित्सा व्यवस्था ,एंबुलेंस जैसी आवश्यक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया । इस कार्यक्रम में धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि मजदूरों की आधारभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व में शिव प्रसाद साहू के समय से ही इंटक मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ रहा है और जब-जब आवश्यकता पड़ती है। मजदूरों के साथ खड़ा रहता है। श्री साहू ने कहा कि जितने भी प्रकार की समस्याओं की चर्चा आज की बैठक में हुई है उन सभी बिंदुओं पर अग्रतार कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द उचित सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। श्री साहू ने जानकारी दी कि दिनांक 08/05/2025 को होने वाले इंटक के महाधिवेशन सांस्कृतिक कार्यक्रम से सजा रहेगा। जिसमें सभी वर्ग के लोगों का मिल रहा है सहयोग। आने वाले 8 मई को ऐतिहासिक होगा इंटर का महाधिवेशन। करीब 30से 40 हजार की संख्या में मजदूरों का होगा महाजूटान । कार्यक्रम में इंटक के कोषाध्यक्ष अशोक यादव के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति हेतु बैठक स्थल में 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंटक सचिव हातिम अंसारी, मजदूर अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, मजदूर सचिव देवनत हुसैन, मजदूर संरक्षक रुस्तम अंसारी, खुर्शीद अंसारी, तबारक अंसारी, मुसरत साबरी, शमीम अंसारी, युनुस अंसारी, इकरामुल अंसारी, रौनक इकबाल, जफर अंसारी, रबुल अंसारी, उप मुखिया अशोक उरांव, कामेश्वर उरांव, धीरज उरांव, नसीम अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

# नवनिर्मित हनुमान मंदिर का आज से प्राण प्रतिष्ठा आरंभ



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** एकागुड़ी ग्राम में सनातनियों के सहयोग से नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्रण प्रतिष्ठा सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हो गया। मन्दिर निर्माण में एकागुड़ी ग्राम व अगल बगल ग्राम के सनातनियों एवं समाजसेवी के सौजन्य से नवनिर्मित हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुरुआत कलश यात्रा के साथ आरम्भ हुआ। जिसमें 151 बालिकाओं द्वारा मेढो कोयल नदी से कलश में जल उठा कर मन्दिर प्रांगण तक लाया गया।साथ ही प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हनुमान जी का प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य पंकज पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ प्राण प्रतिष्ठ आरम्भ किया गया।वही जयचंद्र ठाकुर,सतीश मिश्रा,राजू उरांव,सुरेश उरांव,सरोज उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिन कलश यात्रा दूसरे दिन पंचांग पूजन,वेदी पूजन और नगर भरण होगा। तथा अंतिम दिन प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात हवन, महाआरती और भंडारा का आयोजन किया जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्यामकिशोर साहु, वीर बहादुर सिंह, ईश्वर साहु, विजय साहु, नरायण ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष भक्तगण उपस्थित थे।

# पहलगाम हमला कायरों के द्वारा मानवता पर हमला है : नवोदयंस

- कैंडल मार्च निकालकर आतंकवादियों को कड़ी सजा देने की मांग

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** नवोदय विद्यालय पूर्ववर्ती छात्र संघ के द्वारा पावरगंज चौक पर पहलगाम में हुए बेगुनाहों के बेरहमी से हत्या के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में नवोदय विद्यालय के सैकड़ो पूर्ववर्ती छात्र शामिल हुए। आतंकवादियों को सजा दिलाने तथा उन पर कड़ी कार्रवाई की मांग के नारे लगाते हुए यह सुभाष चौक पर जमा हुए और आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। इन्होंने केंद्र सरकार से मांग किया है कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को ढूंढ कर ऐसी सजा देनी चाहिए की दोबारा इस तरह की घटना करने से पहले अंजाम को सोचकर उनकी रूह कांप जाए। पूर्ववर्ती छात्र संघ के अध्यक्ष कलिंदर उरांव ने कहा यह घटना बहुत दुखद और कायराना है। निहत्थे आम नागरिकों पर गोलियां बरसाना मानवता के खिलाफ है। सचिव सागर वर्मा ने कहा की पहलगाम में हुए कायरना आतंकी हमले ने हम सब की आत्मा को झकझोर दिया है। यह हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं था। यह हमला हमारे देश की एकता, शांति और भाईचारे पर था। हम उन सभी मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां इकट्ठा हुए हैं। जिन्होंने अपनी जान गवायी है तथा हमारी गहरी संवेदना उनके परिवारों के साथ है। आज जो मोमबतियां हमारे हाथों में है,वह केवल रोशनी नहीं बल्कि उम्मीद की किरण है, की न्याय मिलेगा और एक बेहतर, सुरक्षित और आतंक से मुक्त भारत की उम्मीद है। हमें यह संकल्प लेना है कि हम एकजूट हैं एकजुट रहेंगे। आतंक के खिलाफ आवाज उठाएंगे और अपने देश की सुरक्षा व अखंडता के लिए सदैव खड़े रहेंगे। सरकार से हम मांग करते हैं कि दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए और सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए, ताकि ऐसा दर्द फिर किसी और को न सहना पड़े। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होने वालों में आफताब अख्तर, कलिंदर उरांव, सागर वर्मा, गुलाम जिलानी, विजय महतो, निकेश उरांव आदि सैकड़ो नवोदयंस उपस्थित हुए।

लोहरदगा में भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच कमेटी का विस्तार

# भ्रष्टाचार के खिलाफ ईमानदारी से लड़ाई लड़ेगा मंच : शकील अख्तर

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच का रविवार को कमेटी विस्तार किया गया। जिसमे मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी सदस्य कामिल तोपनो, जावेद खान, संगठन मंत्री रामचंदर भगत, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार गिरि, प्रखंड अध्यक्ष पेसरार एलेक्स टोप्पो, सचिव सुनील तिर्की, प्रखंड सचिव किसको परवेज खान, प्रखंड सचिव सेन्हा अब्दुल कादिर अंसारी, सचिव संजय विश्वकर्मा, सह सचिव कयुम अंसारी, संरक्षक प्रदीप राना, उपाध्यक्ष एजाज अख्तर के बीच मनोनयन प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि लोहरदग्गा मे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है। अनियमितता कर गबन करने वाले पदाधिकारी को खुला छूट मिला हुआ है। इसको काबू करने के लिए कोई भी संगठन नहीं है। इसलिए पूरे झारखंड में भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच का गठन किया गया है। जिसके लिए लोहरदग्गा में भी तेज रफ्तार से संगठन को विस्तार किया जा रहा है। सभी प्रखंडों में प्रखंड अध्यक्ष नियुक्ति करते हुए पंचायत स्तर पर कमेटी बनाएंगे। जिससे आम आदमी को जागरूक किया जा सके। ताकि भ्रष्टाचार लूट पर अंकुश लगाया जा सके। सरकार की पॉलिसी के तहत सभी अधिकारी को अपनी संपत्तियों का ब्यौरा देना है लेकिन कोई भी अधिकारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं देते हैं। दोनों हाथों से यहां के खनिज संपदा, योजना बनाकर अंचल प्रखंड जिला के सभी विभागों में लुट मचा हुआ है। इसको अंकुश लगाने हेतु भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच कमर कस चुकी है। जिला संरक्षक प्रदीप कुमार राणा ने कहा कि आने वाले दिनों में यहां के पदाधिकारियों पर संपत्ति को जांच करवाई जाएगी। साथ ही एंटी करप्शन ब्यूरो के द्वारा पकड़वाकर जेल भिजवाने का काम करेंगे। जिला सचिव संजय विश्वकर्मा ने कहा पुरा जिला कमेटी एकजुट होकर लोहरदग्गा को करप्शन मुक्त बनाएगी। जिला उपाध्यक्ष एजाज अख्तर ने कहा कि भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच भ्रष्टाचार के खिलाफ अंकुश लगाने हेतु न्यायालय का भी सहारा लिया जाएगा। जिला सह सचिव कयूम अंसारी ने कहा जिला सभी प्रखंडों में भ्रष्टाचार से लिप्त अधिकारियों को याचिका करते हुए सम्पत्तियों की जांच कराकर जेल भेजने का काम करेंगे। जिला उपाध्यक्ष सुनील राम ने कहा की जिला से भ्रष्टाचार को ख़त्म करने के लिए मंच के पदाधिकारियों ने कमर कस ली हैं।

गर्मियों में बेजुबान पशु पक्षियों के दाना पानी को लेकर बेहतर पहल

# राहगीरों के बीच मिट्टी के सकोरे व चावल के दानों का वितरण किया

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले में पड रहे भीषण गर्मी से जहां आमजन हलकान में है। वहीं छोटे-छोटे जलाशयों के सूख जाने से पशु पक्षी भी व्याकुल होकर भटक रहे हैं या तो दम भी तोड़ रहे हैं। इन बेजुबान पशु पक्षियों के दाना पानी को लेकर रविवार को साइंस फोर सोसाइटी एवं बर्म्मन हाईवे पेट्रोल पंप के प्रयास से बीएस कॉलेज के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग में टू व्हीलर, फोर व्हीलर, ऑटो, पिकअप, यात्री बस, साइकिल सवार व पैदल राहगीरों के बीच मिट्टी के सकोरे व चावल के दाने वितरण किया गया। साथ ही अपील की गई कि वह अपने मोहल्ले में भी बेजुबान पशु पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करें। मौके पर सोसाइटी व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ गणेश प्रसाद व डॉक्टर शैलेश कुमार ने कहा कि थोड़े प्रयास से पशु पक्षियों की जान बचाई जा सकती है और यह सभी नागरिकों का कर्तव्य व मानवता भी है।झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पूर्व सदस्य ओमप्रकाश सिंह,अधिवक्ता देवाशीष कार व अधिवक्ता अनिल पांडे ने कहा कि घुमंतू पशुओं व मवेशियों हेतु घर व प्रतिष्ठान के बाहर नाद में जल रखें, ऐसे कार्य से पुण्य भी प्राप्त होता है।लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय बर्म्मन व रेड क्रॉस सोसायटी सचिव व प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, सिंगल यूज्ड पॉलिथीन का जबरदस्त इस्तेमाल, पर्यावरण संरक्षण के प्रति उदासीनता से मौसम लगातार प्रतिकूल होते जा रहे हैं और इसके लिए प्रशासन कम और हम लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं। विमेंस कॉलेज प्रिंसिपल प्रोफेसर स्नेह कुमार, रणजी क्रिकेटर आशीष कुमार व आरएसएस कार्यकर्ता सुधीर अग्रवाल ने कहा कि मैना,गौरैया, कबूतर,चिड़ियों की चहचहाहट के लिए बच्चों को भी ऐसे कार्य के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त शिक्षक दुर्गा भगत, चंद्र किशोर प्रसाद,राणा गोवर्धन शर्मा, जगतपाल केसरी, नवनीत गौड, प्रवीन कुमार, अशोक पाठक, मनोज साहू, अधिवक्ता अनूप राय, हेमंत शर्मा, देशराज गोयल, क्रिकेटर अमित कुमार 'गुड्डू, अंडर सिकसटीन क्रिकेटर मोहम्मद फैज राजा, सुशांत साहू, आयुष कुमार, सुमित उरांव, दानिश राजा, सीरीष, नितिन, कृष्णा, पंप कर्मी आदि थे। साथ ही साथ कार्तिक नगर व आदर्श नगर के बस्तियों में भी सिकोरा बांटा गया। सचिव राहुल कुमार ने कहा कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

## 10 मई को लोहरदगा में आयोजित कांग्रेस का जनसभा ऐतिहासिक होगा : सुखैर भगत

- 03 मई को लोहरदगा से सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता रांची रैली में होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 3 मई को पूराना विधानसभा रांची में संविधान बचाओ अभियान के तहत राज्य स्तरीय रैली तथा 10 मई को लोहरदगा में जिला स्तरीय रैली, समाहरणालय मैदान में विशाल जनसभा आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि 10 मई को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित विशाल जनसभा ऐतिहासिक होगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इस जनसभा में संविधान बचाओ मुद्दे के साथ-साथ सरना धर्म कोड़ को अविलंब केंद्र सरकार लागू करें, पेसा कानून को अविलंब राज्य सरकार लागू करें तथा केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में जो संशोधन किया गया है उसे अविलंब वापस ले सहित अनेक स्थानीय मुद्दे भी होंगे। इस विशाल जनसभा में 66 पंचायत के साथ-साथ सभी बूथों से कांग्रेस का कार्यकर्ता शामिल होगा तथा सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रांची रैली में भी शामिल होंगे। सुखैर भगत ने कहा कि स्थानीय सांसद, स्थानीय विधायक, स्थानीय पूर्व सांसद ,प्रदेश के नेतागण, झारखंड के प्रभारी को इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आमंत्रित किया जाएगा। जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि भाजपा धार्मिक एवं जातिवाद उन्माद फैलाकर शासन करना चाहती है। नेशनल हेराल्ड के मामले में किस प्रकार भाजपा एक षड्यंत्र के तहत हमारे नेता सोनिया गांधी ,राहुल गांधी सहित अनेक नेताओं को फसाया है जिसका हमें मुंह तोड़ जवाब देना है। आपसी मतभेद बुलाकर हम सब को एकजुट होकर मोदी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि लोहरदगा एवं रांची में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक जनसंपर्क अभियान चलाना होगा। लोहरदगा में कोई भी नेता व कार्यकर्ता अपने आप को पार्टी के ऊपर नहीं समझें। उन्हें पार्टी के सिद्धांत को मानना ही होगा।

### पेयजल संकट से निपटने की तैयारी तेज, उपायुक्त ने सख्ती से दिए निर्देश

# जलमीनार या हैंडपंप के खराब होने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** बढ़ती गर्मी के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई, जिसमें गर्मी के मौसम में जल आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त ने पूर्व बैठक के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए सभी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को सख्त हिदायत दी कि वे सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय रहकर योजनाओं का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी जलमीनार या हैंडपंप के खराब होने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को पानी के लिए परेशानी न उठानी पड़े।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि दो दिनों के भीतर खराब पड़े जलमीनार और हैंडपंप की सूची तैयार कर कार्यालय में रिपोर्ट सौंपें। रिपोर्ट नहीं देने पर संबंधित अभियंताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

उन्होंने कहा कि रविवार के दिन सभी अभियंता अपने-अपने क्षेत्र का दौरा कर जल स्त्रोतों की वास्तविक स्थिति की जांच करें और किसी भी तरह की पेयजल समस्या का त्वरित समाधान करें। पंचायतों में पेयजल संकट होने पर मुखिया और जलसहिया से समन्वय बनाकर तत्काल सुधार कार्य कराएं।

बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण की गई योजनाओं की भी प्रखंडवार समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि टोल फ्री नंबर पर आम जनता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। शिकायतों की अनदेखी या विलंब पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कार्यपालक अभियंता, संबंधित पदाधिकारी और विभागीय कर्मीगण उपस्थित थे।

### भरनो में जंगली हाथी का कहर

## एफसीआई गोदाम का शटर तोड़कर खाया चावल






**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात एक जंगली हाथी ने प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम में धावा बोल दिया। हाथी ने गोदाम का शटर तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां रखे लगभग दस बोरा चावल खा गया तथा कई बोरों के चावल बर्बाद कर दिए। एफसीआई गोदाम के मैनेजर राजकिशोर राम ने बताया कि घटना की पूरी तस्वीर गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने दूरभाष के माध्यम से इसकी सूचना वन विभाग, गुमला को दी है। उधर, चचियाटोली गांव में भी हाथी ने उत्पात मचाया। गांव के सोमारो उराईन के कच्चे मकान को हाथी ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घर में रखे करीब पांच बोरा धान और अन्य जरूरी सामान को भी हाथी ने नष्ट कर दिया। लगातार एक महीने से भरनो क्षेत्र में हाथी द्वारा घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से उचित मुआवजा देने और हाथी के आतंक से राहत दिलाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो नुकसान और बढ़ सकता है। वन विभाग द्वारा हाथी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीम गठित किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### एसपी ने गुरदरी व बिशुनपुर थाना का किया निरीक्षण

## अपराधियों पर कड़ी निगरानी का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह ने रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला, पुलिस निरीक्षक गुमला अंचल, थाना प्रभारी गुरदरी व बिशुनपुर तथा अन्य पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में गुरदरी एवं बिशुनपुर थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना सिरिस्ता में संधारित सभी पंजी, अभिलेख एवं संचिकाओं का अवलोकन किया और उनके समुचित रख-रखाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। सीमावर्ती थाना प्रभारियों को सक्रिय अपराधकर्मियों एवं भाकपा माओवादी, जेजेएमपी व झांगुर गुट के उग्रवादियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए गए। महिला अपराधों पर नियंत्रण के लिए स्कूल-कॉलेजों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने तथा मुख्य चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही थाना भवन, परिसर और पुलिस बैरकों का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया गया। निरीक्षण के बाद एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और चौकीदारों के साथ बैठक कर क्षेत्रीय जानकारी अद्यतन रखने, सक्रिय निगरानी बनाए रखने और अधिक से अधिक गुप्त सूचनाओं के संकलन का निर्देश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अंचल निरीक्षक गुमला को भी सतत अनुश्रवण करने के लिए निर्देशित किया गया।

### विकास भारती बिशुनपुर में संसदीय संकुल विकास परियोजना की बैठक संपन्न

## जनजातीय उत्थान को लेकर गूंजा संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** विकास भारती बिशुनपुर के अम्बेडकर सभागार में रविवार को संसदीय संकुल विकास परियोजना की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले में मृतकों के प्रति दो मिनट के मौन श्रद्धांजलि से की गई।

इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन व अंगवस्त्र भेंट के साथ औपचारिक उद्घाटन हुआ। पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि देशभर में 47 लोकसभा क्षेत्रों में संसदीय संकुल परियोजना के तहत कार्य हो रहा है, जिसमें झारखंड का बिशुनपुर ब्लॉक अग्रणी स्थान पर है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के जरिए जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है, जो पहले पलायन और कठिनाइयों से जूझते थे।

विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि स्वतंत्रता पूर्व काल में जनजातीय समाज के प्रति बनी भ्रांतियों को अब योजनाबद्ध प्रयासों से तोड़ा जा रहा है। नाबार्ड बाड़ी परियोजना के तहत 300 एकड़ भूमि में बागवानी कार्य और किसानों को सोलर पैनल आधारित कृषि से जोड़ने के प्रयास पलायन रोकने में कारगर हो रहे हैं। राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने कहा कि संसदीय संकुल परियोजना कोई अल्पकालिक योजना नहीं, बल्कि दीर्घकालीन परिवर्तन का मिशन है। उन्होंने किसानों के साथ निरंतर संवाद कर छोटी-छोटी योजनाओं पर फोकस करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि अब समय है कि विकास कार्यों का पैसा जमीनी स्तर पर दिखे। उन्होंने ग्रामीणों से भी सहयोग कर अपने गांवों का कायाकल्प करने की अपील की। वी. सतीश ने विकास भारती और समीर उरांव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुमला का बिशुनपुर ब्लॉक इस परियोजना की मिसाल बनकर उभरा है।

आईएसडीजी के सीओ देवाशीष जे ने कहा कि अब जनजातीय लोगों का पलायन रोकते हुए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। इसके लिए जनजातीय विकास विभाग की योजनाओं और निजी कंपनियों के सीएसआर फंड का भी प्रभावी उपयोग किया जाएगा।

बैठक के बाद दुर्गा स्वयं सहायता समूह, चिंगरी, और रांगे महुआ फूल उत्पादन स्वयं सहायता समूह को ओएनजीसी द्वारा प्रदत्त ई-रिक्शा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ. संजय पांडेय, समाजसेवी भिखारी भगत, एनडीटीसी के प्रधान समन्वयक पंकज, बिशुनपुर मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, नीरज, निशा सहित 150 से अधिक किसान उपस्थित रहे।

## अभिभावक गोष्ठी का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के पुसो स्थित बिरसा मुंडा पब्लिक स्कूल में रविवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन स्कूल निदेशक उदय कुशवाहा के अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी के उपरांत विद्यालय समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, उपाध्यक्ष रमेश पहान, सचिव रामचरित्र सिंह, उप सचिव कविता कुमारी, कोषाध्यक्ष कांति देवी, संरक्षक समीर उरांव, कार्यकारणी सदस्य बसंती उरांव, महावीर सिंह, प्रदीप महतो, रेखा देवी भीम इंदवार, आभा उरांव को बनाया गया एवं विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने हेतू समिति को दायित्व सौंपा गया।

स्कूल के प्रिंसिपल पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सभी अभिभावकगण उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक गंभीर घायल, स्थिति गंभीर देख किया रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बसईर टोली मोड़ के समीप एक ट्रैक्टर के पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आयशर जेएच–07एम–0240 ट्रैक्टर चैनपुर से बसईर टोली गिट्टी और सीमेंट लेकर जा रहा था।घटना उस समय घटी जब चालक तेज गति से लौटते समय बसईर टोली के तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर को पलट दिया। इस दुर्घटना में चालक राजु बड़ाईक, पिता महेश बड़ाईक (21 वर्ष) को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तुरंत सूर्या हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनकी हाथ और माथे में गंभीर चोटें पाई गईं। उनकी स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें रेफर करने का निर्णय लिया।घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना के सब-इंस्पेक्टर दिनेश कुमार और पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जेसीबी की मदद से उठाया और सड़क की सफाई सुनिश्चित की। ग्रामीणों कहा है कि सड़क पर सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए, ताकि इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में गुमला में निकाला गया कैंडल मार्च

## आतंकवाद के खिलाफ दिखा जनाक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में गुमला में झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन के तत्वावधान में कैंडल मार्च सह आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कोऑपरेटिव कॉम्प्लेक्स, जशपुर रोड से टावर चौक तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुमित कुमार नंद ने किया। उन्होंने कहा कि अपराध करने वालों का कोई धर्म नहीं होता। यह हमला न केवल मानवता, बल्कि भारत की अस्मिता पर सीधा प्रहार है। जिला अध्यक्ष जयंत कुमार पांडे ने कहा कि इस प्रकार की कायराना हिंसा देश की अखंडता पर हमला है, लेकिन पूरा देश एकजुट होकर इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। आक्रोश रैली के दौरान 28 शहीदों की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की गई और आतंकवाद व उसके समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। सभी ने एक स्वर में केंद्र सरकार से आतंकवादियों और उनके सरपरस्तों को नेस्तनाबूद करने की अपील की और भरोसा दिलाया कि देशहित में उठाए गए हर कदम के साथ वे मजबूती से खड़े हैं। इस अवसर पर जिला सचिव हरेंद्र कुमार, अजय कुमार वर्मा, शुभम कुमार राय, शिल्पी कुजूर, मंजू कुमारी, अंजलि कुजूर, रंजना साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




### हुरदा गांव में पाक और आतंकवाद के खिलाफ श्रद्धांजलि सभा और शांति मार्च

**गुमला।** जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या के विरोध में रविवार, 27 अप्रैल 2025 को बानो प्रखंड के हुरदा गांव में विशाल श्रद्धांजलि सभा सह शांति मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रात: 8:00 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें जमताई, गेनमेर और रायकेरा पंचायतों के 18 गांवों से हजारों ग्रामीणों ने एकजुट होकर भाग लिया। इस दौरान आतंकवादी हमले में शहीद हुए सभी भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई और शांति मार्च निकालते हुए पाकिस्तान तथा आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित सभी धर्म-संप्रदाय के लोगों ने एकजुटता के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम को मुख्य रूप से हिंदू जागरण के प्रदेश पदाधिकारी संजय कुमार वर्मा, उमेश प्रसाद रवानी (आनंदपुर), जयप्रकाश सिंह (आनंदपुर), रोबी लकड़ा (चिड़िया), बालेश्वर नाग (बजरंग दल), जसवीर, राजेश बड़ाइक, मनुवेल मुंडा, ओमीन सिंह, नरेंद्र, मदन, कालीचरण, वीरेंद्र, योगेंद्र, जमताई पंचायत की मुखिया नामजान जोजो तथा रायकेरा पंचायत के मुखिया सोमा पाहन ने संबोधित किया।

### चैनपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना, चार घायल गुमला रेफर

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिलवारी मोड़ डहुडढ़गांव के समीप रविवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हुई। इस घटना में एक चार-पहिया वाहन ने स्कूटी सवार चार युवकों को धक्का मार दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चारों युवक रातुगमहरिया से चैनपुर के रविवार बाजार जा रहे थे। स्कूटी पर सवार होते हुए जब वे डहुडढ़गांव के समीप पहुंचे, तभी अचानक एक चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस प्रभाव से सूरज केरकेट्टा (पिता भवन मुंडा, उम्र 13 वर्ष), धीरज केरकेट्टा (पिता चिरागों केरकेट्टा, उम्र 15 वर्ष), अमोश तिर्की (पिता प्रभा तिर्की, उम्र 11 वर्ष) और राकेश मुंडा (पिता चमन मुंडा, उम्र 13 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें चैनपुर थाना के माध्यम से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से तुरंत उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकीय टीम ने घायल युवकों का इलाज प्रारंभ किया है और उनकी स्थिति पर नज़र रखी जा रही है।

### सरना स्थल बचाने को गुमला में आदिवासियों ने फूंका सीएम का पुतला

## सरकार पर आदिवासी संस्कृति मिटाने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सिरम टोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल के संरक्षण को लेकर आदिवासी समाज का आक्रोश अब पूरे राज्य में फैलने लगा है। शनिवार को गुमला में आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने पालकोट रोड स्थित पाठ स्थल से टावर चौक तक मार्च करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आदिवासी धर्म-संस्कृति और धरोहर को नष्ट करने का गंभीर आरोप लगाया।

ज्ञात हो कि रांची के सिरम टोली स्थित सरना स्थल के गेट के समीप फ्लाईओवर के रैम्प को तोड़ने के खिलाफ आदिवासी समाज बीते तीन महीने से लगातार आंदोलन कर रहा है। बावजूद इसके, बीती रात 11 बजे पुलिस बल की मौजूदगी में रैम्प निर्माण कार्य पुनः शुरू कर दिया गया, जिससे आदिवासी समुदाय में जबरदस्त आक्रोश फैल गया।

प्रदर्शन के दौरान आदिवासी कार्यकर्ता अजय टोप्पो ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार निरंकुश होकर आदिवासी समाज की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। आंदोलनकारी बहा लिंडा ने चेताया कि अगर सरना मसना मिटा तो आदिवासी समाज का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा।

नेल्सन भगत ने कहा कि यदि सरकार केंद्रीय सरना स्थल को मिटा सकती है तो ग्रामीण इलाकों के सरना स्थलों के लिए भी खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि सरहुल शोभायात्रा के माध्यम से सरहुल पर्व को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, और सरकार आदिवासी एकता को तोड़ने का षड्यंत्र कर रही है। यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आदिवासी समाज सत्ता परिवर्तन कर देगा। आंदोलन में शामिल देवेंद्र लाल उरांव ने कहा कि सरकार विकास के नाम पर बंदूक के बल पर आदिवासियों की सांस्कृतिक धरोहर को कुचल रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

वहीं, सुबोध उरांव ने स्पष्ट किया कि आदिवासी समाज विकास विरोधी नहीं है, लेकिन सरना मसना के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ को किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इस विरोध प्रदर्शन में सुनील उरांव, चन्द्रदेव राजू, विकास उरांव, नितेश उरांव, पुष्पा उरांव, विश्वनाथ उरांव, पर्मिला उरांव, रवि उरांव, बिनोद मिंज सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल थे। सभी ने एक स्वर में अपने सरना स्थल और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी दी।

## चैनपुर में ख्रीस्त विश्वासियों ने उजला आज मनाया, बच्चों ने ग्रहण किया प्रथम परम प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** रविवार को संत जॉन कैथलिक चर्च परिसर में ख्रीस्त विश्वासियों ने उजला रविवार पर्व के अवसर पर एक भव्य धार्मिक समारोह का आयोजन किया। इस विशेष अनुष्ठान का नेतृत्व चर्च के मुख्य अधिष्ठाता फॉदर जेब्रियानुस किंडो और सहायक फॉदर पवन लकड़ा ने किया। इस अवसर पर अल्बर्ट एक्का कॉलेज के प्रधानाचार्य फॉ अगस्तुस और फॉ इनयुवशेंट भी उपस्थित थे।समारोह के दौरान, चैनपुर पल्ली से आए 75 बच्चों ने सफेद वस्त्र धारण कर प्रथम परम प्रसाद का ग्रहण किया। इस पावन क्षण ने बच्चों के लिए एक खास महत्व रखा और उन्होंने समारोह में एकत्रित सभी विश्वासियों के बीच अपने विश्वास की महत्ता को समझा।फादर जेफ्रेनियुस किंडो ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, "परम प्रसाद ईश्वर पर विश्वास का प्रतीक है। जैसे प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे से प्रेम करते हैं, वैसे ही ईश्वर मानव जाति से प्रेम करते हैं।" उन्होंने बताया कि जब मानवों ने ईश्वर से संबंध तोड़ लिया था, तब ईश्वर ने मानव बनकर धरती पर आकर उन्हें पुनः अपने साथ जोड़ने का निर्णय लिया।फादर ने आगे कहा, "जिस प्रकार मानव भोजन के बिना जीवित नहीं रह सकता है, उसी प्रकार परम प्रसाद संस्कार आत्मा का भोजन है।" उन्होंने यह भी बताया कि यीशु ख्रीस्त ने अपने चेलों से कहा था, "मैं ही जीवन की रोटी और जल हूं।" इस प्रकार, फादर ने बच्चों को यह विश्वास दिलाया कि यीशु उनके दिलों में जीवन की रोटी और मित्र बनकर आ रहे हैं। समारोह में मौजूद जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी ने मिलकर बच्चों की खुशहाली की प्रार्थना की, जिससे यह आयोजन और भी विशेष बन गया।उजला रविवार पर्व ने समुदाय में एकता और प्रेम का संदेश फैलाया और बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया, जो उनके भविष्य के प्रति आश्वस्ति और प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। इस प्रकार, यह समारोह न केवल बच्चों के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया।

### रायडीह में 51 टीबी मरीजों को बांटा गया पोषण किट, सिविल सर्जन

## टीबी मुक्त समाज के लिए जरूरी है सामूहिक प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**



**रायडीह (गुमला)।** रायडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मुक्त अभियान के तहत 51 टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। इस पहल में समाजसेवी अधिकारियों ने मरीजों को निजी खर्च पर गोद लेकर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान हँसदक, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम और जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है। सरकार की ओर से निःशुल्क दवा और जांच की सुविधा दी जा रही है, साथ ही पोषण योजना के तहत आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन यह राशि पर्याप्त नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री के 'निश्चय मित्र' अभियान के तहत लोग निजी तौर पर टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार उपलब्ध करा रहे हैं। डॉ. नवल कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से अपील की कि जिन मरीजों को अब तक निश्चय मित्र नहीं मिला है, उनके लिए भी व्यक्तिगत रुचि लेकर मदद करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रधान हँसदक ने कहा कि मरीज नियमित रूप से दवा का सेवन करें, प्रखंड प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। वहीं, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. गणेश राम ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग टीबी के समूल नाश के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकी केसरी ने कहा कि सामाजिक जागरूकता ही इस बीमारी के उन्मूलन की कुंजी है। वहीं, एसटीएस सुश्री अलका तिर्की ने भी समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सभी टीबी मरीजों की बीपी, शुगर, वजन, पल्स, एचआईवी और हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई। कार्यक्रम में डीपीसी विनय गुप्ता, पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई।

### घाघरा दो दिनों से लापता सोमा उरांव का शव कुआं से बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना छेत्र के बुरहु गॉव निवासी सोमा उरांव 65 वर्ष का शव एक कुवें से घाघरा पुलिस ने बरामद किया है। उसका शव बेलागड़ा निवासी शांति देवी के कुवें से मिला है। मृतक सोमा एवं शांति दोनो रिस्तेदार है। सोमा शुक्रवार को अपराह्न करीब पांच बजे घरवालों को बगैर कुछ बताये निकला था। देर रात जब सोमा घर नही लौटा तो शनिवार को परिजनों ने काफी खोज बीन किया लेकिन उसका कोई पता नही चल सका। रविवार को ग्रामीण जब कुवें में पानी भरने गए तो शव को देख इस आशय की जानकारी ग्रामीणों को दी गयी। बता दें कि कुआं काफी पुराना एवं छोटा आकार का है। सबसे बड़ी बात यह है कि कुवें में मुंडेरा नही था। सोमा के गांव बुरहु एवं बेलागड़ा की दूरी करीब दो किलोमीटर है। सोमा मंगलवार को सरहुल के दिन बेलागड़ा आया भी था लेकिन शांति के अनुसार वे सरहुल बाद अपने घर चले गए थे।

“धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खायीं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।” - **प्रेमचंद**

## संपादकीय

### पाकिस्तान की दीदादिलेरी और सीनाजोरी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का बयान, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक रूप से कबूला है कि पाकिस्तान सरकार तीन दशकों से आतंकी संगठनों को समर्थन और प्रशिक्षण देने का 'गंदा काम' करती आई है, पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को तो उजागर करता ही है, भारत के उस दावे की भी पुष्टि करता है, जिसे वह दशकों से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दोहराता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद का पनाहगाह है। यह कबूलनामा उस नीति की पोल भी खोलता है, जिसमें पाकिस्तान ने एक ओर खुद को आतंकवाद का शिकार बताया, वहीं दूसरी ओर आतंक को अपनी रणनीति के रूप में इस्तेमाल किया। चाहे वह अफगानिस्तान में तालिबान को समर्थन देना हो, या भारत के खिलाफ जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तोइबा जैसे संगठनों को पनाह देना-पाकिस्तान की भूमिका हमेशा संदेह के घेरे में रही है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आया है, जिसकी जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली, जो पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तोइबा का एक मुखौटा संगठन है। पाकिस्तान ने अपनी आदत के अनुसार इस हमले के पीछे भारत का हाथ होने के आरोप लगाकर मामले को और जटिल करने की कोशिश की, लेकिन यह कबूलनामा उसके दावों को खोखला ही साबित करता है। अलबत्ता यह बयान वैश्विक राजनीति और आतंकवाद के अंतर्संबंधों पर भी गंभीर सवालिया निशान लगाता है। यह अमेरिका व पाकिस्तान के गठजोड़ की उस स्याह सच्चाई को भी उजागर करता है, जो दशकों से दक्षिण एशिया की शांति को निगलती रही है। यह पहला अवसर नहीं है, जब पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठे हैं, पर यह पहली बार है, जब खुद पाकिस्तान के एक शीर्ष मंत्री ने माना कि उन्होंने विदेशी हितों-खासकर अमेरिका-की पूर्ति के लिए आतंकी संगठनों को समर्थन व धन मुहैया कराया था। यह दरअसल, उस राष्ट्र की आत्म-स्वीकृति है, जिसने हमेशा आतंकवाद को एक रणनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया।आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में पाकिस्तान की यह स्वीकारोक्ति एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उस सच्चाई से रू-ब-रू कराती है, जिसे भारत लंबे समय से उजागर करता आया है। भारत को इस कबूलनामे को एक कूटनीतिक अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त ढंग से उठाना भी चाहिए। जब एक देश का रक्षा मंत्री खुद यह मान रहा है कि उनका देश 'गंदा काम' कर रहा था, तो फिर इस पर चुप्पी आतंकवाद को और बल देने वाली होगी।

*कबूलनामा उस नीति की पोल भी खोलता है, जिसमें पाकिस्तान ने एक ओर खुद को आतंकवाद का शिकार बताया, वहीं दूसरी ओर आतंक को अपनी रणनीति के रूप में इस्तेमाल किया।*

# पहलगाम में हिंदुओं की पहचान कर मार दी गयी गोलियां यह एक जिहादी आतंकी हमला



क्या पहलगाम में मरने वाले मृतक हैं? पर्यटक हैं? मारने वाले चरमपंथी हैं? आतंकी हैं? शायद हम शब्द चयन में वही बुनियादी गलती कर रहे हैं जो 75 साल से करते आ रहे हैं। जिन 26 लोगों को मौत के घाट उतारा गया है वे हिंदू थे। इसीलिए किसी ने उनकी जात, प्रान्त, भाषा नहीं पूछी केवल कलमा पढ़ाया और जो नहीं पढ़ पाए वे मौत के घाट उतार दिए गए। यह जिहादी प्रैक्टिस है।जी हां,यह घोषित जिहाद है।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने अंदर तक झकझोर दिया है। जिहादी आतंकवादियों ने हिन्दुओं का खून बहाया है। ह्इंटेलिजेंसह इनपुट के अनुसार इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली, पहलगाम हमला मैं जो 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों की जान लेकर अंजाम दिया गया है और कई घायल हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान का जिहादी आतंकी संगठन है। देखने में यही आता है कि इनके निशाने पर गैर मुसलमान खासकर हिन्दू रहते हैं। आखिर हिन्दुओं को ही क्यों टारगेट किया जाता है जो लोग आज इसे हमला पार्ट-2 कह रहे हैं, उन्हें भी समझ लेना चाहिए कि यह कोई एक, दो, तीन, चार, पांच या अन्य जिसे गिनतियों में समाहित किया जा सके वह जिहादी या गैर मुसलमानों के प्रति चलनेवाला अभियान (पार्ट) नहीं है। भारत में मोहम्मद बिन कासिम से लेकर अब तक अनेकों आक्रमण हो चुके हैं। इतिहास में मुहम्मद बिन कासिम के बाद 10वीं शताब्दी से तुर्क आक्रमण शुरू हुए, जिनमें महमूद गजनवी, मुहम्मद गोरी, बाबर, तैमूर लंग,अलाउद्दीन खिलजी जैसे अंध जिहादियों के आक्रमण प्रमुख हैं।भारत पर पहली बार मुस्लिम आक्रमण 712 ईसवी में हुआ था, तब से लेकर अब तक 1337 साल गुजर चुके हैं, इतने दिनों, में सांस्कृतिक भारत कई हिस्सों में बंट चुका है। भारतीय उपमहाद्वीप के अनेक देश इसके प्रमाण हैं, पीढ़ियों के स्तर पर भारत आज अपनी 45 पीढ़यां औसतन पार कर चुका है, उसके बाद भी शेष भारत और यहां का ज्यादातर बहुसंख्यक समाज (हिन्दू) है, वह समझना ही नहीं चाहता कि आखिर ये जिहादी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं। क्यों मजहब के नाम पर अलग देश लेने के बाद भी ये रुकने का नाम नहीं लेतीं। वे सिरफिरे नहीं हैं, वे बेकार में हिंसा नहीं कर रहे हैं,उनका मकसद साफ है। जैसा भ्रमवश या लोगों को भुलावे में रखने के लिए कह दिया जाता है कि आतंकवादी का कोई मजहब या धर्म नहीं होता,जिहादी, आतंकवाद के संदर्भ में इस सत्य को ठीक से समझकर ही भारत पर हो रहे राजनीतिक, आध्यात्मिक, अन्य हिंसात्मक, लव जिहाद, लैण्ड जिहाद, धर्म परिवर्तन, हिंदू धार्मिक शोभा यात्राओं पर पथराव जैसे अनेक प्रकार के आक्रमणों को समझा जा सकता है। अन्य मजहब की वैसी मान्यताओं के ठीक विपरीत हिंदू धर्म किसी मतवाद, विश्वास आदि को धर्म का आधार नहीं मानता। इसीलिए हिंदू धर्म उस तरह सामाजिक-राजनीतिक और हिंसक रूप से संगठित धर्म या मत, पन्थ नहीं है, जो अपनी और दूसरों की गिनती आदि का ध्यान रखते हुए धर्म (मजहब) की चिंता कर सके। इसी कारण लगातार हिंदू धर्म अरक्षित भी हो रहा है। इसकी इमारत किसी मत-विश्वास पर नहीं, बल्कि सृष्टि मात्र के साथ संबंध पर आधारित है। रिलीजन वाले मतवाद अपने आसपास बाड़ा बनाते हैं। जो उस के भीतर हैं वे 'अपने' हैं और बाकी सब 'गैर' और प्रायः शत्रु भी माने जाते हैं। लेकिन चूँकि हिंदू धर्म ऐसे बाड़े नहीं बनाता और किसी को गैर नहीं मानता। इसी से वह अकेला और अरक्षित भी रह जाता है। मत-विश्वास पर संगठित नहीं होने के कारण उस के अनुयायी आक्रामक रिलीजनों के प्रहार के सामने असहाय हो जाते हैं। जैसे कश्मीरी हिंदू असहाय मारे गए और अपने ही देश में विस्थापित, शरणार्थी बनने को विवश हुए। यह स्वतंत्र भारत में हुआ, पश्चिम बंगाल, समेत कई राज्यों में निरंतर हो रहा है। आज पहलगाम के जिहादी आतंकवादी हमले में भी वही हुआ है और हिंदुओं को चुन-चुन कर नाम पूछ कर मार दिया गया है, दार-उल-हर्ब है,और इस्लामी सिद्धान्तों के अनुसार मुसलमानों द्वारा जिहाद की घोषणा करना न्यायसंगत है। वे जिहाद की घोषणा ही नहीं कर सकते, बल्कि उसकी सफलता के लिए विदेशी मुस्लिम शक्ति की मदद भी ले सकते हैं, और यदि विदेशी मुस्लिम शक्ति जिहाद की घोषणा करना चाहती है तो उसकी सफलता के लिए सहायता दे सकते हैं। इस बात के आलोक में पहलगाम, मुर्शिदाबाद के ताजा घटनाक्रम को देखिए। सब कुछ समझ आ जायेगा। इसके बावजूद अगर इस राष्ट्र के नीति निर्धारक, बहुसंख्यक समाज और बुद्धिजीवियों की जमात अगर यह सोच रही है कि कश्मीर में कश्मीरियत, जम्हूरियत और इंसानियत जिंदा है तो कुछ नहीं हो सकता। हालिया पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने जो कहा है वह जल्द ही फलित होगा। हम कैसी आत्ममुग्धता में हैं कि कश्मीर बदल गया है। पत्थर नहीं चल रहे हैं, ढाई करोड़ पर्यटक पहुँचे हैं वहां। इन दलीलों के बीच मीडिया में आज कश्मीर बन्द के फोटो हमें सिर्फ बरगला भर रहे हैं। किसी को 26 वर्बर हत्याओं से सहानुभूति नहीं है। चिंता टूरिज्म से जुड़े धंधे की है। एक और बात जिसकी चर्चा होनी ही चाहिए वह यह कि अगर टूरिज्म चौपट भी हो जाये तो कश्मीर से यह जिहाद शायद ही बन्द हो। पिछले 10 साल में कश्मीर को पर्यटन से करीब 80 हजार करोड़ की आमदनी हुई है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस अवधि में 6 लाख करोड़ वहां खर्च किये हैं। यानी शिकारे खाली पड़े रहे तब भी सरकारी खजाने जिंदाबाद। इसके बदले में भारत को क्या मिल रहा है? जिहाद। भाजपा को क्या मिल रहा है- कश्मीर घाटी की 47 विधानसभा सीटों में से महज 17 लोग उम्मीदवारी भर के लिए। साफ है कश्मीरियत, जम्हूरियत, इंसानियत सब धोखा है। असल उद्देश्य तो केवल जिहाद है। इसीलिए किसी को कल दया नहीं आई, कलमा न पढ़ पाने वालों को कत्ल करने में। दया तो 90 के दशक में लाखों कश्मीरी हिंदुओं पर, कश्मीरियत को नहीं आई थी। दया तो मुर्शिदाबाद में नहीं दिखी सरकार और गंगा-जमुनी बात करने वाले भारतीय समाज को यह कब समझ आएगा कि वह जिहाद से मुकाबिल है और उसे इससे लड़ना ही होगा। इंसानियत, कश्मीरियत के छलावे से निकलना ही होगा। यही वक्त है धरातल की सच्चाई समझकर धर्म युद्ध का।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**योगाचार्य महेश पाल**

### शहर के सपनों का सच

पिछली बार जब चौराहे की लाल बत्ती पर रुका था, तभी देखा था। बूढ़ा बिल्ला एक तरफ कोने में, एक पुराने थैले में अपनी संपत्ति ढोता, निराश सा बैठा था। उसकी आंखें ऐसी थीं मानो जैसे किसी चलचित्र में स्टॉप मोशन हो। लोग आते-जाते उसे देखते और बेपरवाही से आगे बढ़ जाते। मानो उसका होना, न होना एक जैसा हो। मन में एक सवाल उठा। क्या उसका यह शहर भी उतना ही अपनों जैसा है जितना वह खुद अपने लिए सोचता था?

पड़ोस की 'चाय की टपरी' पर चर्चा गर्म थी। सरकार के नए मेट्रो प्रोजेक्ट के उद्घाटन का शोर था। सभी उत्साहित थे। अब चौराहे पर जाम नहीं लगेगा। लेकिन बूढ़ा बिल्ला इस आवाज़ के बीच मौन बैठा था। शायद मेट्रो की चमचमाती रेलगाड़ी उसके दुःख की पटरियों पर नहीं चलने वाली थी। चाय वाले भइया ने उसे मुफ्त चाय की प्याली पकड़ाई, जो कि एकमात्र मानवीय क्षण जान पड़ा। समय बदला। बूढ़ा बिल्ला एक दिन दिखा ही नहीं। मेट्रो की नई लाइन बन चुकी थी, और चौराहे का नाम 'डिजिटल चौराहा' हो गया। उसके कोने में अब एक 'फूड ट्रक' खड़ा होता था, जो 'मोमो और पिज्जा' बेचता था। ग्राहक कतार में थे। एक कुत्ता, जो पहले बूढ़े बिल्ले के साथ चुपचाप बैठता था, अब फूड ट्रक के पास बच्चों से प्यार से रोटी मांगता था। शहर ने उसे भी अब समझा लिया था। एक दिन मैंने उस फूड ट्रक वाले से बूढ़े बिल्ले का जिक्र किया। उसने बड़ी ही सहजता से कहा, “अरे भाईसाब, ऐसे लोग आते-जाते रहते हैं। हमारा बिजनेस ही असली सच्चाई है।” मैंने महसूस किया कि यह शहर सपनों का, पर हकीकत का कटु सत्य भी है। बूढ़ा बिल्ला अब किधर है, यह न शहर जानता है न मैं। और शायद, न यह जानने की फुरसत है। नई मेट्रो चल पड़ी है, पर बूढ़े बिल्ले की गाड़ी शायद कहीं पटरी पर ही छूट गई। शहर का चमकता भविष्य, अंधेरे में गुमे एक बूढ़े का मौन सत्य बन चुका था। यह कहानी किसी बूढ़े बिल्ले की नहीं, बल्कि हर उस सपने की है, जो शहर की चकाचौंध में खो जाता है। चाय की टपरी अब 'क्लाउड कैफे' में बदल गई है, पर बूढ़े बिल्ले जैसे लोग अपनी गुमनामी में कहीं बदल नहीं पाए। शहर चलता रहता है, और हम सब अपनी-अपनी 'मेट्रो' में सवार होकर आगे बढ़ते जाते हैं। लेकिन कहीं न कहीं, कोई बूढ़ा बिल्ला, अपने पुराने थैले के साथ, हमें देखता रहता है। शायद पूछता होगा- क्या तुम सच में बढ़ गए हो?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# झारखंड में निकाय चुनाव का न होना : लोकतंत्र की जड़ों पर कुठाराघात

झारखंड के तेरह नगर निकायों में वर्ष 2020 से चुनाव लंबित हैं और पैंतीस शहरी निकायों का कार्यकाल 2023 में ही समाप्त हो चुका है। गत जनवरी माह में उच्च न्यायालय ने इसके लिए सोलह मई का डेडलाइन मुकर्रर कर रखा है। अप्रैल माह अब समाप्ति पर है परन्तु चुनाव के आसार कम ही नजर आ रहे हैं। ऐसा तब है जबकि भारतीय संविधान के 74 वें संशोधन के अनुसार वर्ष 1992 से स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। ऐसे में संविधान के अनच्छेद 243 के अनसार प्रत्येक पांच वर्षों में इसका चुनाव अनिवार्य श्रेणी में अधिसूचित है। दुर्भाग्यवश संविधान की इस व्यवस्था के बावजूद झारखंड में जनगणना के अद्यतन आंकड़ों की अनुपलब्धता और ओबीसी आरक्षण पर अदालती रोक का हवाला देकर चुनाव को टाल दिया गया है। यह स्थिति संवैधानिक कर्तव्य के ऊपर कतई नहीं है फिर भी बिडंबना देखिए चुनाव के अभाव में सड़क, जल निकासी, सफाई, स्ट्रीट लाइट, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, भवनों के नक्शे पास करवाने आदि मूलभूत सेवाओं में गिरावट दर्ज की जा रही है और होल्डिंग टैक्स के नाम पर आम लोगों के शोषण की संभावनाओं के बीच कचरा प्रबंधन व स्वच्छता मिशन जैसे विषय अफसरशाही की फाइलों में कहीं गुम होकर रह गए हैं। लोकतंत्र में निर्वाचित निकाय के न होने का सबसे गंभीर असर लोक जवाबदेही पर पड़ता है और नेतृत्व विहीन जनता के लिए आरटीआई, सामाजिक अंकेक्षण, वार्ड समितियाँ जैसी व्यवस्थाएँ स्वतः निष्क्रिय होने लगती हैं। इसी तरह यहाँ की महिलाओं व शोषित वंचित वर्ग के साथ साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े समाज का नेतृत्व व सामाजिक न्याय की प्रक्रिया लगभग ठहर ही गई है तो दूसरी तरफ झारखंड को शहरी विकास के लिए आवंटित पन्द्रहवें वित्त आयोग की आवंटित राशि से भी वंचित होना पड़ रहा है। यहाँ न्यायालय की वह टिप्पणी प्रासांगिक है जिसमें उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के संदर्भ में यह व्यवस्था दी थी कि “ओबीसीआरक्षण से पहले जनगणना आधारित रिपोर्ट अनिवार्य है पर चुनाव न कराना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।” प्रांतीय सरकारों को सीमाओं व दायित्वों का बोध करानेवाली न्यायपालिका की इस व्यवस्था के बावजूद यदि झारखंड में निकाय चुनाव नहीं हो रहे हैं तो इससे सरकार की ईमानदारी और इच्छशक्ति पर सवाल उठने ही चाहिए क्योंकि इसे सिर्फ प्रशासनिक अक्षमता कहकर भी नहीं टाला जा सकता। इसके लिए कई विकल्प हो सकते थे। जनगणना आंकड़ों के लिए वैकल्पिक उपाय किया जा सकता था, समय रहते ओबीसी आयोग को सक्रिय करके इस अव्यवस्था से बाहर निकला जा सकता था और आरक्षित सीटों पर उपचुनाव की पारदर्शितापूर्ण निर्णय लेकर बिना आरक्षण के भी चुनाव करवाया जा सकता था। इस मामले को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो झारखंड की बदतर स्थिति का आकलन स्वतः किया जा सकता है। बिहार, ओड़िशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे अधिकांश राज्यों में नगर निकायों का समय पर चुनाव कराए जा चुके हैं जबकि झारखंड उच्च न्यायालय के समक्ष आगामी सोलह मई को रिपोर्ट करने बाध्यता के बीच ओबीसी आयोग के अध्यक्ष का पद विगत कई महिनों से रिक्त पड़ा हुआ है, राजधानी रांची का रिपोर्ट अधूरा पड़ा हुआ है और राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त पद पर भी किसी की नियुक्ति नहीं हो सकी है। ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि झारखंड में निकाय चुनाव का मामला किसी राजनैतिक नफा नुकसान की भेंट तो नहीं चढ़ गया है? सभी जानते हैं कि स्थानीय निकायों के चुनाव अकसर स्थानीय संगठनों व विपक्ष को सक्रिय करने लगता है और यह असंतोष अंततः राज्य-स्तरीय राजनीति को प्रभावित करने की राह आसान बना सकता है। तो क्या इन चुनावों में बिलंब की नीति अपनाकर सत्ताधारी दल किसी असहज राजनैतिक स्थिति से बचने की जुगत में तो नहीं है? राजनीतिक स्वार्थ की इस टकराहट में मामले को चुनाव आयोग के संज्ञान तक लाने में विपक्ष की चुप्पी भी रहस्यमयी है जबकि ओबीसी आयोग की रिपोर्ट में तेजी लाकर इस विषय का अविलंब निपटारा किया जा सकता है। हैरानी इस बात पर भी होती है कि पक्ष विपक्ष की ओर से ऐसा कोई संकेत तब नहीं है जब झारखंडी अस्मिता वाले निकायों में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का विषय आज किसी प्रशासनिक विफलता का नहीं बल्कि संवैधानिक व राजनीतिक नैतिकता का विषय बन चुका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की **बात**



**केदारनाथ दास**

**फेसबुक** वॉल से




**एक्स** से




### आज का दोहा

गेंदें फेंकी जा रहीं, गिरे 'विकिट' यह चाह।
बल्ला ले नायक खड़ा, सबसे बेपरवाह।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# “शरीर को पढ़ने दो कुछ किताबों से अलग भी!”

कभी स्कूल की छुट्टी होते ही बच्चे बस्ता फेंकते थे और निकल जाते थे मैदान की ओर - जहाँ कोई कोच नहीं, कोई टाइमटेबल नहीं, बस एक फुटबॉल, एक बैट, बैडमिंटन या पिट्टू और ढेर सारी मस्ती। पर अब? अब मैदान सूने हैं, और बच्चे स्क्रीन के पीछे छुपे हैं।

शिक्षा आज इतनी “पढ़ाई-केंद्रित” हो गई है कि “जीवन-केंद्रित” रह ही नहीं गई। किताबों और नंबरों की होड़ ने बच्चों को इतना बाँध दिया है कि उनका बचपन 'सिलेबस' के पन्नों में खो गया है। माता-पिता और शिक्षक भी अनजाने में इसी दौड़ के हिस्सेदार बन गए हैं। मानो बच्चों की ज़िन्दगी की गारंटी बस अच्छे मार्क्स और एक सीट के इर्द-गिर्द सिमट गई हो। पर क्या हम भूल नहीं रहे कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है? खेल केवल समय बिताने का साधन नहीं हैं - यह जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं। जब बच्चा मैदान में गिरता है, और खुद उठकर फिर से दौड़ता है, तो वह जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा ले रहा होता है - संघर्ष करना, हार मानना नहीं, और फिर से खड़ा होना। यह वह पाठ है, जो किसी किताब में नहीं लिखा मिलता। खेलों से बच्चों में न केवल शारीरिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि उनके भीतर नेतृत्व, टीम वर्क, ईमानदारी, सहनशीलता और भावनात्मक संतुलन जैसे गुण जन्म लेते हैं। यही मूल्य उन्हें अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि बेहतर इंसान बनाते हैं। आज के युवाओं की तस्वीर अलग है - वे जल्दी थक जाते हैं, जल्दी चिढ़ जाते हैं, और छोटी सी असफलता में टूट जाते हैं। कंधों पर हैडफ़ोन और आंखों पर मोबाइल की चमक है, पर दिल में न जुनून है, न ऊर्जा। यह पीढ़ी शायद। Q में तेज हो, पर EQ (Emotional Quotient) और SQ (Spiritual Quotient) में पिछड़ती जा रही है - क्योंकि उन्होंने कभी खेल के मैदान में पसीना नहीं बहाया।

शारीरिक निष्क्रियता से आज हर दूसरा बच्चा किसी न किसी बीमारी की चपेट में है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन की कमी, कमज़ोर प्रतिरक्षा, नींद की गड़बड़ी - ये सब पढ़ाई की अधिकता से नहीं, गतिविधि की कमी से हो रहे हैं। और जब यही बच्चे आगे चलकर किसी नौकरी में जाते हैं, तो शरीर और मन, दोनों इतनी जल्दी थक जाते हैं कि काम की गुणवत्ता और खुशी दोनों समाप्त हो जाती है। हम भूल जाते हैं कि शरीर को सिर्फ आराम के लिए नहीं, उपयोग और सक्रियता के लिए बनाया गया है। शरीर जितना गतिशील रहेगा, मन उतना ही स्थिर रहेगा। खेल भावना हमें केवल जीत नहीं सिखाती - वह हमें इंसान बनना सिखाती है। जो मैदान में हार को स्वीकार कर सकता है, वह जीवन में भी हर परिस्थिति को साहस से झेल सकता है। वहाँ कोई जात-पात, अमीरी-गरीबी, शहर-गाँव नहीं होता - होता है तो सिर्फ खेल और खिलाड़ी।

मैं एक शिक्षिका होने के नाते, जहाँ भी बच्चों से मिलती हूँ - चाहे अपने इंस्टिट्यूट में हो, या किसी समारोह में - हमेशा उन्हें यही कहती हूँ कि पढ़ाई जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी है खेलना, दौड़ना, पसीना बहाना और मानसिक गतिविधियाँ करना।

मैं उन्हें समझाती हूँ कि सिर्फ किताबों से ज्ञानी नहीं बना जा सकता - एक सशक्त शरीर और संतुलित मन भी आवश्यक है।

मैंने कई ऐसे छात्र देखे हैं जो पढ़ाई में अव्वल रहे, लेकिन स्वास्थ्य के कारण वे अपने करियर का आनंद नहीं ले पाए।

अब ज़रूरत है...

1. स्कूलों में हर दिन कम-से-कम 1 घंटा खेल अनिवार्य किया जाए।
2. माता-पिता बच्चों को खेलने का समय और स्वीकृति दें।
3. पढ़ाई और खेल का संतुलन हर घर और स्कूल में तय किया जाए।

देश को इंजीनियर, डॉक्टर, वकील और वैज्ञानिक तो चाहिए - पर साथ ही चाहिए स्वस्थ, संवेदनशील और सकारात्मक नागरिक। और यह नागरिकता पढ़ाई के बोझ से नहीं, खेल के मैदान से जन्म लेती है।

आइए, बच्चों को मैदान लौटाएं। उनकी किताबों में ऊर्जा भरें, और शरीर में जज़्बा। ताकि वे न सिर्फ अच्छे छात्र, बल्कि मजबूत इंसान बनें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**वीणा देवांगन**
अभियंता एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# वैशाख अमावस्या पर हरिद्वार में श्रद्धालुओं ने पितृदोष मुक्ति के लिए किया स्नान-दान

**एजेंसी। हरिद्वार**

हिंदू पंचांग के अनुसार आज यानी रविवार को वैशाख अमावस्या मनाई जा रही है। हिंदू धर्म मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान, दान और पितृ तर्पण करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है, पुण्य की प्राप्ति होती है, और पूर्वजों को मोक्ष मिलता है। इस पावन अवसर पर देशभर से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार की हरकी पौड़ी पर पवित्र स्नान और दान-पुण्य के लिए एकत्र हुए।

इस तिथि पर प्रीति योग और अश्विनी नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है, जो इसे और भी पुण्यदायी बनाता है। वैशाख अमावस्या का दिन पितरों की आत्मा की शांति के लिए समर्पित है। हरकी पौड़ी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोग गंगा स्नान के बाद पितरों के नाम पर तर्पण, पिंडदान और दान करते नजर आए। कई श्रद्धालुओं ने गरीबों को भोजन, वस्त्र और धन दान कर पुण्य अर्जित किया। कई श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर विशेष पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं कीं, जिसमें पीने का पानी, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन शामिल हैं।

**● गंगा स्नान के बाद पितरों के नाम पर तर्पण, पिंडदान और दान करते नजर आए**

वैशाख अमावस्या के इस पवित्र दिन पर हरिद्वार सहित देश के अन्य तीर्थस्थलों जैसे प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में भी श्रद्धालुओं ने स्नान और दान-पुण्य के कार्य किए। प्रयागराज में तीर्थ पुरोहित दिनेश पांडे ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि आज वैशाख अमावस्या है। इस दिन पिंडदान करने से पितृ प्रसन्न होते हैं, जिससे घर में सुख-शांति आती है। गंगा स्नान का आज विशेष महत्व है, क्योंकि एक दिन के स्नान से 30 दिनों के स्नान का पुण्य प्राप्त होता है। हिंदू धर्म में वैशाख माह की सभी तिथियों को अत्यंत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस माह में किए गए पूजा-पाठ, दान और तप से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वैशाख अमावस्या पर किए गए स्नान और दान का फल कई गुना बढ़ जाता है। वैशाख अमावस्या का स्नान और दान न केवल पितरों को शांति प्रदान करता है, बल्कि व्यक्ति के जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि भी लाता है। इस दिन भगवान विष्णु और शिव की पूजा का भी विशेष महत्व है।

### एनआईईएलआईटी ने 8 संस्थाओं के साथ किया करार

# एक मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा : एस कृष्णन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (एनआईईएलआईटी) ने डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाने के लिए आठ संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए हैं।

इन आठ संस्थाओं में सेमी-कंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल), ईआरएनईटी इंडिया, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी (एनआईएसई), अमृता विश्व विद्यापीठम, स्काईरूट एयरोस्पेस, इंस्टीट्यूट फॉर फाइनेंशियल मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईएफएमआर) और किंड्रिल इंडिया शामिल हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, इन साझेदारियों को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी के क्षेत्र में शिक्षा, कौशल अनुसंधान और नवाचार को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय में सचिव एस कृष्णन ने कहा, "यह एक मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल विकसित करने के लिए शिक्षा, उद्योग और सरकारी संस्थानों का रणनीतिक मिश्रिण है।

इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की आर्थिक सलाहकार, प्रीति नाथ, वैज्ञानिक और समूह समन्वयक, तूलिका पांडे, एससीएल के महानिदेशक, डॉ. कमलजीत सिंह, ईआरनेट इंडिया के महानिदेशक संजीव बंसल, किंड्रिल इंडिया के निदेशक सीएसआर और ईएसजी, गिरिजा मुकुंद, अमृता विश्व विद्यापीठम डीन और निदेशक, डॉ. कृष्णाश्री अच्युतन, स्काईरूट एयरोस्पेस वीपी सी.वी.एस किरण, एनआईएसई महानिदेशक, मोहम्मद रिहान, और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के निदेशक, डॉ. नरसी रेड्डी शामिल हुए।

एनआईईएलआईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एक ऑटोनॉमस बॉडी है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और उभरती टेक्नोलॉजी में शिक्षा, प्रशिक्षण और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अपने 56 केंद्रों, 700 से अधिक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों के विशाल नेटवर्क और देश भर में 9,000 से अधिक सुविधा केंद्रों के साथ, एनआईईएलआईटी डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कुशल कार्यबल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसे आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में गैर-औपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम आयोजित करने वाले संस्थानों और संगठनों को मान्यता देने के लिए एक राष्ट्रीय परीक्षा निकाय के रूप में भी मान्यता प्राप्त है।

1. **एनआईईएलआईटी का परिचय :** एनआईईएलआईटी इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एक ऑटोनॉमस बॉडी है, जो तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और रिसर्च को बढ़ावा देने का कार्य करती है।
2. **एनआईईएलआईटी की व्यापक उपस्थिति :** एनआईईएलआईटी के 56 केंद्र, 700 से अधिक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों का विशाल नेटवर्क और 9,000 से अधिक सुविधा केंद्र देशभर में मौजूद हैं।
3. **डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कार्यबल निर्माण :** एनआईईएलआईटी डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
4. **राष्ट्रीय परीक्षा निकाय के रूप में मान्यता :** एनआईईएलआईटी को आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स में गैर-औपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम आयोजित करने वाले संस्थानों और संगठनों को मान्यता देने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त है।

## कुपवाड़ा में सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मार हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**जम्मू-कश्मीर।** कुपवाड़ा जिले के कानी खास इलाके में शनिवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने 45 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता गुलाम रसूल मागरे को उनके घर के अंदर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि हमले में मागरे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हंदवाड़ा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां शुरुआती उपचार के बाद उन्हें श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मागरे को पेट और कलाई में गोली लगी है और हत्या की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, मागरे को निशाना बनाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में हाई सिक्योरिटी अलर्ट है। इस हमले में मंगलवार को 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारा गया था। पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों ने कश्मीर घाटी में आतंकियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और कथित आतंकी समर्थकों के घरों पर छापेमारी की गई है। पिछले चार दिनों में पुलिस ने घाटी भर से 2,000 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है।

## मुंबई: ईडी दफ्तर की इमारत में भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**एजेंसी । मुंबई**

दक्षिण मुंबई के 'बलार्ड एस्टेट' इलाके में शनिवार देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय की इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात दो बजकर 31 मिनट पर दमकल विभाग को कुरिमभॉय रोड पर ग्रैंड होटल के पास पांच मंजिला इमारत 'कैसर-ए-हिंद' की चौथी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। इसी इमारत में प्रवर्तन निदेशालय का कार्यालय है। उन्होंने बताया कि घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और इसके कारण फर्नीचर, अलमारियां और बिजली के उपकरण जलकर खाक हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम मौके पर हैं और पंचनामा भर रही हैं तथा आगे की जांच जारी है।


## बिहार की 243 विस सीटों पर लड़ेंगे चुनाव : प्रशांत किशोर

**नालंदा।** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनसुराज पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिला स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए बैठकें की जा रही हैं। इस बीच, पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने ऐलान किया है कि वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। रविवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि हमारी पार्टी का किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं होगा।

## समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी समृद्ध विरासत है : उपराष्ट्रपति

**कोयंबटूर (हि.स.)**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता है, एक शांतिप्रिय देश है, जहां समावेशिता और अभिव्यक्ति एवं विचार की स्वतंत्रता हमारी विरासत है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में "विविधतापूर्ण भारत के लिए कृषि शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा" विषयक सभा को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम हजारों वर्षों के इतिहास पर नजर डालें तो पाएंगे कि हमारी सभ्यता में समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बढ़ी है, फली-फूली है और उसका सम्मान किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में अभिव्यक्ति और समावेशिता की बहुलता और प्रवणता विश्व में सबसे अधिक है। चारों ओर देखिए, भारत जैसा कोई अन्य देश नहीं है जो समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रदर्शन कर सकता है। इस महान देश के नागरिक के रूप में- सबसे बड़े लोकतंत्र, सबसे पुराने लोकतंत्र, सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र - हमें बहुत सावधान, सचेत रहना चाहिए और यह समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और समावेशिता हमारी राष्ट्रीय परिसंपत्ति बननी चाहिए।



## सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा धुआं

**सीवान ।** सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा धुआं गोपालगंज में चलती बस में लगी आग:सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा धुआं। सीवान से आ रहे 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान, गाड़ी के पिछले हिस्से से निकलने लगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## एमपी के मंदसौर में वैन कुएं में गिरी,12 की मौत

**मंदसौर।** एमपी के मंदसौर में ईको वैन बाइक से टकराकर कुएं में गिर गई। हादसे में मृतकों की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो गई है। इनमें बाइक सवार और कार सवारों को बचाने के लिए कुएं में उतरा ग्रामीण मनोहर सिंह भी शामिल है। शवों को कुएं से निकालने के लिए एसडीईआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम रस्सियों के सहारे कुएं में उतरी और लोगों को बचाने गए मनोहर सिंह की लाश को निकाला। वहीं, क्रेन की मदद से वैन भी निकाली जा चुकी है। कुएं में 8 से 10 फीट पानी बचा है जिसे मोटर के जरिए निकाला जा रहा है। कुआं खाली होने के बाद ही कंफर्म हो पाएगा कि अब कोई लाश कुएं में है या नहीं।

## शराब पीने से रोका तो हेड कॉन्स्टेबल को पीटा, वर्दी फाड़ी

**भोपाल ।** भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन परिसर में शराब के नशे में युवकों ने जीआरपी जवान की पिटाई कर दी। उसकी वर्दी फाड़ दी। गालीगलौज की। धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी कीं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 2 बजे जीआरपी बंसल वन की शॉप्स और रेस्टोरेंट्स बंद कराने पहुंची थी। इसी दौरान कुछ युवक कार में बैठकर शराब पी रहे थे।

### पहलगाम हमला: पीएम मोदी ने दुनिया को दिया स्पष्ट संदेश

# पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों को नहीं छोड़ेंगे : सम्राट चौधरी



**पटना (आईएएनएस)**

बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'मन की बात' के 121वें एपिसोड को सुनने के बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 'मन की बात' में दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि पहलगाम घटना में शामिल आतंकियों को भारत किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा।

'मन की बात' सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने मन की बात में पहलगाम घटना की चर्चा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित हो रहा है, इसकी भी चर्चा 'मन की बात' में की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने जहां विकसित हो रहे भारत के विकास की चर्चा की, वहीं गौरवशाली इतिहास को लेकर भी अपनी बात कही। पीएम मोदी जब 'मन की बात' करते हैं तो देश के युवाओं को प्रेरणा देते हैं और भारत को समृद्ध करने की बात करते हैं। चौधरी ने कांग्रेस नेता के एक बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी की सरकार अगर चार करोड़ पक्के मकान बनवाती है तो उसमें सभी धर्मों को इसका लाभ मिलता है। सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के एक करोड़ से ज्यादा लोगों को पक्का मकान देने का काम करती है।

## उप्र डीजीपी ने दिए नेपाल सीमा और टोल प्लाजा पर जांच बढ़ाने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस को पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा और सभी अंतरराज्यीय सीमाओं पर जांच बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि राज्य में कश्मीरी छात्रों, पर्यटकों और विक्रेताओं के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि उनके साथ कोई अप्रिय घटना न हो। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में कश्मीरी छात्रों को परेशान करने की कई खबरें आई है। बयान के मुताबिक डीजीपी ने प्रभावी जांच और सीमा और टोल प्लाजा पर उचित पुलिस व्यवस्था के निर्देश जारी किए हैं।

कुमार ने कहा कि नेपाल सीमा पर महराजगंज, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, खीरी, पीलीभीत, बहराइच और बलरामपुर जिलों में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा चेक पोस्टों पर निगरानी और सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी तत्काल प्रदेश के सभी जिलों में अपनी कड़ी निगरानी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कमिश्नरेट/जिले के सभी मॉल, सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स और मनोरंजन स्थलों तथा सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस और नए किराएदारों का सत्यापन किया जाए। कुमार ने कहा कि सभी सोशल मीडिया मंच पर लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी तरह की भड़काऊ और भ्रामक पोस्ट का तुरंत खंडन किया जाए और उसे पोस्ट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## 'पहलगाम आतंकी हमले' को कांग्रेस के राशिद अल्वी ने बताया 'बंटवारे का नतीजा'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर बड़ी बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने देश की आजादी, बंटवारे, पाकिस्तान, सिंधु जल समझौता, आरएसएस प्रमुख और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बयानों को लेकर स्पष्ट और तीखे शब्दों में अपने विचार प्रकट किए। मणिशंकर अय्यर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राशिद अल्वी ने कहा कि यह बात बिल्कुल सही है कि बंटवारा गलत हुआ था और भारत आज तक उसके नतीजे भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बंटवारा न हुआ होता तो शायद पहलगाम जैसी आतंकी घटनाएं और उससे पहले की तमाम वारदातें न होतीं और लाखों लोगों की ज़िंदगी बचाई जा सकती थी।



## महाराष्ट्र: पहलगाम आतंकी हिंसा के समर्थन में व्हाट्सएप स्टेटस, युवक हुआ गिरफ्तार

**करमाला (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के समर्थन में व्हाट्सएप स्टेटस डालने के आरोप में महाराष्ट्र के करमाला पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सांप्रदायिक तनाव फैलाने का मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की शिकायत के बाद की गई है। करमाला तालुका के शेलगांव वांगी निवासी शख्स पर आरोप है कि उसने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर पहलगाम आतंकी हमले के समर्थन में आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की। इस स्टेटस से इलाके में तनाव पैदा हुआ। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 299 के तहत मामला दर्ज कर अजहर को हिरासत में ले लिया है। शिकायतकर्ता लक्ष्मण बबन साखरे ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह 8:45 बजे उनके दोस्त नागेश पंडित वालुंजकर ने उन्हें सूचना दी कि शेलगांव वांगी में किसी ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर आपत्तिजनक सामग्री डाली है।

### पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार का एक और सख्त फैसला

# पाकिस्तानी हिंदुओं की चारधाम यात्रा पर रोक

**देहरादून (आईएएनएस)**


जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी नागरिकों की चारधाम यात्रा पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके 77 पाकिस्तानी हिंदू श्रद्धालु अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक कुल 21 लाख से अधिक लोगों ने अपना पंजीकरण कराया है। यात्रा में भाग लेने के लिए विदेशों से भी 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है।

खास बात यह है कि इस यात्रा में शामिल होने के लिए पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने अपना नाम दर्ज कराया था। दरअसल, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार सख्त है। इस हमले के बाद केंद्र सरकार ने त्वरित फैसला लेते हुए पाकिस्तानी श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति नहीं देने का निर्णय लिया। सुरक्षा कारणों से एहतियात के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। इस वर्ष 100 से अधिक देशों के लोगों ने यात्रा में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी को लेकर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठा उन्हें सुरक्षित तरीके से देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।









## यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं

वहीं, अन्य विदेशी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। बता दें कि 30 अप्रैल से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत होने जा रही है। यात्रा को लेकर प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। हर साल की तरह इस बार भी बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं 2 मई से शुरू होंगी, जब धाम के कपाट खुलेंगे।

# कारोबारी रहें सावधान : नामी कंपनियों के फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर हो रही लाखों-करोड़ों की साइबर ठगी, लूट, हत्या

## जूडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर साइबर ठगों ने कैसे 8,55,500 रुपये ठगे

संवाददाता

● टाटा मोटर्स, कल्याण ज्वेलर्स, टाटा स्टार बक्स, जूडियो, टाटा ट्रेंट, बर्गर किंग के असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बना कर फंसा रहे

**लखनऊ।** तमाम कंपनियों के फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर साइबर अपराधी किस तरह से सक्रिय हैं और कैसे कारोबारियों को ठग रहे हैं इसके हर कुछ दिन बाद मामले उजागर हो रहे हैं। कई मामले में तो साइबर अपराधियों ने बुलाकर , एयरपोर्ट से होटल ले जाने या अन्य शहर में कंपनी के दफ्तर में ले जाने आदि के बहाने टैक्सी या अपनी कार से ले जाते समय रास्ते में लूट कर हत्या तक कर दिये हैं।लूट का ऐसा ही एक मामला वाराणसी में उजागर हुआ है। जूडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के सरगना और उसके दो गुर्गों को साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बिहार के नालंदा जिले के गंगापुर कटीना के आकाश कुमार व सैदी के मयंक कुमार तथा शेखपुरा जिले के पिंजरी के प्रशांत कुमार के रूप में हुई है। तीनों कोलकाता में बैंक गार्डन इलाके में रहते थे। गिरोह का सरगना आकाश कुमार है और प्रशांत कुमार कंप्यूटर साइंस से बीटेक है।आकाश कुमार पश्चिम बंगाल से और प्रशांत कुमार हरियाणा से जेल जा चुका है। तीनों के पास से 10 आईफोन, दो लैपटॉप, तीन डेबिट कार्ड, एक कार व 3720 रुपये बरामद हुए हैं। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। विहार कॉलोनी, महमूरगंज की रहने वाली जसवीर कौर की तहरीर पर 11 मई 2024 को साइबर क्राइम पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जसवीर के अनुसार उन्होंने जूडियो कंपनी की फ्रेंचाइजी के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया था। फ्रेंचाइजी देने के नाम पर साइबर ठगों ने उनसे 8,55,500 रुपये ठग लिए। डीसीपी क्राइम / वरुणा जोन ने बताया कि साइबर क्राइम थाना प्रभारी विजय नारायण मिश्र के नेतृत्व में इंस्पेक्टर विपिन कुमार, दरोगा आलोक रंजन और एसआई श्याम लाल गुप्ता की टीम ने मामले की जांच शुरू की।

पुलिस टीम ने लेनदेन से संबंधित बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और फर्जी वेबसाइट की मदद से डिजिटल फुटप्रिंट तैयार कर तीनों आरोपियों को नालंदा व कोलकाता से गिरफ्तार किया।पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नामचीन कंपनियों जैसे किया टाटा मोटर्स, कल्याण ज्वेलर्स, टाटा स्टार बक्स, जूडियो, टाटा ट्रेंट, बर्गर किंग की असली वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बनाते हैं। फिर फर्जी वेबसाइट का प्रमोशन विज्ञापन के माध्यम से गूगल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाता है। जिन लोगों को उपरोक्त कंपनियों के फ्रेंचाइजी की आवश्यकता होती है, उनके द्वारा वेबसाइट को गूगल पर सर्च किया जाता है। पेड प्रमोशन होने के कारण फर्जी वेबसाइट सबसे पहले दिखाई देती है। उन पर लोग अपना पूरा विवरण डाल देते हैं। इसके बाद उन्हें फोन कर रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी मनी, जीएसटी फीस आदि का हवाला देते हुए कथित कंपनी के फर्जी म्यूल बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर करा लिया जाता है।

## गंगा एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर नाइट लैंडिंग करेंगे लड़ाकू विमान

संवाददाता

● हवाई पट्टी के आसपास 5 किमी क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन घोषित

**लखनऊ।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर दो मई की रात को हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमान उतारे जाएँगे। यह पहली बार होगा कि किसी एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग होगी। गंगा एक्सप्रेस-वे पर साढ़े तीन किलोमीटर की हवाई पट्टी बनाई गई है। इस संबंध में सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। दो मई की रात को लड़ाकू विमान उतरेंगे। तीन मई को दिन में लैंडिंग का कार्यक्रम होगा। इसके लिए वायु सेना के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। हवाई पट्टी के आसपास 5 किलोमीटर के क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है। जानवरों को रोकने के लिए लोहे की बाड़ लगाई गई है।

# आतंकियों के आने-जाने के बारे में सुराग जुटाने में जुटी एजेंसी

## एनआईए ने शुरू की पलगाम हमला की जांच

एजेंसी । श्रीनगर

एनआईए की टीम में एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए की टीमें आतंकवादियों के बारे में सुराग पाने के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की गहन जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं।

एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले की जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस से जांच का जिम्मा लिया और चश्मदीदों से पूछताछ शुरू की। जांच एजेंसी पहलगाम आतंकी हमले में शामिल आतंकियों के आने-जाने के बारे में सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है। एनआईए की टीम में एक पुलिस महानिरीक्षक, एक पुलिस उपमहानिरीक्षक और एक पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए की टीमें आतंकवादियों के बारे में सुराग पाने के लिए प्रवेश और निकास बिंदुओं की गहन




जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से टीमें पूरे इलाके की गहन जांच कर रही हैं ताकि उस आतंकी साजिश का पता लगाया जा सके, जिसके कारण यह भयानक हमला हुआ। एनआईए की जांच इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 22 अप्रैल को हुए हमले में एक नेपाली नागरिक समेत 26 पर्यटक मारे गए थे। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कश्मीर में पर्यटकों की आमद बढ़ रही है और 38 दिवसीय अमरनाथ यात्रा भी 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। इसलिए पहलगाम आतंकी हमले की हर पहलू से जांच करना जरूरी है।

### एनआईए की सख्त कार्रवाई

एनआईए ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब खुफिया एजेंसियां केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की सूची तैयार कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, 20 से 40 वर्ष की आयु के ये लोग पाकिस्तान से विदेशी आतंकवादियों को रसद और जमीनी सहायता प्रदान करके सक्रिय रूप से सहायता कर रहे हैं। पहचाने गए आतंकवादी कथित तौर पर तीन प्रमुख पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठनों हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े हैं। इनमें से तीन हिजबुल मुजाहिदीन से, आठ लश्कर से और तीन जैश से जुड़े हैं। बता दें कि पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रतिनिधि, द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है।

## म्यांमार : शक्तिशाली भूकंप की वजह से 200,000 से अधिक लोग विस्थापित

यांगून (आईएएनएस)

म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,00,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। देश की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति (एनडीएमसी) ने यह जानकारी दी। एनडीएमसी के अध्यक्ष वाइस सीनियर जनरल सो विन ने कहा कि भूकंप ने ने प्यी ताव, सागांग, मांडले, बागो, मैगवे और शान सहित 10 क्षेत्रों और राज्यों में व्यापक विनाश किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने राज्य मीडिया की रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी। जनरल सो विन ने शुक्रवार को प्यी ताव में आयोजित एनडीएमसी की वर्ष की तीसरी बैठक में यह बात कही। जनरल सो विन ने बताया कि शुक्रवार तक 3,763 लोगों की मौत हो गई और 5,107 घायल हुए हैं, जबकि 110 लोग लापता हैं। कुल मिलाकर, 128,965 घरों के 629,206 लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए। सरकारी दैनिक 'द मिरर' ने शनिवार को एनडीएमसी के हवाले से बताया कि 23 अप्रैल तक कुल विस्थापित लोगों में से 48,656 लोग 135 बचाव केंद्रों में शरण लिए हुए हैं, जबकि 1,59,239 अन्य जगह स्थानांतरित हो गए।

## पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की खबर झूठी सीएम देवेंद्र फडणवीस

मुंबई (आईएएनएस)

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की



खबर को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने गृह मंत्री के तौर पर स्पष्ट किया कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों का पता लगा लिया गया है और उन्हें उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही ये सभी नागरिक पाकिस्तान लौट जाएंगे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने एक बयान में कहा, "107 पाकिस्तानी नागरिकों के लापता होने की अफवाहें गलत हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि सभी का पता लगा लिया गया है। उन्हें देश से बाहर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को यहां रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुझे उम्मीद है कि आज शाम या कल सुबह तक वे अपने देश वापस चले जाएंगे। उन्होंने लोगों से ऐसी भ्रामक खबरें न फैलाने की अपील की और स्थिति पर सरकार की पूरी नजर होने का आश्वासन दिया।

## यमन से मृत सागर को निशाना बनाकर दागी गई मिसाइल को रोका : इजरायल

यरुशलम (आईएएनएस)

इजरायल की सेना ने रविवार को कहा कि उसने यमन से मृत सागर की ओर दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को सुबह-सुबह इजरायली क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक पुलिस ने कहा कि मृत सागर क्षेत्र और अरावा क्षेत्र में सायरन बजाया गया। देश की मैगन डेविड एडोम रेसक्यू सर्विस ने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से, ईरान समर्थित हूती विद्रोही फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए इजरायल पर मिसाइलें और ड्रोन दाग रहे हैं। इजरायल के चैनल 12 ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत से लेकर अब तक हूती विद्रोहियों की तरफ से इजरायल की ओर दागी गई यह 11वीं मिसाइल थी। इससे पहले यमन के हूती विद्रोहियों ने 23 अप्रैल को इजरायल के शहरों हाइफा और तेल अवीव में 'महत्वपूर्ण लक्ष्यों' पर मिसाइल और ड्रोन हमले करने का दावा किया था। इस अटैक के कारण कथित तौर पर दिन में पूरे उत्तर-पश्चिमी इजरायल में सायरन बजने लगे।

# पेट साफ तो बहुत सी बीमारी साफ

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** ज़िंदगी की भागदौड़ और नौकरी से लेकर खेती तक में रात दिन खपते , जूझते रहने के तनाव में अब लोगों को पहले की तरह बिना मिलावट वाले राशन से घर का बना अच्छा खाना ,बिना मिलावट वाले दूध -दही , बिना दवा व सिरिंज वाले फल , सब्जी आदि मिलना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में बहुत से लोगों का पेट सुबह साफ नहीं हो पा रहा है। गैस , डकार, पेट फूलने आदि रोग से लोग परेशान रहने लगे हैं। समय पर खाना भी नहीं खा पा रहे हैं।इन सबके चलते कब्ज की समस्या हो रही है। और कब्ज यदि लंबे समय तक बना रहे , तो बहुत तरह की बीमारी हो सकती है। आंत में कैंसर तक हो सकता है। इससे बचने के लिए खानपान से लेकर जीवन जीने के रूटीन तक में बदलाव करना बहुत जरूरी है। पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं कर रहा है तो इससे गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन यदि आप किसी वैद्य से पूछकर ,उसके बताए अनुसार घरेलू उपाय से अपने पेट को पूरी तरह से साफ करना चाहते हैं, तो रात में दही के साथ त्रिफला पाउडर मिलाकर खाने से कब्ज दूर हो सकती है, शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल सकते हैं। कई वैद्य का कहना है कि दही में त्रिफला पाउडर मिलाकर खाने से पेट की सफाई अच्छे से हो सकती है, क्योंकि त्रिफला आयुर्वेद का एक प्रसिद्ध हर्बल मिश्रण है, जिसमें हरड़, बहेड़ा व आंवला होता है। ये तीनों जड़ी-बूटियां पाचन तंत्र को मजबूत करने के साथ शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करती हैं। त्रिफला चूर्ण को दही में मिलाकर खाने से पेट अच्छी तरह साफ हो सकता है।

### पेट साफ रखने के लिए करें क्या?

इससे त्वचा व बाल भी बेहतर होंगे।त्रिफला एक प्राकृतिक औषधि है जो शरीर को अंदर से स्वस्थ रखने में मदद करती है। इसका नियमित सेवन करने से लंबे समय तक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। त्रिफला चूर्ण एक उत्कृष्ट रेचक के रूप में कार्य करता है। यह पाचन में सुधार और मल त्याग को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।चूर्ण में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं।त्रिफला चूर्ण स्ट्रोक व अन्य हार्ट संबंधी समस्याओं के जोखिम को कम कर सकता है।

शरीर में ग्लूकोज के स्तर को संतुलित करता है। इसलिए यह शुगर के मरीजों के लिए बहुत अच्छा है। रही बात इसके साथ दही की तो दही खाने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं, जैसे पाचन तंत्र की दुरुस्ती, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ना, हड्डियों व दांतों को लाभ, त्वचा व बालों को स्वस्थ रखने, वजन कम करने ,दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है।इसलिए संबंधित आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से राय लेकर इसका सेवन किया जा सकता है।

## सिसिली में गोलीबारी 3 की मौत, 2 घायल

**रोम।** इटली के सिसिली की राजधानी पलेर्मो में हुई गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह घटना व्यस्त डुओमो डी मोनरेले स्क्वायर के पास एक पिज़्ज़ेरिया में युवाओं के दो ग्रुप के बीच विवाद के कारण हुई। इसके बाद टकराव गोलीबारी में बदल गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 26 वर्षीय एंड्रिया मिसेली की रविवार को पलेर्मो के सिविको अस्पताल में मौत हो गई, जहां उसकी हालत गंभीर थी। दो अन्य, 23 वर्षीय साल्वाटोर टुर्डो और 26 वर्षीय मास्सिमो पिरोज़ो को गोलीबारी के तुरंत बाद मृत घोषित कर दिया गया।

# ईरान के प्रमुख बंदरगाह में भीषण विस्फोट, 28 की मौत, 800 घायल

तेहरान (आईएएनएस)

ईरान के दक्षिणी होर्मोज्गान प्रांत में एक बंदरगाह पर हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आधिकारिक इरना समाचार एजेंसी ने कहा कि विस्फोट और उसके बाद लगी आग में घायल हुए लोगों की संख्या 800 तक पहुंच गई है, जबकि छह लोग अभी भी लापता हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को होर्मोजगन के गवर्नर मोहम्मद अशौरी तजियानी के हवाले से कहा, घटनास्थल पर लगे क्लोज-सर्किट कैमरों से प्राप्त फुटेज में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे बंदरगाह के एक क्षेत्र में कई कंटेनरों के पास सीमित मात्रा में आग लगी दिखाई दी, जो फिर फैल गई और लगभग 90 सेकंड बाद बड़े विस्फोट का कारण बनी।

### विस्फोट का कारण अभी अनिश्चित सरकार और संकट प्रबंधन में मतभेद

ईरान के संकट प्रबंधन संगठन के प्रवक्ता होसैन जफरी ने शाहिद राजाई में कंटेनरों में रसायनों के खराब भंडारण को विस्फोट के लिए दोषी ठहराया। उन्होंने ईरान की



आईएलएनए समाचार एजेंसी को बताया, "विस्फोट का कारण कंटेनरों के अंदर मौजूद रसायन थे। जफरी ने कहा, "इससे पहले, संकट प्रबंधन के महानिदेशक ने अपने दौरे के दौरान इस बंदरगाह को चेतावनी दी थी और खतरे की संभावना की ओर इशारा किया था।






## कहानी फिल्म जगत की

# 'मैं दुनिया में बेकार इंसान...

आमिर खान आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने सिनेमा में एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल चुराया है। उनकी काबिलियत को देखते हुए ही लोग उन्हें मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहते हैं। आमिर खान के बाद अब उनकी लिगेसी को आगे बढ़ाने के लिए जुनैद खान आगे आए हैं। महाराज से दर्शकों का दिल चुराने वाले जुनैद हाल ही में खुशी कपूर के साथ फिल्म लवयापा में भी नजर आए थे। खैर, आमिर और उनके बेटे तो फिल्मों में एक्टिव हैं। मगर लोग यह जानना चाहत हैं कि आखिर उनकी बेटी आइरा खान क्या करती हैं?



## पैसे न कमाने पर छलका आइरा खान का दर्द, आमिर बोले- 'यह सिर्फ कागज का टुकड़ा'

आइरा खान ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि वह 27 साल की उम्र में पैसे नहीं कमा पा रही हैं। उन्होंने खुद को बेकाब इंसान बताया है। पिंकविला के साथ बातचीत में आइरा ने कहा, "मैं 26-27 साल की हूं, मेरे मां बाप ने मेरे ऊपर बहुत पैसे खर्च किए हैं और मैं दुनिया में बेकार इंसान हूं, मैं कुछ नहीं कर रही हूं। आइरा खान के इतना कहने के बाद आमिर खान ने अपनी बेटी की साइड ली और कहा कि भले ही वह पैसा नहीं कमा रही हैं, लेकिन वह अच्छा काम कर रही हैं। अभिनेता ने कहा, "आप पैसा कमा रहे हो या नहीं, वो मेरे लिए इम्पोर्टेंट नहीं है। आप काम अच्छा कर रहे हो, ये मेरे लिए इम्पोर्टेंट है। पैसा वाकई एक प्रोमिस लेटर है जिस पर हर कोई सहमत होने का फैसला करता है या फिर यह सिर्फ कागज का एक टुकड़ा है।

### क्या करती हैं आइरा खान?

पिता आमिर खान और भाई जुनैद खान के नक्शेकदम पर न चलते हुए आइरा खान ने एक अलग राह चुनी है। वह थिएटर और फिलैंथ्रोपी में अपना करियर बना रही हैं।

### सीयूजे और एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के बीच हुआ एमओयू, बोले कुलपति

# छात्रों को उच्च ट्रेनिंग व अंतर्विषयक शोध को मिलेगा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सीयूजे और एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएनएसआई), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के बीच एमओयू (समझौता) हुआ, जिसमें सीयूजे को एएनएसआई का फील्ड स्टेशन बनाया गया। समझौते के दस्तावेज़ सीयूजे में दोनों पक्षों के उच्च अधिकारियों के समक्ष हरताक्षर किए गए।

कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए काफी लाभकारी होगा। इस समझौते से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एंथ्रोपोलॉजी के क्षेत्र में उच्च ट्रेनिंग और अंतर्विषयक शोध को बढ़ावा मिलेगा। यह खुशी की बात है कि सीयूजे के साथ एएनएसआई ने यह समझौता किया है जिसमें सीयूजे को झारखंड में फील्ड स्टेशन के तौर पर स्थापित किया गया है।

प्रो. बी वी शर्मा, निदेशक, एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता ने इस समझौते के तहत सीयूजे को मिलने वाले सहयोग से सबको अवगत कराया। इस समझौते के तहत सीयूजे को एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के फील्ड स्टेशन के तौर मान्यता दिया गया है। इस समझौते के अनुसार सीयूजे के विद्यार्थी एएनएसआई के संस्थानो में इंटर्नशिप कर सकते हैं। यह समझौता एनईपी-2020 के तहत सारे जरूरतों को पूरा करता है। विद्यार्थी द्वितीय सेमेस्टर के बाद कभी भी इंटर्नशिप कर सकते हैं। एएनएसआई साथ ही इस क्षेत्र से संबंधित सीयूजे के प्रोजेक्ट को भी वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।

सीयूजे की तरफ से कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास, कुलसचिव, के कोसल राव, डीन शोध एवं विकास, प्रो अरुण कुमार पाढ़ी, डीन अकादमिक, प्रो मनोज कुमार, वित्त अधिकारी, पी के पंडा, प्रो. सुचेता सेन चौधरी, प्रो. रविन्द्र नाथ सरमा, डॉ रजनीकांत पांडे, डॉ शमशेर आलम, डॉ सुदर्शन यादव आदि मौजूद थे।

एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की तरफ से प्रो. बी वी शर्मा, निदेशक, एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता, डॉ उमेश कुमार, सीनियर साइंटिस्ट, हेड ऑफिस, एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, कोलकाता, श्री राज किशोर महतो, सुदीप्त कुमार बेहरा भी मौजूद थे यह समझौता सीयूजे में हस्ताक्षरित किया गया जिसमें सीयूजे के एंथ्रोपोलॉजी विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और अन्य लोग मौजूद थे।

### कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक

# देश में संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांके।** कांके प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांके स्थित विधायक आवास में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता संजर खान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा मौजूद रहे। बैठक में आगामी संविधान बचाओ रैली की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि सुरेश कुमार बैठा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लगातार संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करने, युवाओं और महिलाओं को सक्रिय रूप से जोड़ने, तथा पंचायत चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी बैठक को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

### विशेष शिविर में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन

## नशा सामाजिक व्यवहार में भी नकारात्मक परिवर्तन लाता है : डॉ. रोशन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा हुलहूंडु गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना रहा।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ सायकेट्री से डॉ. रोशन उपस्थित रहे। डॉ. रोशन ने ब्राउन शुगर, गांजा, कोकीन, चरस आदि नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक व्यवहार में भी नकारात्मक परिवर्तन लाता है, जिससे हिंसक प्रवृत्तियों का जन्म होता है। साथ ही, नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने के लिए व्यावहारिक सुझाव भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्य भारती से डॉ. डीएन तिवारी भी उपस्थित थे। डॉ. तिवारी ने पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान के आधार पर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला और दैनिक जीवन में सरल उपायों से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के उपाय साझा किए।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# पाक के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे : मंत्री डॉ इरफान

- केंद्र सरकार और खुफिया तंत्रों की नाकामी उजागर
- स्वास्थ्य मंत्री अपने चार महीने का वेतन सौंपेंगे शहीदों के परिवारों को

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** कश्मीर के खूबसूरत पर्यटक स्थल में मासूमों के खून से देश को खून के आंसू रुलाने वालों पर करवाई के लिए केंद्र सरकार के साथ खड़े होने की बात मंत्री डा इरफान अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र सरकार को अब पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे। यह दुख की घड़ी है और इस समय हमें एकजुट होकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

सुरक्षा में हुई चूक पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा की कमी के कारण पर्यटकों को अपनी जान गंवानी पड़ी। अगर वहां सेना मौजूद होती, तो यह घटना नहीं होती। उन्होंने केंद्र सरकार और खुफिया तंत्रों की नाकामी उजागर होने की बात कही है। शहीद परिवारों के दुःख में खड़े होने की बात कहते हुए उन्होंने अपने चार महीने का वेतन शहीदों के परिवारों को देने की घोषणा की।

## 3 मई को धुर्वा मैदान में संविधान बचाओ रैली

- सर्वोच्च संस्थाओं पर उंगली उठाना लोकतंत्र का गला घोंटने के समान : डॉ इरफान अंसारी



**रांची/जामताड़ा।** 3 मई को रांची के धुर्वा मैदान में होने वाली संविधान बचाओ रैली के लिए कांग्रेस पार्टी ने जामताड़ा से रणभेरी बजा दी है। रविवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के नेतृत्व में हुई रणनीतिक बैठक में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब भाजपा के झूठ और तानाशाही को जनता के सामने बेनकाब करना है। डॉ. इरफान अंसारी ने भाजपा पर सीधा हमला करते हुए कहा की भाजपा संविधान को चीरने पर तुली है। सुप्रीम कोर्ट जैसी सर्वोच्च संस्थाओं पर उंगली उठाना लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिश है।अब देश चुप नहीं बैठेगा। संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस अंतिम सांस तक लड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संविधान पर हमला हुआ तो कांग्रेस सड़क से संसद तक हल्ला बोल देगी। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे हर गली, हर गांव, हर बूथ पर जाकर भाजपा के लोकतंत्र-विरोधी चेहरे को बेनकाब करें और जनता को इस संघर्ष का हिस्सा बनाएं। मौके पर पूर्व मंत्री बादल ने कहा की अगर संविधान बचाना है तो अब आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। भाजपा देश को मनमानी आग में झोंकना चाहती है।

# आतंकवादियों के मददगारों का पर्दाफाश करे राज्य सरकार : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर आतंकवाद के खिलाफ गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया। श्री मरांडी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट होकर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद के सफाए के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों से अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर करने का निर्देश दिया था। लेकिन झारखंड में हेमंत सरकार आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कदम उठाने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है।

कहा कि इसके विपरीत, झामुमो के मंत्री और प्रवक्ता गैर-जिम्मेदाराना और संवेदनहीन बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राजनीति करने के लिए आपको कई अवसर मिलेंगे, लेकिन इस कठिन समय में साढ़े तीन करोड़ झारखंडवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राज्य में आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कीजिए।

कहा कि राज्य में आतंकियों की बढ़ती सक्रियता ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस भले ही समय-समय पर आतंकियों को गिरफ्तार कर रही हो, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इन आतंकियों को पनाह कौन दे रहा है? इन्हें संसाधन कौन उपलब्ध करा रहा है? राज्य की जनता यह जानना चाहती है। कहा कि सिर्फ गिरफ्तारी से आतंकवाद की समस्या को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। जब तक इनके पूरे नेटवर्क और मददगारों का पर्दाफाश नहीं होगा, तब तक राज्य पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो सकता।



## मन की बात कार्यक्रम में आतंकवाद के खिलाफ कड़े संदेश : बाबूलाल मरांडी

आज भाजपा के पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र में बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में भी आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। कहा कि प्रधानमंत्री ने आज फिर एक बार कहा कि आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कठोर कार्रवाई करने केलिए भारत संकल्पित है जिसमें भारत के 140 करोड़ जनता का भरोसा और विश्वास प्राप्त है। कहा कि इस लड़ाई में पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा है। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री जी के साथ खड़ी है। आतंकवाद उग्रवाद विकास का दुश्मन है। विकास और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। इसलिए आतंकवाद और उसके संरक्षकों पर कड़ी कार्रवाई का समय आ चुका है।

## आदिवासी समाज के भावनाओं को सम्मान करे सरकार : विजय शंकर



**रांची।** सरकार अभी भी आंख खोले और आदिवासी समाज के भावनाओं को सम्मान करने का कार्य करे। उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। श्री नायक अल्बर्ट एक्का चौक में आदिवासी समाज के लोगो के द्वारा सीएम का पुतला दहन कार्यक्रम में समर्थन देने पहुंचे थे। उन्होने मंच की ओर से आदिवासी समाज को आश्वस्त किया की आपके द्वारा चलाए जा रहे हर आंदोलन को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच सदैव समर्थन करेगा । श्री नायक ने यह भी भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार धृतराष्ट्र की तरह आंख बंद कर आदिवासी समाज के भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे है और समाज के समस्याओ की अनदेखी कर रहे है।

### पाक मुर्दाबाद के नारों से गूंजा धुर्वा

# युवा महावीर दल ने निकाला आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पंचमुखी मंदिर, धुर्वा से रविवार को युवा महावीर दल के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोशपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च सेक्टर-2 बाजार होते हुए ऐतिहासिक पुरानी विधानसभा भवन तक पहुंचा। सभा स्थल पर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आलोक कुमार दुबे ने कहा "धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को देश ने नकार दिया है। भारत की असली पहचान गंगा-जमुनी तहज़ीब में है, जिसे हर भारतवासी ने अपनाया है। आज का भारत एकजुट है चाहे जितनी भी कठिनाइयाँ आएं, हम सब एक साथ खड़े हैं। नफरत फैलाने वालों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। हमारा देश प्रेम, एकता और भाईचारे की मिसाल है।" इस उग्र और ऊर्जावान कार्यक्रम का नेतृत्व आलोक कुमार दुबे, संजीत यादव, मंटू यादव, बिट्टू कुमार,अभिषेक साहू,रविशंकर सिंह,परमेश्वर राम,बबलू शर्मा, रंजन यादव, परमेश्वर राम, मेंहुल दूबे,अमित कुमार, माहेश्वरी कुमारी, रिया कुमारी, संध्या कुमारी, काव्या कुमारी, सत्या कुमारी और तान्या कुमारी समेत बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने किया।

युवा महावीर दल ने दिया स्पष्ट संदेश- "भारत को तोड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आतंकवाद और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।"

**आज / कल**




# 74 आंदोलनकारियों व भूमिगत क्रांतिकारियों के पेंशन और सम्मान में एकरूपता जरूरी : डॉ सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**



- 5 जून को रांची में भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच का धरना

**रांची।** पूर्व सांसद डॉ। सूरज मंडल ने कहा कि 1974 की संपूर्ण क्रांति के आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों की पेंशन और सम्मान में राष्ट्रीय स्तर पर एकरूपता समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 5 दशक के बाद भी 74 के उन आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों को अपेक्षित जीवन जीना पर रहा है जिनके कारण देश में लोकतंत्र जीवित रहा और उनका महत्व स्वतंत्रता सेनानियों से कम बिल्कुल भी नहीं है। रविवार को कांके रोड में स्थित अपने आवास में आयोजित मंच की बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि जब सम्पूर्ण क्रांति के आंदोलनकारी केसी त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस संदर्भ में पत्र भेजा था तो उन्होंने सकारात्मक बातें कही थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर मंच की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 5 जून को इस संदर्भ में आंदोलन की शुरुआत होगी और सबसे पहले रांची सहित पूरे देश में सम्बंधित प्रदेश के आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों का धरना आयोजित किया जाएगा। उसके बाद राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन राज्यपाल को प्रस्तुत किया जाएगा। मंच के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ। मंडल ने कहा कि अगले 25 जून को इस विषय पर प्रधानमंत्री एवं लोकसभा अध्यक्ष से इस सन्दर्भ में मिलने के लिये समय मांगा गया है। उन्होंने कहा कि 74 की संपूर्ण क्रांति के 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आज पुनः जेपी के विचारों के अनुरूप, देश को पढ़ने एवं गढ़ने की जरूरत है और इसके लिए जरूरी है कि उन क्रांतिकारियों एवं आंदोलनकारियों को सम्मान दिया जाए।

इस अवसर पर बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. यदुनाथ पांडेय ने कहा कि तब जयप्रकाश नारायण ने सत्ता की बजाय व्यवस्था परिवर्तन का नारा सामने रखा था और आज भी बिलकुल वैसी ही बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सकारात्मक काम कर रही है लेकिन देश में अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ व्यवस्था परिवर्तन की आवश्यकता गंभीरता के साथ महसूस की जा रही है।

## पेज एक के शेष

### आग लगने से पांच घरों का...

पास इलाके में आपातकाल से निपटने के लिये एक भी सरकारी चापानल तक नहीं है, जिससे आगजनी के बाद एक बूंद भी पानी का छिड़काव किया जा सके। समाज सेवी नवाजिश खान ने हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के लिये विशेष रुप में दमकल सुविधा बहाल करने की मांग जिला प्रशासन से की है।

### झारखंड के युवा बना सकते हैं...

पाने के संघर्ष और आज के अपने आत्मनिर्भर जीवन की कहानियां साझा कीं, जो सुनने वालों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहीं। माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर झारखंड के युवाओं की समस्याओं का करता है समाधान : कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ, जेएसएलपीएस कंचन सिंह ने ग्रामीण विकास मंत्री, पीआईए (प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसीज) के प्रतिनिधियों, भारत सरकार के प्रतिनिधि, एवं उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। उन्होंने बताया कि इस तरह के एलुमनी मीट का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि प्लेस्ड युवाओं को निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे। उन्होंने जेएसएलपीएस द्वारा बेंगलुरु एवं हरियाणा में स्थापित माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर का जिक्र करते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल कार्यरत झारखंड के युवाओं की समस्याओं के समाधान में मदद करता है, बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक समर्थन भी प्रदान करता है।

**'स्किल आइकॉन' सम्मान समारोह का भी किया गया आयोजन :** समारोह के दौरान 'स्किल आइकॉन' सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में योगदान देने वाली प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों (पीआईए) को सम्मानित किया गया। इन सम्मानित युवाओं ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि झारखंड राज्य का गौरव भी बढ़ाया है।

### चार टुकड़ों में बंट जाएगा...

बात मैं पूरे दावे के साथ कह रहा हूं। अगर पाकिस्तान इस वर्ष के बाद कई खंडों में नहीं बंटा, तो आप यह कहने को स्वतंत्र होंगे कि भारतीय जनता पार्टी वाले लोगों को झूठे आश्वासन देते हैं। निशिकांत दुबे ने कहा कि 'पाकिस्तान खत्म हो जाएगा', यही मोदी की गारंटी है। यही विश्वास है, जिसकी बदौलत वह देश के प्रधानमंत्री बने हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि 'पाकिस्तान की सेना' ने हिंदुस्तानियों को, खास तौर पर हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा है। मोदी सरकार इस हमले का बदला हर हाल में लेगी। महेशमारा रेलवे हॉल्ट के उद्घाटन से पहले मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद ने कहा कि देश का नेतृत्व आज एक ऐसे प्रधानमंत्री के हाथ में है, जो अपनी क्षमता और ताकत के लिए देश-दुनिया में जाने जाते हैं। उन्होंने बिहार की धरती से स्पष्ट कहा है कि आतंकियों और उनके समर्थकों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। इसी डर से पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर का पूरा परिवार विदेश भाग गया है।

### एसडीएम ने अनाधिकृत रूप से...

प्रतिबंधित कोटि का था। अर्थात उन्हें कुछ सामान्य प्रकृति के ड्रग्स ही बिक्री करना, किंतु मौके पर बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक, इंजेक्शन आदि दवा मिलीं जो प्रथम दृष्टया लाइसेंस की अनुमन्यता से बाहर थे। संजय कुमार ने इसकी सूचना ड्रग इंस्पेक्टर को दी। ड्रग इंस्पेक्टर तुरंत वहां आने में असमर्थ थे। इसलिए उन्होंने दुकान को मौके पर ही इस शर्त के साथ सील कर दिया कि ड्रग इंस्पेक्टर के आने तक न तो दुकान का सामान हटाएंगे, न दुकान को खोलेंगे और न ही दुकान का सीसीटीवी बंद करेंगे। इसी प्रकार मझिआंव में नौशाद मेडिकल स्टोर के संचालक मजहर अली अंसारी के पास भी थोक विक्रेता वाली अनुज्ञप्ति मिली। जबकि वह रिटेल का काम करते पाए गए। साथ ही प्रतिबंधित दवाओं का भी कारोबार उनके यहां पाया गया। इस संबंध में भी ड्रग इंस्पेक्टर को आवश्यक निर्देश देते हुए एसडीओ ने दवा दुकान को सील कर दिया। ड्रग इंस्पेक्टर कैलाश मुंडा ने बताया कि वह सोमवार को उपरोक्त दोनों मेडिकल स्टोर जाकर संचालकों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करेंगे।

### नाइजर में गिरिडीह के पांच...

के अनुसार, जब ये सभी कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे थे, तभी उनको अगवा किया गया। प्रवासी मजदूर के हित में काम करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने केंद्र सरकार से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर अगवा किए गए लोगों की रिहाई की मांग की है।

फर्जी आधार कार्ड वाले 13...

घुसपैठियों के 'आधार शिविर' बनते जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई में पकड़े गए लोगों के नाम जियाउल शेख, अय्यूब शेख, मनौरूल शेख, सईम शेख, नईम शेख, सामौन शेख, रफीकुल शेख, जाहिर शेख, नसीमा बीबी, मोइनुद्दीन शेख, बरीउल शेख, हलीम शेख और कसूद शेख बताए गए हैं। इन सभी के पास जो आधार कार्ड मिले, उनमें फर्जी विवरण भरे गए थे। उनके आधार कार्ड में साहिबगंज, झारखंड का पता दर्ज है। पकड़े गए लोगों में ज्यादातर के आधार कार्ड में जन्म तिथि 1 जनवरी दर्ज थी, जिससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू हुई, तो उनके मूल रूप से बांग्लादेशी होने का पता चला। पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर झारखंड से बने फर्जी दस्तावेजों के बढ़ते इस्तेमाल पर चिंता जताई। उन्होंने इसे देश की आंतरिक सुरक्षा से खिलवाड़ बताते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सोमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर लिखा, साहिबगंज-झारखंड कनेक्शन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। झारखंड अवैध घुसपैठ का बेस कैंप बनता जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस मामले में गहन जांच शुरू कर दी गई है। फर्जी आधार कार्ड बनाने वालों और झारखंड तथा मुंबई में घुसपैठियों के सहयोगियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। ज्ञात हो कि पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था। घुसपैठ की जांच की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व में याचिकाएं भी दायर की गई हैं।

# बुमराह, शमी और सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इंग्लैंड के लिए मुसीबतें खड़ी करेगी : रवि शास्त्री

**दुबई (आईएएनएस)**



भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि जून में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में फिट हो चुके जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी तिकड़ी इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए घातक साबित होगी। भारत को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण की अनुपलब्धता के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा, क्योंकि मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह दोनों ही चोटिल हो गए थे। इस बीच, बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान संघर्ष करने वाले मोहम्मद सिराज को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम से बाहर कर दिया गया। हालांकि, सिराज ने मौजूदा आईपीएल में शानदार वापसी की है, उन्होंने अब तक आठ मैचों में 12 विकेट लिए हैं, जिससे पता चलता है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, जबकि बुमराह और शमी दोनों अपनी चोटों से पूरी तरह उबर चुके हैं।

यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के नए चक्र की शुरुआत करेगी, जिसमें भारत चैंपियंस ट्रॉफी जीतने से अपनी सफेद गेंद की सफलता के बाद इसमें प्रवेश करेगा। हालांकि, उनकी टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया में अपने पिछले असाइनमेंट में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगी - बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से सीरीज हार जिसने लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया।

## तीन तेज गेंदबाजों के दम पर इंग्लैंड में भारत को दिखी जीत की उम्मीद



शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, "मुझे लगता है कि सिराज, जसप्रीत और मोहम्मद शमी, ये तीनों अगर पूरी तरह से फिट हैं, तो वे इंग्लैंड को ढेरों परेशानियां देंगे। जब आप इन तीनों को फिट कर लेते हैं, तो यह एक बेहतरीन, शीर्ष श्रेणी का तेज गेंदबाजी आक्रमण होता है। और सिराज के बारे में मुझे जो पसंद है, वह यह है कि मुझे खुशी है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्हें चोट लग गई।

### जसप्रीत बुमराह की रफ्तार ने लखनऊ का बिगाड़ा खेल...

# लगातार 5वां मुकाबला जीती मुंबई इंडियंस

**एजेंसी । मुंबई**

आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स ने अबतक 9 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान दोनों को पांच मैचों में जीत मिली। मौजूदा सीजन में दोनों टीमें दूसरी बार आमने-सामने हैं। इससे पहले 5 अप्रैल को दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, जिसमें लखनऊ की टीम ने 12 रनों से जीत हासिल की थी। मुंबई-लखनऊ मैच से जुड़े अपडेट्स के लिए इस पेज को रिफ्रेश करते रहिए।।। टारगेट का पीछा करते हुए लखनऊ सुपरजायंट्स की शुरुआत खराब रही और उसने 18 रनों के स्कोर पर एडेन मार्करम का विकेट गंवा दिया। मार्करम को 'इम्पैक्ट सब' जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। यहां से निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के बीच दूसरे विकेट के लिए 42 रनों की पार्टनरशिप हुई। 7वें ओवर में स्पिनर विल जैक्स ने निकोलस पूरन को आउट करके इस पार्टनरशिप को ब्रेक किया। पूरन ने तीन छक्के और एक चौके की मदद से 15 बॉल पर 27 रन बनाए। जैक्स ने उसी ओवर में कप्तान ऋषभ पंत को भी चलता कर लखनऊ का स्कोर 64/3 कर दिया। यहां से मिचेल मार्श और आयुष बदोनी ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 46 रनों की पार्टनरशिप की। मार्श लय में लग रहे थे, लेकिन ट्रेंट बोल्ट ने उनको अपने जाल में फंसाया। मार्श ने तीन चौके और दो सिक्स की मदद से 24 बॉल पर 34 रन बनाए। बोल्ट ने इसके बाद दूसरे सेट बल्लेबाज बदोनी को भी पवेलियन लौटा दिया। बदोनी ने 22 बॉल पर 35 रनों का योगदान दिया, जिसमें दो चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे। इसके बाद जसप्रीत बुमराह का जादू देखने को मिला। बुमराह ने 16वें ओवर में तीन विकेट चटकाकर लखनऊ की कमर तोड़ दी। बुमराह ने उस ओवर में डेविड मिलर (24), अब्दुल समद (2) और आवेश खान (0) को आउट किया।



## रयान रिकेल्टन व सूर्यकुमार यादव ने जड़े अर्धशतक

मुंबई इंडियंस ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 215 रन बनाए। मुंबई इंडियंस की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही। तीसरे ही ओवर में मुंबई इंडियंस ने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का विकेट खो दिया, जो मयंक यादव की गेंद पर आउट हुए। रोहित ने दो छक्के की मदद से 5 बॉल पर 12 रन बनाए। रोहित के आउट होने के बाद रयान रिकेल्टन और विल जैक्स के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 रनों की पार्टनरशिप हुई। इस पार्टनरशिप के दौरान रिकेल्टन ने 25 गेंदों पर अपनी फिफ्टी की। रिकेल्टन को स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने आउट किया। रयान रिकेल्टन ने 32 बॉल पर 58 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल रहे। रिकेल्टन के आउट होने के बाद सूर्यकुमार यादव और विल जैक्स ने मिलकर 28 रनों की साझेदारी की। मुंबई इंडियंस को तीसरा झटका विल जैक्स (29) के रूप में लगा, जो प्रिंस यादव की गेंद पर बोल्ड हुए। फिर तिलक वर्मा (6) को स्पिनर रवि बिश्नोई ने पवेलियन भेजा। तिलक के आउट होने के समय मुंबई का स्कोर 13 ओवरों में चार विकेट पर 137 रन था। कप्तान हार्दिक पंड्या ने निराश किया और वो सिर्फ 5 रन बनाकर मयंक यादव की गेंद पर बोल्ड हुए। हालांकि विकेटों के गिरने का प्रभाव सूर्यकुमार यादव पर नहीं पड़ा और उन्होंने 27 बॉल पर फिफ्टी जड़ दी। सूर्यकुमार ने 28 बॉल पर 54 रन बनाए, जिसमें चार चौके और इतने ही छक्के शामिल रहे। सूर्यकुमार का विकेट आवेश खान ने लिया। यहां से नमन धीर (25*) और डेब्यूटेंट कॉर्बिन बॉश (20) ने तूफानी बैटिंग करके मुंबई को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

- **विकेट पतन :** 33-1 (रोहित शर्मा, 2.5 ओवर), 88-2 (रयान रिकेल्टन, 8.4 ओवर), 116-3 (विल जैक्स, 11.3 ओवर), 137-4 (तिलक वर्मा, 12.6 ओवर), 157-5 (हार्दिक पंड्या, 15.1 ओवर), 180-6 (सूर्यकुमार यादव, 17.3 ओवर), 208-7 (कॉर्बिन बॉश, 19.4 ओवर)
- लखनऊ सुपर जायंट्स की प्लेइंग-11 में तेज गेंदबाज मयंक यादव की वापसी हुई। मयंक यादव इंजरी के चलते काफी महीनों से क्रिकेटिंग एक्शन से दूर थे। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस ने कॉर्बिन बॉश को मौका दिया। साउथ अफ्रीकी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश का आईपीएल में ये डेब्यू मुकाबला रहा।

# ओलंपिक गोल्फ को बना रहा है आम लोगों का खेल: रोजर बाथर्स्ट

**ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)**

गोल्फ को 100 से अधिक वर्षों के बाद 2016 में ओलंपिक खेलों में शामिल करने से इसे तथाकथित अभिजात्य टैग से बाहर निकालने में मदद मिली है, यह बात आर एंड ए के चेयरमैन (रूल्स) रोजर बाथर्स्ट ने शनिवार को जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजार्ट में आयोजित लेवल 3 टीएआरएस के कर्टन रेजर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। बाथर्स्ट ने कहा, "यहां भारत में लेवल 3 टीएआरएस आयोजित करना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य है। यह दुनिया भर में गोल्फ को बढ़ावा देने के हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।मुझे यह देखकर अच्छा लगता है कि ओलंपिक की वजह से गोल्फ अब केवल अमीरों का खेल नहीं रह गया बल्कि यह आम लोगों का खेल बनता जा रहा है, साथ ही यह खेल तेजी से फैल रहा है।हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि यह खेल दुनिया भर में विस्तार कर रहा है। यही हमारी यहां उपस्थिति और भारत में रेफरी कार्य में मदद करने का मकसद है। "पिछले हफ्ते हम वियतनाम में थे, और दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों के लोगों से बात कर रहे थे। आर एंड ए किसी भी तरह से अगर नियमों की शिक्षा के जरिए खेल को बढ़ावा दे सकता है, तो हम उसे पूरी तरह से लाभकारी मानते हैं।

### धर्मशाला में आईपीएल की तैयारी

# 4 मई से शुरू होंगे मुकाबले, टिकट 1500 से 7500 तक कीमत

**एजेंसी । धर्मशाला**

धर्मशाला का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए तैयार है। यहां 4, 8 और 11 मई को तीन मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला 4 मई को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच शाम 7.30 बजे से होगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने टिकटों की कीमतें तय कर दी हैं। सबसे सस्ती टिकट 1500 रुपए का है। पैवेलियन टैरेस की टिकट 7500 रुपए में मिलेगी। पूर्वी और पश्चिमी स्टैंड की टिकट की कीमत 6 हजार और 5 हजार रुपए हैं। उत्तरी स्टैंड और नॉर्थ पैवेलियन स्टैंड की टिकटें 3750 रुपए में उपलब्ध हैं। वेस्ट स्टैंड टू की 2250 रुपए, नॉर्थ-वेस्ट स्टैंड की 2000 रुपए तथा ईस्ट स्टैंड टू, नॉर्थ वन और ईस्ट टू की टिकटें 1750 रुपए में मिल रहा है।सुरक्षा व्यवस्था के लिए शहर को 6 सेक्टरों में बांटा गया है। करीब एक हजार पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। वाहन पार्किंग के लिए मैदान, फुटबॉल ग्राउंड चरान और दाड़ी मेला ग्राउंड चुने गए हैं। वीवीआईपी पार्किंग साई मैदान में और मीडिया पार्किंग बॉयज स्कूल में होगी।

### महिला मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन

# 14 भारतीय एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में

**अम्मान (आईएएनएस)**

सेमीफाइनल में भाग ले रही 12 महिला अंडर-15 मुक्केबाजों में से नौ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिससे प्रतियोगिता के आठवें दिन एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 14 भारतीयों के लिए फाइनल में जगह पक्की हो गई। दिन का खेल शुरू होने से पहले भारत के लिए 43 पदक पक्के थे, लेकिन भारतीय मुक्केबाजों के फाइनल में जगह पक्की करने के बाद कांस्य पदक रजत और स्वर्ण पदक में बदल गए। महिला अंडर-15 सेमीफाइनल में कोमल (30-33 किग्रा), नव्या (58 किग्रा) और सुनैना (61 किग्रा) ने शानदार आरएससी (रेफरी द्वारा रोकी गई प्रतियोगिता) जीत हासिल की। खुशी अहलावत (35 किग्रा), तमन्ना (37 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा) और त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा) ने स्पष्ट अंकों के



अंतर से जीत दर्ज की। मिल्की मीनम (43 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराकर कड़ी टक्कर दी, जिससे भारत की युवा महिला मुक्केबाजों के लिए यह बेहद सफल दिन रहा। सवि (40 किग्रा) और वंशिका (70+ किग्रा) को फाइनल के लिए बाई मिली थी। पुरुषों की अंडर-15 प्रतियोगिता में, संस्कार विनोद (35 किग्रा) किर्गिस्तान के आर्सेन जोरोबेव पर आरएससी जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने। संस्कार के बाद फाइनल राउंड में रुद्राक्ष सिंह खैदेम (46 किग्रा), अभिजीत (61 किग्रा) और लखसे फोगट (64 किग्रा) शामिल हुए।

# विमेंस ट्राई सीरीज- भारत ने श्रीलंका को हराया

**मुंबई** । श्रीलंका में विमेंस वनडे ट्राई सीरीज का पहला मैच भारत ने जीत लिया। टीम इंडिया ने होम टीम को 9 विकेट से हराया। बारिश के कारण 39-39 ओवर के हुए मैच में श्रीलंका ने 147 रन बनाए। भारत ने 29.4 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से बॉलिंग में स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और एन चरणी को 2-2 विकेट मिले। बैटिंग में प्रतिका रावल ने 50 रन बनाए, वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं। स्मृति मंधाना ने 43 और हरलीन देओल ने 48 रन बनाए। श्रीलंका से इकलौता विकेट इनोका रणवीरा ने लिया। 23 रन पर ही गिर गया था श्रीलंका का पहला विकेट श्रीलंका का पहला विकेट 23 रन के स्कोर पर ही गिर गया। कप्तान चमारी अथापथु 18 गेंद का सामना कर 7 बना कर आउट हो गई। दूसरे विकेट के लिए हासिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा के बीच 38 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप हुई।

### आईपीएल 2025

# अच्छे प्रदर्शन के बावजूद एक खिलाड़ी बना पंजाब किंग्स की कमजोरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 44वां मैच बारिश के कारण बगैर किसी नतीजे के समाप्त हो गया। इस मुकाबले में पंजाब किंग्स की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 201 रनों का स्कोर बनाया था। बारिश के कारण खेल रोके जाने तक कोलकाता नाइट राइडर्स ने एक ओवर में बिना कोई विकेट खोए 7 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश ने मैच नहीं होने दिया और दोनों टीमों को 1-1 अंक मिल गया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में हुए इस मैच में एक अंक मिलने के बाद पंजाब किंग्स की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गई है। मुंबई इंडियंस की टीम अब पांचवें स्थान पर है। वहीं, केकेआर की




टीम ने सिर्फ सात अंक हासिल किए हैं और अंक तालिका में 7वें स्थान पर है। पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी में ओपनिंग बल्लेबाजों के धमाकेदार प्रदर्शन ने विशेष योगदान दिया। प्रियांश आर्या ने 35 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली जिसमें 8 चौके और 4 छक्के लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 49 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर भी 16 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। लेकिन, मध्यम क्रम के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का न चलना पंजाब किंग्स के लिए अभी भी चिंता का विषय है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती, भारत बना ग्लोबल निवेश हब : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



- **विदेशी मुद्रा भंडार में तेज़ बढ़त :** पिछले छह हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ।
- **रुपये को मिली मजबूती :** फॉरेक्स रिजर्व में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को बल मिला, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत का मजबूत विदेशी भंडार और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई जीडीपी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के निवेश को आकर्षित कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में म्यूचुअल फंड मैनेजरों और वित्तीय सलाहकारों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ने कहा, "भारत की ग्रोथ स्टोरी सुरक्षित, संरक्षित और स्थिर है। उन्होंने आगे कहा, "मेक इन इंडिया जैसे इनिशिएटिव्स के माध्यम से हमारा देश अपनी प्रतिस्पर्धी शक्तियों और बढ़ती मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं के दम पर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत हो गया है। केंद्रीय मंत्री गोयल का बयान ऐसे समय पर आया है, जब देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के डेटा के मुताबिक, 18 अप्रैल को समाप्त हुए हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर बढ़कर छह महीने के उच्चतम स्तर 686.15 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। बीते छह हफ्तों में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि से रुपया भी मजबूत हुआ है। पिछले सप्ताह जारी आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है और अगले दो वर्षों में छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र देश हो सकता है। आईएमएफ आउटलुक रिपोर्ट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

# एथर एनर्जी के आईपीओ का सब्सक्रिप्शन खुलने से पहले जीएमपी में आई बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली** । एथर एनर्जी के इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) का सब्सक्रिप्शन खुलने से इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इन्वेस्टरगेनडॉटकॉम के अनुसार, एथर एनर्जी का जीएमपी वर्तमान में लगभग 3 रुपए है, जो इश्यू प्राइस से सिर्फ 0.93 प्रतिशत अधिक है। 22 अप्रैल को एथर एनर्जी के आईपीओ के ऐलान के समय जीएमपी करीब 17 रुपए था, जो अब गिरकर एकल अंक में आ गया है। इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए 304-321 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। निवेशकों को कम से कम 46 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन करना होगा।

# दुनिया में बदल रही भारत की छवि युवा बना रहे नई पहचान : पीएम मोदी

- **आज भारत का युवा साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है।**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि युवा देश के प्रति दुनिया का नजरिया बदलने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही, पूरे विश्व में भारतीय टैलेंट की तारीफ हो रही है। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, "किसी भी देश का भविष्य कैसा होगा, यह उस देश के युवा की रुचि और सोच पर निर्भर करता है। आज भारत का युवा साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। इन युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। उन्होंने आगे कहा कि वह इलाके जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और अन्य कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें नया विश्वास देते हैं। पीएम मोदी ने कहा, "कभी केवल हिंसा और अशांति के लिए जाना जाने वाले छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र इसका एक बड़ा उदाहरण है, जो अब बच्चों और उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि यहां युवा नई टेक्नोलॉजी के बारे में जान रहे हैं और उनसे जुड़े प्रोडक्ट्स बना रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, "यह केंद्र जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है और छात्रों को रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग और इंजीनियरिंग को जानने में मदद करता है। मन की बात कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कुछ समय पहले गुजरात साइंस सिटी में साइंस गैलरी का उद्घाटन किया था। उन्होंने आगे कहा, "ये गैलरी साइंस की क्षमता की एक झलक प्रदान करती हैं और बताती हैं कि साइंस हमारे लिए कितना कुछ कर सकती है। मुझे बताया गया है कि वहां के बच्चे इस केंद्र को लेकर बहुत उत्साहित हैं। विज्ञान और इनोवेशन के प्रति यह बढ़ता आकर्षण निश्चित रूप से भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# तेज गति से चल रहा गंगा एक्सप्रेसवे पर कार्य, करीब 80% निर्माण पूरा

**लखनऊ (आईएएनएस)**



मेरठ से प्रयागराज तक बनाए जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है और इस एक्सप्रेसवे का 79 प्रतिशत निर्माण पूरा हो जा रहा है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की ओर से दी गई। यूपीडा के मुताबिक, गंगा एक्सप्रेसवे का अर्थ वर्क 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है। ग्रेन्यूलर सब बेस (जीएसबी) का कार्य 85 प्रतिशत और डेंस बिटुमिनस मैकाडम (डीबीएम) का कार्य 82 प्रतिशत पूरा हो गया है। इस 594 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे में से 464 किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण अदाणी समूह द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल इस एक्सप्रेसवे को छह लेन का बनाया जा रहा है। भविष्य में इसे आठ लेन का भी बनाया जा सकता है। गंगा एक्सप्रेसवे दिल्ली-एनसीआर में मौजूद और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ को यूपी के पूर्वी छोर पर मौजूद प्रयागराज से जोड़ेगा।

# मार्केट आउटलुक : तिमाही नतीजे, ऑटो सेल्स और आर्थिक आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुझान

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है।



वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे, ऑटो सेल्स, आईआईपी एवं एफआईआई डेटा और आर्थिक आंकड़ों का असर शेयर बाजार पर देखने को मिल सकता है। अगले हफ्ते अदाणी ग्रीन, अदाणी टोटल गैस, केपीआईटी टेक, टीवीएस मोटर्स, अंबुजा सीमेंट्स, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, बीपीसीएल, अदाणी पावर, जेएसडब्ल्यू इंफ्रा और वेदांता जैसी बड़ी कंपनियों की ओर से वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया जाएगा।

इसे अलावा, मार्च के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़े 28 अप्रैल को आएंगे। वहीं, 1 मई को ऑटो सेल्स के आंकड़े आएंगे, जिसका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। वैश्विक स्तर पर अगले हफ्ते अमेरिका की जीडीपी से जुड़े अहम डेटा जारी किए जाएंगे, जिसमें पहली तिमाही का जीडीपी डेटा और जॉबलेस क्लेम शामिल हैं। बीता हफ्ता भारतीय शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब 0.80 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 79,212.53 और 24,039.35 पर बंद हुए।

### "वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया"

# भारत में आईफोन प्रोडक्शन शिफ्ट होने की रिपोर्ट पर बोले केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



दिग्गज अमेरिकी टेक्नोलॉजी कंपनी एप्पल द्वारा अमेरिका को भेजे जाने वाले शिपमेंट की अगले साल से भारत में मैन्युफैक्चर करने की योजना की रिपोर्ट पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि अब मेक इन इंडिया वैश्विक स्तर पर जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक न्यूजपेपर की क्लिप को शेयर करते हुए लिखा, "वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, टेक्नोलॉजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी एप्पल अगले साल तक अमेरिका के लिए आईफोन की पूरी असेंबली भारत में स्थानांतरित करने की योजना बना रही है।